3 राजधानी
सुरक्षा में प्रशिक्षित कर्मियों की कमी

6 अभिमत
भारतीय कूटनीति का बदलता स्वरूप

10 विदेश
सुरंग में विस्फोट कम से कम 19 की मौत

11 राष्ट्रीय
असम सरकार ने गरीबी उन्मूलन योजना शुरू की

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 47
नई दिल्ली, सोमवार, 19 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



कुलदीप के कमाल से पहला टेस्ट भारत ने जीता
स्पोर्ट्स-12

# मेस्सी का सपना पूरा, अर्जेंटीना ने फ्रांस को हराकर विश्व कप जीता

● पेनल्टी शूटआउट में 4-2 के अंतर से 36 साल बाद बना वर्ल्ड चैंपियन

**भाषा।** लुसैल (कतर)

**लियोनेल** मेस्सी के सपने और काइलियान एमबाप्पे की हैट्रिक के बीच झूलते विश्व कप फाइनल में आखिरकार मेस्सी अपने कैरियर का आखिरी तिलिस्म तोड़ने में कामयाब रहे। अर्जेंटीना पेनल्टी शूटआउट में फ्रांस को 4-2 से हराकर 36 साल बाद विश्व चैम्पियन बना। अपना आखिरी विश्व कप खेल रहे मेस्सी की अधूरी ख्वाहिश पूरी हो गई जिससे वह 2014 में चूक गए थे। डिएगो माराडोना (1986) के बाद उन्होंने अपनी टीम को विश्व कप दिलाकर महानतम खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया।





मैदान पर भारी तादाद में जमा दर्शकों और दुनिया भर में टीवी के सामने नजरें गड़ाए बैठे फुटबॉल प्रेमियों की सांसें रोक देने वाले रोमांचक मैच में पासा पल पल पलटता रहा। अर्जेंटीना ने 80वें मिनट तक मेस्सी (23वां मिनट) और एंजेल डि मारियो (36वां मिनट) के गोलों के दम पर 2 . 0 की बढत बना ली थी लेकिन एमबाप्पे ने 80वें और 81वें मिनट में दो गोल करके मैच को अतिरिक्त समय तक खिंच दिया। अतिरिक्त समय में मेस्सी ने 108वें मिनट में गोल दागा तो एमबाप्पे ने दस मिनट बाद फिर बराबरी करके मैच को पेनल्टी शूटआउट में खींच दिया। शूटआउट में सब्स्टीट्यूट गोंजालो मोंटिएल ने निर्णायक पेनल्टी पर गोल दागा जबकि फ्रांस के किंग्स्ले कोमैन और ओरेलिएन चोउआमेनी गोल करने से चूक गए। मैच में लियोनेल मेस्सी की अगुवाई में अर्जेंटीना ने गत चैम्पियन फ्रांस के खिलाफ विश्व कप फाइनल में हाफटाइम तक 2-0 से बढत बना ली थी। मेस्सी ने 23वें मिनट में पेनल्टी किक पर गोल किया। इसके 13 मिनट बाद एंजेल डि मारिया ने दूसरा गोल दागा। मेस्सी के अब विश्व कप में पेले के समान 12 गोल हो गए हैं। वह एक ही विश्व कप में ग्रुप चरण और नॉकआउट चरण के हर मैच में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। मेस्सी का यह रिकॉर्ड 26वां विश्व कप मैच है और उन्होंने जर्मनी के लोथार मथाउस का रिकॉर्ड तोड़ा। वह 2006 से अब तक पांच विश्व कप में 11 गोल कर चुके हैं। इस बीच, काइलियान एमबाप्पे ने एक मिनट के भीतर दो गोल करके अर्जेंटीना की बढत उतारते हुए फ्रांस की विश्व कप फाइनल में चमत्कारिक वापसी कराई और निर्धारित समय तक स्कोर 2-2 से बराबर रहने पर मैच अतिरिक्त समय में खिंच गया था। एमबाप्पे ने पहले 80वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया और एक मिनट बाद दूसरा गोल करके स्कोर 2-2 कर दिया। इससे पहले अर्जेंटीना ने 80 मिनट तक 2-0 की बढत बना ली थी और लग रहा था कि लियोनेल मेस्सी अपने आखिरी विश्व कप में खिताब जीतने का सपना पूरा करने की ओर बढ रहे हैं। लेकिन एमबाप्पे ने अर्जेंटीना के साथ दुनिया भर में टीवी के सामने नजरें गड़ाए बैठे दर्शकों खासकर मेस्सी समर्थकों को स्तब्ध कर दिया।

अर्जेंटीना के लिए मेस्सी ने 23वें मिनट में पेनल्टी किक पर गोल किया। इसके 13 मिनट बाद एंजेल डि मारिया ने दूसरा गोल दागा था। मेस्सी के अब विश्व कप में पेले के समान 12 गोल हो गए हैं। वह एक ही विश्व कप में ग्रुप चरण और नॉकआउट चरण के हर मैच में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। मेस्सी का यह रिकॉर्ड 26वां विश्व कप मैच है और उन्होंने जर्मनी के लोथार मथाउस का रिकॉर्ड तोड़ा। वह 2006 से अब तक पांच विश्व कप में 12 गोल कर चुके हैं। इससे पहले लियोनेल मेस्सी की अगुवाई में अर्जेंटीना ने गत चैम्पियन फ्रांस के खिलाफ विश्व कप फाइनल में हाफटाइम तक 2-0 से बढत बना ली थी। मेस्सी ने 23वें मिनट में पेनल्टी किक पर गोल किया। इसके 13 मिनट बाद एंजेल डि मारिया ने दूसरा गोल दागा। मेस्सी के अब विश्व कप में पेले के समान 12 गोल हो गए हैं। वह एक ही विश्व कप में ग्रुप चरण और नॉकआउट चरण के हर मैच में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। मेस्सी का यह रिकॉर्ड 26वां विश्व कप मैच है और उन्होंने जर्मनी के लोथार मथाउस का रिकॉर्ड तोड़ा। वह 2006 से अब तक पांच विश्व कप में 11 गोल कर चुके हैं।

## पूर्वोत्तर के विकास में आई बाधाओं को दूर किया: मोदी

● बेहतर हवाई सेवाओं से कृषि उत्पाद के निर्यात में मदद मिल रही और किसानों को हो रहा फायदा

● पीएम ने एनईसी की स्वर्ण जयंती के मौके पर कई परियोजनाओं का उद्घाटन और उनकी नींव भी रखी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/शिलांग



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार ने आठ साल के कार्यकाल में पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास की राह में आई सभी बाधाओं को दूर कर दिया है।

पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) की स्वर्ण जयंती के मौके पर यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में प्रदान की गई बेहतर हवाई सेवाओं से कृषि उत्पाद के निर्यात में मदद मिल रही है जिससे किसानों को फायदा पहुंच रहा है।

कतर में फीफा विश्व कप के फाइनल मुकाबले से पहले मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार ने पूर्वोत्तर के विकास की राह में आई कई बाधाओं को रेड कार्ड दिखाया है। प्रधानमंत्री ने अपने 26 मिनट के भाषण में कहा, भ्रष्टाचार, भेदभाव, हिंसा और वोटबैंक की राजनीति जैसी बाधाओं को हटाया गया। मोदी ने कहा, पहले पूर्वोत्तर को बांटने के प्रयास किए गए लेकिन अब हम इस तरह के प्रयासों को रोक रहे हैं।

उन्होंने कई परियोजनाओं का उद्घाटन और उनकी नींव भी रखी। जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया उनमें न्यू शिलांग टाउनशिप में भारतीय (शेष पेज 8)

## कंगना ने संसद परिसर में शूटिंग की इजाजत मांगी

● अपनी फिल्म 'इमरजेंसी' के लिए अनुमति चाहती हैं, रनौत का पत्र विचाराधीन, मंजूरी मिलने की संभावना कम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**अभिनेत्री** कंगना रनौत ने संसद परिसर के अंदर अपनी फिल्म इमरजेंसी की शूटिंग के लिए लोकसभा सचिवालय से अनुमति मांगी है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी है। सूत्रों ने बताया कि रनौत का पत्र विचाराधीन है लेकिन उन्हें इजाज़त मिलने की संभावना नहीं है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा सचिवालय को लिखे पत्र में रनौत ने अनुरोध किया है कि उन्हें संसद परिसर के अंदर आपातकाल पर आधारित फिल्म की शूटिंग करने की अनुमति दी जाए। आम तौर पर, निजी संस्थाओं को संसद परिसर के अंदर शूटिंग या वीडियो बनाने की अनुमति नहीं दी जाती है। सूत्रों ने कहा कि किसी आधिकारिक या सरकारी काम के लिए शूटिंग की जा रही हो तो अलग बात है। उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से सरकारी प्रसारक, दूरदर्शन और संसद टीवी को संसद के अंदर कार्यक्रमों की शूटिंग करने की इजाज़त है। सूत्रों ने कहा कि किसी निजी पक्ष को संसद के अंदर निजी काम की शूटिंग करने की इजाज़त दिए जाने की कोई मिसाल नहीं है।

इमरजेंसी की शूटिंग इस साल जून में शुरू हुई थी। फिल्म का निर्देशन रनौत कर रही हैं। इसके अलावा वह स्वयं फिल्म की लेखक और निर्माता (शेष पेज 8)

## चीन को लेकर सरकार पर हमलावर हुए केजरीवाल

● आप संयोजक ने कहा- चीन हमले कर रहा है और केंद्र आयात बढ़ाकर उसे दे रहा इनाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**अरुणाचल** प्रदेश के तवांड सेक्टर में चीन के साथ ताजा झड़प के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने केंद्र पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे समय जब पड़ोसी देश हमले कर रहा है, केंद्र सरकार आयात बढ़ाकर बीजिंग को इनाम बख्श रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से देश के सैनिकों के लिए कुछ दम और सम्मान दिखाने को कहा।

पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि सीमा पर चीन की आक्रामकता बढ़ रही है, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार कहती है, सब कुछ ठीक है। केजरीवाल ने कहा कि क्या हमारे जवानों के लिए आपके मन में कोई सम्मान नहीं है? थोड़ा दम दिखाओ। यदि भारत ने आयात बंद कर दिया तो चीन को औकात पता चल जाएगी। आप की राष्ट्रीय परिषद की बैठक राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को आयोजित हुई।

इसमें गुजरात, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली एमसीडी चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा की गई। केजरीवाल ने बैठक में राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में पार्टी के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों पर चर्चा की। उन्होंने चीन के साथ झड़प का जिक्र करते हुए कहा कि यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है, जो पिछले कुछ दिनों से देश के हर व्यक्ति को पीड़ा दे रहा है। पिछले कुछ वर्षों से चीन घुसपैठ कर रहा है। हमारे देश के सैनिक उनके साथ मजबूती से लड़ते हैं और यहां तक ??कि अपने प्राणों की आहूति भी देते हैं। इन सबके बावजूद भारत पड़ोसी चीन के साथ अपना व्यापार लगातार बढ़ा रहा है। आयात का विवरण देते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि 2020-21 में चीन से 65 बिलियन डॉलर का आयात किया गया और 2021-22 में यह बढ़कर 95 बिलियन डॉलर हो गया। उन्होंने कहा कि जिस दिन हम 95 अरब डॉलर का आयात बंद कर देंगे, चीन सबक सीखेगा। उन्होंने (शेष पेज 8)

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,337 | |
| निफ्टी | 18,269 | |
| सोना | 54,222 | /10g |
| चांदी | 68,001 | /kg |

### क्विक न्यूज

**भारत जोड़ो यात्रा में हिस्सा लेंगे अभिनेता कमल हासन**

**नई दिल्ली/चेन्नई।** अभिनेता और मक्कल नीधि मय्यम (एमएनएम) के अध्यक्ष कमल हासन ने रविवार को कहा कि वह 24 दिसंबर को दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा में हिस्सा लेंगे। पार्टी के अनुसार, हासन ने यहां पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें राहुल गांधी ने यात्रा में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया है। एमएनएम के प्रवक्ता मुरली अप्पास ने बताया कि हासन के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता राष्ट्रीय राजधानी में गांधी की यात्रा में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे नेता ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। हासन की अध्यक्षता में रविवार को यहां एमएनएम की प्रशासनिक व कार्यकारी समिति व जिला सचिवों की बैठक हुई।

## झारखंड में पत्नी की हत्या कर शव के टुकड़े-टुकड़े किए

● विभिन्न इलाकों में फेंके, पुलिस ने आरोपी पति को किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** झारखंड

**झारखंड** के साहिबगंज जिले में एक व्यक्ति को उसकी पत्नी के शव टुकड़े-टुकड़े कर जिले के विभिन्न इलाकों में फेंके जाने आरोप में रविवार को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में श्रद्धा वालकर हत्याकांड की तर्ज पर इस मामले से स्थानीय लोगों हैरान हैं। अधिकारी ने बताया कि 22 वर्षीय पीड़िता रूबिका पहाड़िया 28 वर्षीय दिलदार अंसारी की दूसरी पत्नी थी जो आदिम पहाड़िया जनजाति से थी। स्थानीय निवासियों ने जिले के बोरिया इलाके में पीड़ित के शव के टुकड़ों को देखा, जिन्हें कुत्ते खींच रहे थे और बाद में पुलिस को मामले के बारे में सूचित किया गया। साहिबगंज के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अनुरंजन किस्पोट्टा ने बताया कि दिलदार अंसारी ने रूबिका पहाड़िया से प्रेम विवाह किया था, लेकिन उनमें अक्सर विवाद होता रहता था।

दो से तीन दिनों पूर्व आपसी विवाद के बाद अंसारी ने रूबिका की हत्या कर दी और शव के टुकड़े कर दिए। किस्पोट्टा ने बताया कि पुलिस को सबसे पहले रूबिका के परिजनों ने उसके गायब होने की सूचना दी थी जिसके बाद उसकी तलाश प्रारंभ की गई। बोरियो के थाना प्रभारी जगन्नाथ पान ने बताया, जिले के विभिन्न हिस्सों से शव के कम से कम 13 टुकड़े बरामद किए गए थे। जांच करने पर पाया (शेष पेज 8)

## कोविड फिर रूस-यूक्रेन जंग से तिरुपुर का धंधा चौपट

● यूरोप और अमेरिका में छायी मंदी के कारण तमिलनाडु के पांचवे सबसे बड़े नगर के रेडीमेड कपड़ा उद्योग को नहीं मिल रहे ग्राहक

**कुमार चेलप्पन।** तिरुपुर (तमिलनाडु)





**यूरोप** और अमेरिका की अर्थव्यवस्था में आई मंदी का असर भारत के तटीय राज्य तमिलनाडु तक देखने को मिल रहा है। कैजुअल (सादा) कपड़ों की इकाइयों के लिए मशहूर एवं राज्य की अर्थव्यवस्था के जुड़वा इंजनों में से एक तिरुपुर (दूसरा कोयम्बटूर) शहर के लगभग आठ लाख घरों में मायूसी छायी है। रूस और यूक्रेन युद्ध के चलते अमेरिका और यूरोपीय ग्राहकों ने कैजुअल कपड़ों के ऑर्डर रद्द करा दिए हैं।

साल 2019-20 में कोविड-19 की मार से तिरुपुर का कपड़ा उद्योग अब धीरे-धीरे उबर ही रहा था कि रूस द्वारा यूक्रेन में तोप के गोलों की बरसात होने लगी, जिनसे भारत का यह सुदूर शहर भी दहल गया। तिरुपुर को भारत की बुने हुए कपड़ों की राजधानी कहा जाता है। यहां देश में निर्मित कुल रेडीमेड परिधानों का 55 प्रतिशत उत्पादन होता है। तिरुपुर एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के कार्यकारी सचिव एस सक्थिवेल कहते हैं कि तिरुपुर में रेडीमेड कपड़ों के 1,200 से अधिक कारखाने हैं और देश के कुल रेडीमेड कपड़ा निर्यात में इसका 13 प्रतिशत हिस्सा है। सक्थिवेल क्रिसमस और थैंक्स गिविंग के मौके पर अपने विदेशी ग्राहकों से ऑर्डर मिलने का इंतजार कर रहे हैं। यहां की निर्माण इकाइयों के लिए लाभ कमाने का यह विशेष अवसर होता है। इसके बावूजद इस बार मायूसी छायी है। सक्थिवेल का कहना है कि महामारी और फिर युद्ध के कारण विकसित देशों की क्रय शक्ति लगभग समाप्त हो गई है। इन देशों में भोजन, बिजली और विभिन्न सामानों की मासिक किस्तें चुकाना ही लोगों के लिए चुनौतीपूर्ण हो गया है।

कपड़ों पर खर्च अब पहले की तरह प्राथमिकता सूची में नहीं रह गया है। पश्चिमी देशों में नए कपड़ों की मांग अमूमन अक्टूबर से जनवरी के दौरान बढ़ जाती है। तिरुपुर के प्रमुख निर्यातकों में शुमार उद्यमी जे मिल्टन बताते हैं कि उन्होंने पिछले 25 वर्षों में कपड़ों की मांग में इतनी अधिक गिरावट नहीं देखी है। यूरोपीय लोगों के ट्रेंड के बारे में बात करते हुए मिल्टन कहते हैं कि वहां लोग पांच बार धुलाई होने के बाद कपड़ों को फेंक देते हैं और नए खरीद लेते हैं, लेकिन क्रय शक्ति कम होने के चलते अब वे कम से कम 30 बार धुलाई होने तक कपड़ों का पीछा नहीं छोड़ते। हालात किस कदर खराब हो चुके हैं इसका उदाहरण देते हुए सक्तिवेल कहते हैं कि पूर्व में प्रत्येक विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में शामिल होने वाले खिलाड़ी और उनके प्रशंसक तिरुपुर निर्मित जर्सी पहने दिखते थे। इस बार किसी टीम से ऑर्डर नहीं मिला। बड़ी निराशा से वह कहते हैं, इससे अधिक और क्या कहा जा सकता है। एक अन्य प्रमुख उद्यमी कुमार दुरईस्वामी का कहना है कि तिरुपुर आर्थिक मंदी की सूनामी का शिकार हो गया है।

कपड़ों की बिक्री में 64 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। कब से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन विदेशी ग्राहक माल का ऑर्डर नहीं दे रहे हैं। वित्तीय संस्थानों ने ऋण देना बंद कर दिया है। इससे उनका संकट और बढ़ गया है। मुद्रा बाजार के सख्त रवैये के चलते दुकानदारों को प्रति माह 400 डॉलर का नुकसान उठाना पड़ रहा है। वह कहते हैं कि यदि ऐसे में केंद्र और राज्य सरकार मदद का हाथ बढ़ाए तो उद्योग की सांसें लौट सकती हैं। कपड़ा मिल के मालिक और पूर्व लोकसभा सदस्य सीपी राधाकृष्णन का मानना (शेष पेज 8)

# नोएडा एक्सप्रेस-वे पर दो बसों की टक्कर, 3 की मौत

● मध्यप्रदेश के शिवपुरी और यूपी के प्रतापगढ़ से यात्रियों को लेकर जा रही थी दिल्ली

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा हो गया। नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में एक बस ने दूसरी बस में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में एक बस में सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 13 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद घटना स्थल पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात सुचारु कराया। घटना रविवार सुबह 5 बजे की है।

दरअसल, प्रतापगढ़ से एक बस यात्रियों को लेकर दिल्ली आ रही थी। वहीं, दूसरी बस एमपी के शिवपुरी से आ रही थी। नोएडाग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर सेक्टर-157 के पास आवर टेक करने में प्रतापगढ़ वाली बस ने एमपी के शिवपुरी से आ रही बस में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बसों में सवार 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 13 घायल हो गए।

सूचना पर ग्रेटर नोएडा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया। पुलिस टीम ने दोनों बसों में फंसे लोगों को निकालकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने तीन को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य 13 घायलों का उपचार चल रहा है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का आधा हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस के मुताबिक यातायात सुचारु तरीके से संचालित किया जा रहा है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक विधिक कार्रवाई की जा रही है। हादसे की वजह को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। यात्रियों के अनुसार, हादसा ओवरटेक करने की वजह से हुआ है। जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय आधे से ज्यादा लोग बस में सो रहे थे।

बस में चीख.पुकार मचने के बाद आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस की मदद से सभी को बाहर निकाला और एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया।

## ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आए बच्चे की मौत

*नोएडा। दादरी के कटेहरा मोड़ पर शनिवार दोपहर बाद ट्यूशन पढ़ कर लौट रहे तीसरी क्लास के छात्र को ट्रैक्टर ट्रॉली ने रौंद दिया। हादसे में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद परिजनों ने उसे नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया। स्थिति ज्यादा गंभीर होने के कारण वहां से दिल्ली एम्स के लिए रेफर कर दिया गया। जहां पर रविवार को इलाज के दौरान छात्र की मौत हो गई। दादरी कस्बे के कठेड़ा मोड़ पर शनिवार दोपहर तीसरी क्लास की नई आबादी निवासी छात्र फहाद अली 9 ट्यूशन पढ़ कर लौट रहा था। तभी वहां से गुजर रही ट्रैक्टर ट्रॉली ने छात्र को रौंद दिया।*

## दिल्ली एयरपोर्ट जा रहे मां-बेटे की कार हादसे का शिकार, पांच घायल

**नोएडा।** नोएडा एक्सप्रेसवे पर सुबह 6:00 एक और बड़ा हादसा हुआ। इस हादसे में अर्टिगा गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें 5 लोग सवार थे। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है। जहां पर उनकी हालत खतरे से बाहर है।

पुलिस ने इस मामले में शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मां और बेटे कनाडा जा रहे थे। जो गाड़ी हादसे का शिकार हुई, उसमें बेटा मौजूद था और पीछे जो दूसरी गाड़ी आ रही थी। उसमें मां बैठी हुई हुई। दोनों गाड़ियों में परिवार के लोग मौजूद थे।

थाना एक्सप्रेसवे के प्रभारी ने बताया कि मूलरूप से बुलंदशहर के रहने वाले गौरव शर्मा, साहिल, अभिनव शर्मा, मानव मित्तल और प्रशांत समेत सात लोग दो गाड़ी में सवार होकर दिल्ली एयरपोर्ट की तरफ जा रहे थे। इनमें से एक युवक को कनाडा जाना था।

सभी लोग युवक को कनाडा फ्लाइट के लिए छोड़ने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट जा रहे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि बुलंदशहर से दिल्ली जाते समय नोएडा सेक्टर-129 के पास इनकी अर्टिगा गाड़ी अनियंत्रित हो गई।

गाड़ी क्रैश बीम बैरियर से टकराते हुए पलट गई। इस हादसे में गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने बताया कि दूसरी गाड़ी में



सवार लोगों ने पांचों लोगों को इलाज के लिए हॉस्पिटल में एडमिट करवाया है। दूसरी गाड़ी में महिलाएं मौजूद थी। पुलिस के मुताबिक मानव मित्तल और प्रशांत का जेपी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

इसके अलावा गौरव शर्मा, साहिल और अभिनव शर्मा का अपोलो अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि क्षतिग्रस्त गाड़ी को एक्सप्रेसवे से हटा दिया गया है। हादसा होने के बाद थोड़ी देर के लिए यातायात प्रभावित हो गया था, लेकिन अब सब सामान्य चल रहा है।

मामले की जानकारी पीड़ित परिजनों को दे दी गई है। सूचना मिलने के बाद पीड़ित परिजन मौके पर पहुंच गए हैं।

इस घटना में पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है। अपोलो और जेपी अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि पांच लोगों की हालत खतरे से बाहर है।

# छह रेसिंग बाइक जब्त, सैकड़ों चालकों को बॉर्डर से लौटाया

● नोएडा की सड़को पर स्टंट करने वाले बाइकर्स पर पुलिस कसी नकेल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

रविवार की सुबह नोएडा पुलिस और ट्रैफिक पुलिस ने शहर में स्पीड बाइक से रेसिंग व स्टंटबाजी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की है।

दिल्लीसे शहर में घुसने की कोशिश कर रहे करीब स्टंटबाज बाइकर्स को डीएनडी और चिल्ला बॉर्डर पार नहीं करने दिया। छह बाइकर पुलिस को गच्चा देकर शहर में घुसने में कामयाब हो गए। उन्हें थाना सेक्टर-39 पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने 6 स्पीड बाइक सीज की हैं। गौतमबुद्ध नगर के पुलिस उपायुक्त यातायात ने साफ तौर पर कहा है कि ऐसे लोगों को शहर में नहीं घुसने दिया जाएगा। अगर कोई बाइकर ओवर स्पीडिंग या स्टंट करते हुए पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। रविवार की सुबह 5:00 बजे से ही नोएडा ट्रैफिक पुलिस डीएनडी पर चौकस हो गई। दिल्ली की ओर से रेसिंग और स्पीड बाइक लेकर आ रहे बाइकर्स को रोका गया और वापस भेज दिया



गया। आपको बता दें कि हर रविवार की सुबह बड़ी संख्या में दिल्ली.एनसीआर के बाइकर्स नोएडा एक्सप्रेसवे से होते हुए यमुना एक्सप्रेसवे पहुंचते हैं। वहां बाइक रेसिंग करते हैं। जिसकी वजह से कई बार हादसे हो चुके हैं।

दूसरे वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि बाइकर्स को यमुना एक्सप्रेसवे पर ओवर स्पीड में बाइक चलाने और स्टंट आदि करने से रोकने के लिए रविवार की सुबह अभियान चलाया गया है। गौतमबुद्ध नगर के डीसीपी ट्रैफिक गणेश साहा ने कहा कि हर रविवार की सुबह दिल्ली और एनसीआर के दूसरे शहरों से बड़ी संख्या में युवा स्पीड बाइक्स लेकर शहर में दाखिल होते हैं। यह लोग नोएडा.ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे से होते हुए ग्रेटर नोएडा जाते हैं। वहां यमुना एक्सप्रेसवे पर जाकर ओवर स्पीड में बाइक दौड़ाते हैं। स्टंटबाजी करते हैं। पूर्व में कई हादसे हुए हैं।


Piramal Capital & Housing Finance

पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई – 400 070
सीआईएन : एल65910एमएच1984पीएलसी032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com
शाखा पता : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)–400 602

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) [पूर्वतः दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के नाम से ज्ञात] का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, पीसीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां पीसीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|
| (गुरूग्राम शाखा का एलसी नंबर : 13000002119) संजीब भूनिया (कर्जदार) दीपा भूनिया (सह–कर्जदार 1) | 14–11–2022/रू. 65,89,353/– (रूपए पैंसठ लाख नवासी हजार तीन सौ तिरेपन मात्र) एनपीए (30–04–2021) | प्राइवेट नंबर 08, (फ्लैट नंबर ई–104 के नाम से ज्ञात), तृतीय तल (एल.एच.एस.) ब्लॉक ई एवं एफ पुराना लाल डोरा ग्राम ककरोला, नई दिल्ली, दिल्ली–110059 |
| (रोहिणी शाखा का एलसी नंबर : 09200001462) लव कुमार (कर्जदार) शर्मिष्ठा (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2022/रू. 21,12,018/– (रूपए इक्कीस लाख बारह हजार अठारह मात्र) एनपीए (09–08–2022) | प्लॉट नंबर पी–36, तृतीय तल, गली नंबर 5, बिहारी कालोनी, शाहदरा, दिल्ली, नई दिल्ली– 110032 |
| (नेताजी सुभाष प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 25500000970) अभिषेक दुबे (कर्जदार) अजितेश दुबे (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2022/रू. 61,75,172/– (रूपए इकसठ लाख पचहत्तर हजार एक सौ बहत्तर मात्र) एनपीए (09–09–2022) | प्लॉट नंबर सी–3, म्युनिसिपल नंबर 27–ए, तृतीय तल, छत सहित, पश्चिमी हिस्सा, प्लॉट नंबर बी–13, शारदा पुरी, दिल्ली, नई दिल्ली– 110015 |
| (नई दिल्ली वेस्ट शाखा का एलसी नंबर : 09600001428) रूप चन्द (कर्जदार) सुमन देवी (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2022/रू. 16,53,382/– (रूपए सोलह लाख तिरेपन हजार तीन सौ बयासी मात्र) एनपीए (09–08–2022) | सम्पत्ति सं. आरजैड–17/258, प्रथम तल, खसरा नंबर 258, वेस्ट सागरपुर, ग्राम नासिरपुर, नई दिल्ली– 110046 |
| (नेताजी सुभाष प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 25500001833) सौरव कुमार पाठक (कर्जदार) त्रिवेणी देवी (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2022/रू. 19,18,640/– (रूपए उन्नीस लाख अठारह हजार छह सौ चालीस मात्र) एनपीए (09–08–2022) | एच. नंबर एफ–14 बी, रियर आरएचएस, तृतीय तल छत के साथ, ब्लॉक–एफ, खसरा नंबर 655, सुदर्शन पार्क, दिल्ली, नई दिल्ली– 110015 |
| (कनॉट प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 13300001066) मनोज मित्तल (कर्जदार) वनिता (सह–कर्जदार 1) तमन्ना मित्तल (सह–कर्जदार 2) | 08–11–2022/रू. 19,52,083/– (रूपए उन्नीस लाख बावन हजार तिरासी मात्र) एनपीए (09–09–2022) | प्लॉट नंबर 1, प्रथम तल, बैक साइड, केएच. नंबर 79/15, ग्राम हस्तसाल, ओम विहार फेज–III, उत्तम नगर, नई दिल्ली– 110059 |
| (गाजियाबाद शाखा का एलसी नंबर : 07700000367) स्वप्ना मिश्रा (कर्जदार) | 08–11–2022/रू. 8,83,276/– (रूपए आठ लाख तिरासी हजार दो सौ छहत्तर मात्र) एनपीए (30–09–2021) | फ्लैट नंबर एम–607, छठा तल, ब्लॉक–एम, ग्रैंड सवाना, केडीपी ग्रुप, एनएच–58, नूर नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201011 |
| (गाजियाबाद शाखा का एलसी नंबर : 07700001415) स्वप्ना मिश्रा (कर्जदार) | 08–11–2022/रू. 6,208/– (रूपए छह हजार दो सौ आठ मात्र) एनपीए (30–09–2021) | फ्लैट नंबर एम–607, छठा तल, ब्लॉक–एम, ग्रैंड सवाना, केडीपी ग्रुप, एनएच–58, नूर नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201011 |
| (नई दिल्ली वेस्ट शाखा का एलसी नंबर : 09600000636) शिशिर जायसवाल (कर्जदार) आकांशा जायसवाल (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2022/रू. 13,09,159/– (रूपए तेरह लाख नौ हजार एक सौ उनसठ मात्र) एनपीए (03–09–2014) | केएच. नंबर 217/1, फ्लैट नंबर एस–305, तृतीय तल, ग्राम कंडोली, परगना पचवादून, देहरादून, उत्तरांचल–248001 |
| (नई दिल्ली वेस्ट शाखा का एलसी नंबर : 09600000637) शिशिर जायसवाल (कर्जदार) आकांशा जायसवाल (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2022/रू. 13,09,159/– (रूपए तेरह लाख नौ हजार एक सौ उनसठ मात्र) एनपीए (03–09–2014) | केएच. नंबर 217/1, फ्लैट नंबर एस–306, तृतीय तल, ग्राम कंडोली, परगना पचवादून, देहरादून, उत्तरांचल–248001 |
| (नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 13100001281) शशि कांत मिश्रा (कर्जदार) कविता मिश्रा (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2022/रू. 3,57,356/– (रूपए तीन लाख सत्तावन हजार तीन सौ छप्पन मात्र) एनपीए (09–08–2022) | सम्पत्ति सं. 271, द्वितीय तल, भाई परमानंद कालोनी, डा. मुखर्जी नगर, नई दिल्ली–110009 |
| (नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 13100001306) शशि कांत मिश्रा (कर्जदार) कविता मिश्रा (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2022/रू. 3,91,454/– (रूपए तीन लाख इक्यानवे हजार चार सौ चौवन मात्र) एनपीए (09–08–2022) | सम्पत्ति सं. 271, द्वितीय तल, भाई परमानंद कालोनी, डा. मुखर्जी नगर, नई दिल्ली–110009 |
| (नेताजी सुभाष प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 25500001814) मुकेश शर्मा (कर्जदार) रीना शर्मा (सह–कर्जदार 1) रीयल इमैजिन ऐंड रिसर्च सेंटर एलएलपी (सह–कर्जदार 2) | 08–11–2022/रू. 25,99,731/– (रूपए पच्चीस लाख निन्यानवे हजार सात सौ इकतीस मात्र) एनपीए (09–08–2022) | सम्पत्ति सं. 267, खसरा नंबर 648, ग्राम सबोली, ब्लॉक–बी, मेन शुक्र चौक, अशोक नगर, शाहदरा, दिल्ली, नई दिल्ली– 110093 |
| (दिल्ली–सफदरजंग शाखा का एलसी नंबर : 19600042715) मुकेश शर्मा (कर्जदार) रीमा शर्मा (सह–कर्जदार 1) रीयल इमेजिंग ऐंड रिसर्च सेंटर एलएलपी (सह–कर्जदार 2) | 08–11–2022/रू. 15,21,591/– (रूपए पंद्रह लाख इक्कीस हजार पांच सौ इक्यानवे मात्र) एनपीए (09–08–2022) | सम्पत्ति सं. 267, खसरा नंबर 648, ग्राम सबोली, ब्लॉक–बी, मेन शुक्र चौक, अशोक नगर, शाहदरा, दिल्ली, नई दिल्ली– 110093 |
| (दिल्ली–सफदरजंग शाखा का एलसी नंबर : 19600042666) धरम पाल बग्गा (कर्जदार) ज्योति चौहान (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2022/रू. 55,01,403/– (रूपए पचपन लाख एक हजार चार सौ तीन मात्र) एनपीए (09–08–2022) | सम्पत्ति सं. सी–30, प्रथम द्वितीय तृतीय तल, ब्लॉक–सी, प्लॉट नंबर 30, न्यू गोविंदपुरा, खुरेजी खास, शाहदरा, दिल्ली, नई दिल्ली– 110051 |
| (दिल्ली–सफदरजंग शाखा का एलसी नंबर : 19600043030) धरम पाल बग्गा (कर्जदार) ज्योति चौहान (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2022/रू. 14,65,133/– (रूपए चौदह लाख पैंसठ हजार एक सौ तेतीस मात्र) एनपीए (09–08–2022) | सम्पत्ति सं. सी–30, प्रथम द्वितीय तृतीय तल, ब्लॉक–सी, प्लॉट नंबर 30, न्यू गोविंदपुरा, खुरेजी खास, शाहदरा, दिल्ली, नई दिल्ली– 110051 |
| (नई दिल्ली वेस्ट शाखा का एलसी नंबर : 09600001578) अतुल गुप्ता (कर्जदार) दीपाली गुप्ता (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2022/रू. 20,11,277/– (रूपए बीस लाख ग्यारह हजार दो सौ सतहत्तर मात्र) एनपीए (09–09–2022) | प्लॉट नंबर जी–1/4, फ्लैट नंबर टी–6 टीएफ बिना छत, निकट आईसीआईसीआई बैंक जी–1, माडल टाउन, दिल्ली, नई दिल्ली–110007 |
| (नई दिल्ली वेस्ट शाखा का एलसी नंबर : 09600001605) अतुल गुप्ता (कर्जदार) दीपाली गुप्ता (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2022/रू. 8,97,268/– (रूपए आठ लाख सत्तानवे हजार दो सौ अड़सठ मात्र) एनपीए (09–09–2022) | प्लॉट नंबर जी–1/4, फ्लैट नंबर टी–6 टीएफ बिना छत, निकट आईसीआईसीआई बैंक जी–1, माडल टाउन, दिल्ली, नई दिल्ली–110007 |
| (रोहिणी शाखा का एलसी नंबर : 09200001597) अमर सिंह (कर्जदार) राम देवी (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2022/रू. 16,74,298/– (रूपए सोलह लाख चौहत्तर हजार दो सौ अठ्ठानवे मात्र) एनपीए (04–01–2021) | प्लॉट नंबर 9/4677, खसरा नंबर 478/153, गली नंबर 1, अजीत नगर, ग्राम सीलमपुर, गांधी नगर, दिल्ली, नई दिल्ली–110031 |
| (नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 11900002038) स्वामी लैबोरेट्रीज प्रा. लि. (कर्जदार) विनोद बजाज (सह–कर्जदार 1) संयोग बजाज (सह–कर्जदार 2) कंचन बजाज (गारंटर 1) पारस बजाज (गारंटर 2) पूजा बजाज (गारंटर 3) | 08–11–2022/रू. 7,42,041/– (रूपए सात लाख बयालीस हजार इकतालीस मात्र) एनपीए (03–02–2021) | प्लॉट नंबर जे–28, सेक्टर–11, निकट मदर डेरी सेक्टर–11, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201301 |
| (गुरूग्राम शाखा का एलसी नंबर : 13000002701) सिद्धार्थ एजूकेशनल ऐंड वेल्फेयर सोसायटी (कर्जदार) अमित राणा (सह–कर्जदार 1) शीतल राणा (सह–कर्जदार 2) साकार एजूकेशनल ट्रस्ट (गारंटर 1) नेचर क्योर ऐंड योग ट्रस्ट (गारंटर 2) राघवन मुरलीधरन नायर (गारंटर 3) | 04–11–2022/रू. 9,29,69,711/– (रूपए नौ करोड़ उन्तीस लाख उनहत्तर हजार सात सौ ग्यारह मात्र) एनपीए (09–08–2022) | बाबू नेचर ऐंड योग आश्रम गांधी स्मारक निधि पटपड़गज, दिल्ली, नई दिल्ली–110091 |
| (नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 11900001710) अंकुर गोयल (कर्जदार) विजय प्रकाश (सह–कर्जदार 1) नीता गोयल (सह–कर्जदार 2) विजय कॉट्सविन प्राइवेट लिमिटेड (गारंटर 1) राज कुमारी (गारंटर 2) | 04–11–2022/रू. 2,91,80,899/– (रूपए दो करोड़ इक्यानवे लाख अस्सी हजार आठ सौ निन्यानवे मात्र) एनपीए (04–12–2019) | बंगला नंबर 5, 5वां तल, टावर–वीएस–11, राइज स्काई बंगलोज, सेक्टर–41, फरीदाबाद, हरियाणा–121001 |
| (गुरूग्राम शाखा का एलसी नंबर : 13000000612) पवन कुमार (कर्जदार) बबीता (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2022/रू. 25,67,250/– (रूपए पच्चीस लाख सड़सठ हजार दो सौ पचास मात्र) एनपीए (09–08–2022) | फ्लैट नंबर के 1 1003, 10वां तल, किंग्सबरी टावर टीडीआई सिटी, सेक्टर–61, कुंडली सोनीपत, हरियाणा–131028 |
| (गुरूग्राम – सोहना रोड शाखा का एलसी नंबर : 19700042296) भास्कर नियोगी (कर्जदार) चंद्राणी बंद्योपाध्याय नियोगी (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2022/रू. 28,58,480/– (रूपए अठ्ठाईस लाख अठ्ठावन हजार चार सौ अस्सी मात्र) एनपीए (03–11–2019) | फ्लैट नंबर 2001, 20वां तल, टावर जी, मंगल्या ओफिरा, प्लॉट नंबर 16 एफ, सेक्टर–1, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201310 |
| (गुरूग्राम – सोहना रोड शाखा का एलसी नंबर : 19700042294) भास्कर नियोगी (कर्जदार) चंद्राणी बंद्योपाध्याय नियोगी (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2022/रू. 28,79,871/– (रूपए अठ्ठाईस लाख उनासी हजार आठ सौ इकहत्तर मात्र) एनपीए (04–10–2019) | फ्लैट नंबर 2004, 20वां तल, टावर जी, मंगल्या ओफिरा, प्लॉट नंबर 16 एफ, सेक्टर–1, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201310 |
| (दिल्ली जनकपुरी शाखा का एलसी नंबर : 24900000282) अब्दुल हमीद (कर्जदार) नौशीना हमीद (सह–कर्जदार 1) | 08–11–2022/रू. 42,96,742/– (रूपए बयालीस लाख छियानवे हजार सात सौ बयालीस मात्र) एनपीए (04–01–2019) | दि एलियन कोर्ट फ्लैट नंबर जे810, टावर जुपीटर 8वां तल, ट्रोनिका सिटी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201001 |
| (रोहिणी शाखा का एलसी नंबर : 09200001393) रंजीत सिंह (कर्जदार) इंदरजीत कौर (सह–कर्जदार 1) सिंह हाइड्रॉलिक्स प्रा. लि. (सह–कर्जदार 2) | 08–11–2022/रू. 61,27,742/– (रूपए इकसठ लाख सत्ताईस हजार सात सौ बयालीस मात्र) एनपीए (04–10–2017) | यूनिट नंबर बी–1/1706, 17वां तल, टावर बी 1, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट जीएच/1डी, सेक्टर–16 सी, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश – 201301 |
| (रोहिणी शाखा का एलसी नंबर : 09200001392) रंजीत सिंह (कर्जदार) इंदरजीत कौर (सह–कर्जदार 1) सिंह हाइड्रॉलिक्स प्रा. लि. (सह–कर्जदार 2) | 08–11–2022/रू. 60,82,355/– (रूपए साठ लाख बयासी हजार तीन सौ पचपन मात्र) एनपीए (03–11–2017) | यूनिट नंबर बी–1/1806, 18वां तल, टावर बी 1, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट जीएच/1डी, सेक्टर–16 सी, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश – 201301 |

यदि उक्त कर्जदार पीसीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

हस्ता./–
(प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

तिथि : 19–12–2022
स्थान : दिल्ली


# नोएडा एक्सप्रेसवे धंसना होगा बंद

● सेक्टर-142 एडवेंट इमारत के सामने बन रहे अंडरपास के लिए बॉक्श पुशिंग का काम शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर सेक्टर.142 एडवेंट इमारत के सामने बन रहे अंडरपास के लिए बुधवार से बॉक्श पुशिंग का काम शुरू हो गया। अब यहां पर सड़क धंसने से रोकने के लिए शीट पाइल लगाकर पुशिंग का काम शुरू किया गया है। अभी तक बिना शीट पाइल के काम होने से आए दिन सड़क धंसने से जाम लग रहा था। शीट पाइल बढ़ने व अन्य काम होने पर अब अंडरपास की लागत करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये और बढ़ गई है। जनवरी 2023 अंत तक अंडरपास का काम पूरा किया जाना प्रस्तावित है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि पहले इस अंडरपास की लागत 43 करोड़ 22 लाख रुपये की लागत तय की गई थी। अब शीट पाइल का काम और होना है। इस पर करीब 80 लाख रुपये का खर्चा आएगा। कुछ और अन्य निर्माण पर पैसा खर्च होना है। ऐसे अंडरपास की लागत करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये और बढ़ा दी गई है। अब अंडरपास 46 करोड़ 86 लाख रुपये की लागत से तैयार होगा।

प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक केवी सिंह ने बताया कि अंडरपास में प्रथम बैरल के लिए बॉक्श पुशिंग का काम पूरा हो चुका है। दूसरे बैरल के लिए सीट पाइल लगाते हुए बॉक्श पुशिंग का काम शुरू कर दिया गया है। यह करीब 20 प्रतिशत बचा हुआ है। सेक्टर.142 और 168 नाले की तरफ रिटेनिंगवाल का निर्माण करीब 10 मीटर बचा है। इसका बचा काम दूसरे बैरल के पूरा होने के बाद शुरू कराया जाएगा।

# आरडब्ल्यूए की मदद से पालतू कुत्ते और बिल्लियों की गिनती करेगा प्राधिकरण

● 31 जनवरी तक पालने वालों को पंजीकरण करवाना होगा।

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पालतू कुत्ते-बिल्लियों का डाटा इकट्ठा करने के लिए नोएडा प्राधिकरण आरडब्ल्यूए और एओए की मदद लेगा। जनवरी में सभी वर्क सर्किल की तरफ से पालतू कुत्ता-बिल्ली की संख्या की गिनती के लिए सर्वे शुरू करवाया जाएगा।

वर्क सर्किल की टीमें सेक्टर-सोसाइटी में जाएंगी और आरडब्ल्यूए-एओए व अन्य लोगों से बात कर ये पता लगाएंगी कि किसने-किसने कुत्ते और बिल्ली पाले हुए हैं। फिर उनका नाम रजिस्टर में दर्ज कर रिकार्ड तैयार किया जाएगा इस तरह से हर सेक्टर व वर्क सर्किल का आकड़ा भी तैयार किया जाएगा।



फिर जिनका पंजीकरण नहीं मिलेगा, उन पर जुर्माना किया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण ने शहर में डॉग पॉलिसी लागू कर दी है।

31 जनवरी तक कुत्ता-बिल्ली पालने वालों को उनका पंजीकरण करवाना होगा। इसके बाद जुर्माना लगने की शुरुआत होगी। इसके साथ ही बेसहारा कुत्तों को खाना देने वालों की लिस्ट भी एओए और आरडब्ल्यूए के हिसाब से प्राधिकरण बनवाएगा। इनको अगर स्थानीय आरडब्ल्यूए व एओए चाहेंगे तो आईकार्ड भी जारी कर सकेंगे। पालतू कुत्ते.बिल्ली का पंजीकरण नोएडा नोएडा प्राधिकरण के पेट रजिस्ट्रेशन ऐप से होना है। प्राधिकरण के ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह ने बताया कि आगे कुत्ता.बिल्ली पंजीकरण के शिविर भी कुछ जगहों पर लगवाए जाएंगे। शिविर उन जगहों पर लगेंगे जहां की आरडब्ल्यूए और एओए प्राधिकरण से मांग करेंगे। जनवरी 2023 से डॉग शेल्टर बनाने का काम शुरू हो जाएगा। पहले चरण में चार शेल्टर बनाने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने मंगलवार को टेंडर जारी कर दिए हैं। कंपनियां 27 दिसंबर तक आवेदन कर सकती हैं।

चारों शेल्ट बनाने पर करीब 25 लाख रुपये का खर्चा आएगा। सेक्टर.34, 50, 93 बी और 135 में डॉग शेल्टर बनाने के लिए टेंडर जारी किया गया है। प्राधिकरण अपने स्तर से इनका निर्माण कराएगा और एओए को करना होगा। दो शेल्टर वाले स्थान पर चारदीवारी हो रखी हैं। ऐसे में इन पर साढ़े चार.चार लाख और बाकी अन्य दो पर 8.8 लाख रुपये का खर्चा आएगा।

# कई हाउसिंग सोसाइटी की बिजली कटी

● मल्टीपाइंट कनेक्शन को लेकर विद्युत निगम ने बिल्डर को स्पष्टीकरण के लिए नोटिस भेजा था

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

मल्टीपाइंट बिजली कनेक्शन और बिल्डर की लापरवाही निवासियों पर भारी पड़ रही है। विद्युत विभाग ने नोएडा में स्थित 9 हाउसिंग सोसाइटी के बिजली कनेक्शन काट दिए, जिनका कारण यह है कि मल्टीपाइंट कनेक्शन को लेकर विद्युत निगम ने इन हाउसिंग सोसाइटी के बिल्डर को स्पष्टीकरण के लिए नोटिस भेजा था, लेकिन उसके बावजूद भी बिल्डर ने कोई जवाब नहीं दिया।

इसका हर्जाना निवासियों को भुगतना पड़ा। जिसकी वजह से शहर की नामी 9 हाउसिंग सोसाइटी के बिजली कनेक्शन काट दिए गए। विद्युत निगम के अधिशासी अभियंता शिवम त्रिपाठी ने बताया कि नोएडा शहर में स्थित 21 हाउसिंग सोसायटी को नोटिस भेजा गया है। निगम ने मल्टीपाइंट कनेक्शन का जवाब नहीं देने पर शनिवार को 9 हाउसिंग सोसाइटी के कनेक्शन काटे हैं।

इसके अलावा शुक्रवार को 2 हाउसिंग सोसाइटी के बिजली कनेक्शन काटे जा चुके हैं। विद्युत निगम से मिली जानकारी के मुताबिक नोएडा शहर में कुल 55 सोसाइटी में मल्टीपाइंट कनेक्शन दिए जाने हैं। इनमें से अभी तक 15 सोसाइटी में मल्टीपाइंट कनेक्शन लगाए जा चुके हैं। अगर किसी सोसाइटी में मल्टीपल कनेक्शन लगता है तो उसमें निवासियों की 51 प्रतिशत सहमति बननी चाहिए।

शेष में अभियान के तहत प्रक्रिया चलाई जाती है, लेकिन बिल्डर मल्टीपाइंट कनेक्शन को लेकर निवासियों से कुछ नहीं पूछता है। जिसके कारण जवाब नहीं देने पर विद्युत निगम सोसाइटी में बिजली की सप्लाई काट देता है।

मिली जानकारी के मुताबिक मल्टीपाइंट कनेक्शन से निवासियों को आर्थिक लाभ मिलता है। बिजली बिल में सीधे तौर पर कम से कम अंतर देखने को मिलता है।

# अस्पतालों को हर महीने 24 बिन्दुओं पर देनी होगी रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में पीएसआई इंडिया के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग ने निजी अस्पतालों के साथ बैठक कर प्रमुख सूचकांक के बारे में जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 50 अस्पतालों निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रसव संबंधित जांच, संस्थागत प्रसव, परिवार नियोजन पोस्टमार्टम परिवार नियोजन, पोस्ट अबॉर्शन परिवार नियोजन और नियमित टीकाकरण सहित 24 बिन्दुओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि उक्त सभी बिन्दुओं की रिपोर्टिंग अब हर महीने निजी अस्पतालों को भी करनी होगी।

डॉ शर्मा ने बताया कि जिले में प्रसव से जुड़े 50 प्रमुख निजी अस्पताल हैं। इनमें से ज़च्चा बच्चा और बाल स्वास्थ्य से जुड़े सूचकांक पर 18 अस्पताल रिपोर्टिंग कर रहे हैं।

मीटिंग के दौरान जिला अपर शोध अधिकारी केके भास्कर ने कहा हौसला साझेदारी कार्यक्रम व आयुष्मान भारत योजना से जुड़े अस्पतालों को विभाग की तरफ से फर्मेट दिया गया है। महिलाओं को दी जाने वाली प्रसवकालीन सेवाओं, सी सेक्शन प्रसव और बच्चों के टीके समेत कुल 24 बिन्दुओं के बारे में जानकारी दी जानी है।

## गाजियाबाद में बच्चे की कुकर्म के बाद हत्या

**गाजियाबाद।** मुरादनगर इलाके में पड़ोसी ने एक बच्चे का पहले अपहरण किया। उसके बाद गन्ने के खेत में ले जाकर कुकर्म किया। बाद में गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी ने हाथ.पैर एक कपड़े से बांधकर शव को गंगनहर में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। लाश भी बरामद कर ली गई है।

कस्बा मुरादनगर में 11 साल का एक बच्चा संदिग्ध परिस्थितियों में घर के बाहर से लापता हो गया। पुलिस ने जब सीसीटीवी देखा तो बच्चे को लेकर जाने वाला उसका पड़ोसी रामबाबू निकला, जो पेशे से मजदूर है। पुलिस ने सुबह रामबाबू को कस्टडी में ले लिया। पहले तो वो बरगलाता रहा। कड़ी पूछताछ के बाद आरोपी ने सच उगला।

# बस से सिर बाहर निकालते ही बजेगा सायरन

● ग्रेटर नोएडा की होनहार छात्रों ने बनाया खास डिवाइस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में सीबीएसई की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में एनसीआर के छात्रों ने हिस्सा लिया। इस साइंस प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से 54 स्कूलों की टीमों ने भाग लिया। सभी स्कूली छात्रों ने अपने.अपने प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी की। इस प्रदर्शनी में छात्रा अनन्या ने अनोखा प्रोजेक्ट बनाया है।

अनन्या राय ने स्मार्ट और सुरक्षित स्कूल बस का प्रोजेक्ट पेश किया। जिसकी सराहना हर कोई कर



अपने अनोखे प्रोजेक्ट को दिखाती छात्रा।

रहा है। बता दें, अनन्या राय दिल्ली में 4 से 5 नवंबर तक ट्रॉफी जीत चुकी है। साथ ही 2021 में में एंकरिंग कर चुकी है। विज्ञापन प्रदर्शनी में सलवान पब्लिक स्कूल गाजियाबाद की छात्राओं ने स्मार्ट और सुरक्षित स्कूल बस का प्रोजेक्ट पेश किया। जिसमें अनन्या की टीम ने भी प्रदर्शनी में अपना प्रोजेक्ट पेश किया।

उससे देशभर के छात्रों की जान स्मार्ट और सुरक्षित स्कूल बस से बचाई जा सकेगी। अनन्या के अनुसार तकनीक पर अमल कर स्कूल बस से होने वाले हादसों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इस प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चुन लिया गया। छात्राओं ने अपने प्रोजेक्ट में दिखाया कि जैसे ही बच्चा अगर स्कूल बस से अपना कोई अंग बाहर निकालता है तो उसमें लगा लेजर सिस्टम बीप करने लगेगा। इस प्रोजेक्ट में दिखाया गया कि अगर बस चालक को झपकी आए तो कैसे गॉगल सेंसर अलर्ट करेगा और उसे जगा देगा।

छात्र स्कूल जाते समय गलत यस में न चढ़ जाएं, इसके समाधान को लेकर भी मॉडल में फेस डिटेक्शन सिस्टम पेश किया गया। सलवान स्कूल की प्रिंसिपल सुनीता मदान ने इस मॉडल को राष्ट्रीय स्तर के लिए चुने जाने का छात्रा अनन्या राय, खुशी माथी और स्कूल शिक्षकों को बधाई दी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 19 दिसंबर, 2022



# चार मांगें लेकर आज दिल्ली में जुटेंगे किसान

## देशभर से 50 हजार से अधिक किसान आने की संभावना, रामलीला मैदान में बड़े स्तर पर की गई तैयारी

**संजय राय।** नई दिल्ली



भारतीय किसान संघ की रैली के लिए तैयार होता रामलीला मैदान। फोटो रंजन डिमरी।

केंद्र सरकार से अपने हक की मांगों को लेकर देशभर के किसान सोमवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में किसान गर्जना रैली में शामिल होंगे।

भारतीय किसान संघ की अगुवाई में किसान लागत आधारित लाभकारी मूल्य दिलाने, कृषि आदानों पर से जीएसटी खत्म करने, किसान सम्मान निधि राशि में बढ़ोतरी करने, जीएम सरसों को प्रतिबंधित करने व हर खेत को नहरी सिंचाई का पानी देने के लिए नदियों को जोड़ने समेत अन्य मांगों को रखेंगे। इसके आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बद्रीनारायण चौधरी ने बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य फसलों की वास्तविक लागत से बहुत दूर है। ऐसे में किसान पूंजीगत लागत पर ब्याज, मशीनरी के मूल्यह्रास, किसान का कुशल उद्यमी अनुसार मेहनताना जोड़ कर आनेवाली लागत के मुताबिक फसल उत्पादन लागत की गणना कर उस पर 50 प्रतिशत लाभांश जोड़कर कर लाभकारी मूल्य घोषित किए जाने की मांग करेंगे।

संघ के राष्ट्रीय महामंत्री मोहनी मोहन मिश्र के कहा कि किसान फसल उत्पादक होने के बावजूद किसानों को जीएसटी का इनपुट क्रेडिट नहीं मिलता है, इसलिए किसान गर्जना रैली में कृषि आदानों पर से जीएसटी खत्म करने की मांग भी रखी जाएगी।

साथ ही बढ़ती महंगाई व मुद्रा स्फीति के अनुसार किसान सम्मान निधि राशि में भी बढ़ोतरी नहीं हुई है ऐसे में रैली के दौरान इसे भी केंद्र सरकार के समक्ष प्रमुखता से रखा जाएगा। इसके अलावा अन्य मांगों को भी प्रमुखता से किसान गर्जना रैली में उठाया जाएगा। किसान लागत के आधार पर मूल्य सहित अन्य मांगों को लेकर लंबे समय से भारतीय किसान संघ की अगुवाई में केंद्र सरकार से मांग करते आ रहे हैं।

लेकिन उनकी मांगों को केंद्र समेत राज्य सरकारों द्वारा अनसुना किया गया है। अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल ने बताया कि रामलीला मैदान में हजारों की संख्या में देशभर से किसान पहुंचने लगे हैं। उनके बैठने सहित तमाम सुविधाओं का इंतजाम किया गया है।

इस रैली में किसान अपने खर्चे और अन्य इंतजामों से पहुंच रहे है। जहां सियासी आयोजनों में लाखों रूपयों की होली खेलकर नेता भीड़ जुटाते हैं, वहीं किसान अपने खेतों में काम छोड़कर कंपकंपाती ठंड में रेल, बस, निजी वाहनों और मोटर साइकिलों से तक राजधानी में पहुंच रहे हैं।

### ये है प्रमुख मांग



लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य को लागू करें, तथा इसके मिलने को सुनिश्चित करें।सभी प्रकार के कृषि आदानों पर जीएसटी समाप्त हो। किसान सम्मान निधि में पर्याप्त बढ़ोत्तरी की जाए। जीएम फसलों की अनुमति वापस ली जाए।

## मध्य दिल्ली आने से बचें फंस सकते हैं जाम में

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने यातायात परामर्श जारी कर महाराजा रणजीत सिंह मार्ग, मीरदर्द चौक, मिंटो रोड, अजमेरी गेट, चमन लाल मार्ग, दिल्ली गेट, जेएलएन मार्ग, कमला मार्केट से हमदर्द चौक, भवभूति मार्ग और पहाड़गंज चौक से डायवर्जन प्वाइंट हैं। एडवाइजरी के मुताबिक, रणजीत सिंह फ्लाईओवर पर बाराखंभा रोड से गुरु नानक चौक, मिंटो रोड से गोलचक्कर कमला मार्केट, विवेकानंद मार्ग, जेएलएन मार्ग तक ट्रैफिक प्रतिबंध रहेगा। इसी तरह के नियमों के दायरे में आने वाले अन्य हिस्सों में सोमवार को सुबह 9 बजे से कमला मार्केट से गुरु नानक चौक, चमन लाल मार्ग और पहाड़गंज चौक और गोलचक्कर जंदेवलन, देश बंधु गुप्ता रोड से अजमेरी गेट तक गोलचक्कर शामिल हैं। यातायात पुलिस के अनुसार, किसान गर्जन रैली का आयोजन सोमवार सुबह 11 बजे से शाम छह बजे तक किया जाएगा। इस दौरान 700 से 800 बसों के माध्यम से लगभग 50,000 से 55,000 लोगों और निजी वाहनों से लोगों के रैली में भाग लेने के लिए आने की संभावना है। ऐसे में परामर्श में दिया जाता है कि रणजीत सिंह लाईओवर पर बाराखंभा रोड से गुरु नानक चौक, मिंटो रोड से कमला मार्केट गोलचक्कर, विवेकानंद मार्ग, जेएलएन मार्ग तक यातायात प्रतिबंध या मार्ग परिवर्तन किया जा सकता है।

# आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय परिषद में महंगाई समेत तीन प्रस्ताव पास

- देश की सुरक्षा, महंगाई और बेरोजगारी को लेकर केंद्र सरकार गंभीर नहीं : गोपाल
- आने वाले 6 माह में सभी राज्यों में संगठन निर्माण की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय पार्टी बनने के बाद आप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद की 11वीं बैठक में पार्टी ने महंगाई समेत तीन प्रस्ताव पास किए हैं। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी के लिए आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण था। क्योंकि राष्ट्रीय परिषद ने तीन महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की और तीन प्रस्ताव पारित किए। आप के वरिष्ठ नेता व मंत्री गोपाल राय ने कहा कि परिषद की बैठक में देश की सुरक्षा, मंहगाई पर लगाम लगाने और बेरोजगारी की समस्या से निजात दिलाने के लिए रोजगार नीति बनाने को लेकर प्रस्ताव पारित किया।

गोपाल राय व पंकज गुप्ता ने संवाददाता सम्मेलन में रविवार को कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की योजना का परिणाम है कि दिल्ली में 4 फीसदी मंहगाई की दर है और गुजरात में 8 प्रतिशत मंहगाई की दर है। देश की जनता आज सबसे ज्यादा महंगाई से परेशान है। केंद्र सरकार इस पर त्वरित व्यवहारिक कदम उठाए। राष्ट्रीय परिषद ने प्रस्ताव पारित कर देश में राष्ट्रीय रोजगार नीति बनाने की मांग रखी। इसके अलावा देशव्यापी संगठन निर्माण का काम प्रमुखता के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। पहले चरण में जिन राज्यों में अगले कुछ वर्षों में चुनाव होने है।

वहां पर प्राथमिकता के आधार पर संगठन विस्तार के काम को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद ने आज मुख्य तौर पर पार्टी के राष्ट्रीय पार्टी बनने के बाद बैठक में संगठनात्मक और राजनीतिक, दोनों बिंदुओं पर चर्चा की। आने वाले 6 माह में पार्टी की कोशिश होगी कि देश के सभी राज्यों में संगठन निर्माण की प्रक्रिया को तेज किया जाए।

खासतौर पर पहले चरण में जिन राज्यों में चुनाव होने है। हम वहां पर प्राथमिकता के आधार पर फोकस करेंगे। गोपाल राय ने कहा कि पहला प्रस्ताव देश की सुरक्षा का है। दूसरा महंगाई को लेकर है। क्योंकि आज देश की जनता आज सबसे ज्यादा महंगाई से परेशान है। मंहगाई को कम करने में केंद्र सरकार पूरी तरह से विफल रही है। चुनाव के समय थोड़ी बहुत लिपापोती की गई। गुजरात के चुनाव बीतते ही दाम फिरसे बढ़ने लगे। केंद्र सरकार पूरी तरह से मौन है। तीसरा प्रस्ताव बेरोजगारी को लेकर पारित किया है। देश के अंदर आजादी के 75 साल हो गए और बेरोजगारी हर घर की समस्या है। हर जाति, धर्म, क्षेत्र, प्रांत के लोगों की समस्या है। लेकिन देश में राष्ट्रीय रोजगार नीति नहीं बन पाई।

आम आदमी पार्टी ने प्रस्ताव पारित कर मांग रखी है कि देश में राष्ट्रीय रोजगार नीति बनाई जाए। समय सीमा पर सरकारी खाली पदों पर वैकेंसी निकाली जाएगा। ऐसा सिस्टम बनाया जाए कि बिना पेपर लीक हुए भर्तीयों को सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली सरकार ने पिछले 7 वर्षों में 12 लाख से अधिक नौकरियां सृजित की हैं।

जैसे कि सरकारी नौकरी की रिक्तियों को भरना, रेड राज को रोकना और आसान व्यापार करने और उद्यमिता को बढ़ावा देना आदि है। साथ ही, रोजगार बाजार जैसे प्लेटफ़ार्म लॉन्च करना है, जो रोजगार पैदा करने वालों और रोजगार तलाशने वालों को आसानी से आपस में जोड़ता है। यदि दिल्ली ऐसा कर सकती है तो भारत के दूसरे राज्य भी कर सकते हैं।

## सुरक्षा में प्रशिक्षित कर्मियों की कमी, निजी क्षेत्र से होगी पूरी




नई दिल्ली में रविवार को निजी सुरक्षा एजेंसियों की प्रतिनिधि संस्था कापसी के सम्मेलन में केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह व अन्य।

- केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने निजी सुरक्षा एजेंसियों के सम्मेलन को किया संबोधित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

देश में प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मियों की कमी को निजी क्षेत्र द्वारा ही पूरा किया जा सकता है। यह बात पूर्व थल सेना अध्यक्ष और केंद्रीय भूतल परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग राज्यमंत्री जनरल ( सेवानिवृत्त ) वीके सिंह ने निजी सुरक्षा एजेंसियों की प्रतिनिधि संस्था कापसी (सेंट्रल एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट सिक्योरिटी इंडस्ट्रीज) के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सुरक्षा क्षेत्र में प्रशिक्षित कर्मियों की कमी है। इसे निजी सुरक्षा क्षेत्र के प्रशिक्षित लोग पूरा कर सकते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह सर्वविदित है कि एयरपोर्ट से लेकर रेलवे स्टेशन तक प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मियों की कमी है।

इसे पूरा करने के लिए निजी सुरक्षा एजेंसियों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। लेकिन इसके साथ ही यह भी तय करना होगा कि निजी सुरक्षा एजेंसीयां उस मानक को पूरा करती हो। सम्मेलन की अध्यक्षता कापसी के चेयरमैन कुंवर विक्रम सिंह ने की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री रामेश्वर तेली भी उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि निरंतर और लगातार बेहतर प्रशिक्षण के आधार पर निजी सुरक्षा एजेंसियां सुरक्षा क्षेत्र में आए गैप को भरने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कापसी के चेयरमैन कुंवर विक्रम सिंह ने कहा कि उनकी एसोसिएशन आईएसओ स्टैंडर्ड को तैयार कर रही है। जिससे प्राइवेट सिक्योरिटी सुरक्षा से जुड़े लोगों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नौकरी के अवसर आसानी से हासिल हो पाए।

## मौकापरस्ती की राजनीति करते हैं केजरीवाल : भाजपा

- आप संयोजक पार्टी को राष्ट्रीय दर्जा मिलने पर इस तरह दर्शाया है मानो यह उनकी एकमात्र उपलब्धि हो : सचदेवा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में अपनी पार्टी के राष्ट्रीय दल के दर्जे को एक विशिष्ट उपलब्धि के रूप में पेश करने पर भाजपा ने हमला बोला है।

प्रदेश भाजपा को कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को आम आदमी पार्टी को एक दिखावा पार्टी करार दिया। उन्होंने कहा है कि केजरीवाल राष्ट्रवाद की बात करते हैं, लेकिन असल में मौकापरस्ती की राजनीति करते हैं।

संयुक्त राष्ट्र की बैठक में देश के खिलाफ पाकिस्तान की अभद्र और अपमानजनक टिप्पणी पर केजरीवाल की चुप्पी राजनीति से प्रेरित है। राष्ट्रवाद की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले आप संयोजक जब अपनी पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत के प्रति पाकिस्तान की अभद्र टिप्पणी पर चुप रहते हैं तो साफ हो जाता है कि उनका राष्ट्रवाद कितना खोखला है।

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में अरविन्द केजरीवाल ने अपनी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिलने पर इस तरह दर्शाया है मानो यह उनकी पार्टी की एकाकी उपलब्धि हो पर सच यह है की स्वतंत्रता के बाद बने पार्टियों में भाजपा ही इस देश की एकमात्र पार्टी है जो अपनी स्थापना के दिन से ही राष्ट्रीय पार्टी बन कई थी। इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी, कम्यूनिस्ट पार्टी मार्किसस्ट, आल इंडिया तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस, राष्ट्रीय पीपल्स पार्टी यह सभी पार्टियां अपनी स्थापना के कुछ ही वर्षों के अन्दर राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्राप्त कर लिया था जबकि आम आदमी पार्टी को तो यह उपलब्धि दस वर्षों से भी अधिक का समय लगा है पर केजरीवाल इसे इस तरह दिखा रहे है मानों यह कोई एकाकी उपलब्धि हो।

### लारेंस बिश्नोई-काला जठेड़ी गिरोह का शूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** स्पेशल सेल ने कुख्यात गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई-काला जठेड़ी गिरोह के शूटर अरुण राणा उर्फ ढिल्लू को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक पिस्टल व पांच कारतूस बरामद किए गए हैं। अरुण, दिल्ली व हरियाणा में रंगदारी वसूलने के लिए हथियारों का उपयोग करने, काला जठेड़ी को भगाने के लिए जेल वैन पर फायरिंग करने व हथियार अधिनियम के छह मामलों में शामिल रहा है।

पुलिस उपायुक्त प्रमोद सिंह कुशवाहा के मुताबिक एसीपी ललित मोहन नेगी, हृदय भूषण व इंस्पेक्टर रविंदर कुमार त्यागी और अजीत सिंह की टीम ने अरुण राणा को गिरफ्तार किया। वह बजघेड़ा के गुरुग्राम (हरियाणा) का रहने वाला है।

## चीन, हांगकांग के आईपी एड्रेस की जानकारियां मांगी

**एम्स सर्वर हमला**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस इकाई ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को पत्र लिखकर एम्स सर्वर हमला मामले की जांच के सिलसिले में चीन और हांगकांग की ईमेल आईडी के आईपी एड्रेस के बारे में इंटरपोल से जानकारियां मांगने को कहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीबीआई इंटरपोल के विषयों के लिए भारत की नोडल एजेंसी है। सूत्रों ने बताया कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली के सर्वर पर हमले के तार चीन और हांगकांग से जुड़े होने का संदेह है। मामले में और जानकारियां मांगी गई हैं, जिन्हें चीन तथा हांगकांग स्थित कंपनियों से हासिल किया जा सकता है। गौरतलब है कि एम्स, दिल्ली को कथित तौर पर 23 नवंबर को एक साइबर हमले का सामना करना पड़ा, जिसके चलते उसके सर्वर ठप हो गए थे। दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) इकाई ने 25 नवंबर को इस सिलसिले में जबरन वसूली और साइबर आतंकवाद का मामला दर्ज किया गया था।

जांच एजेंसियों की सलाह पर इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई थी। कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (सीईआरटी-इन), दिल्ली साइबर अपराध विशेष शाखा, भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र, खुफिया ब्यूरो, सीबीआई और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) इस मामले की जांच कर रहे हैं। हमले से अस्पताल में सेवाएं प्रभावित हो गई थी।

## संक्षिप्त समाचार



पार्षदों को सम्मानित करते पदाधिकारी।

### नवनिर्वाचित पार्षदों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** रामनगर विस्तार में नवनिर्वाचित निगम पार्षदों का सम्मान समारोह का आयोजन नव दृष्टि विभूति फाउंडेशन व पूर्वी दिल्ली प्रमुख मानवाधिकार न्याय सुरक्षा प्रहरी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूनमलता भान ने की। इस अवसर पर धम्म देशना आचार्य सतपाल सिंह गौतम के द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जितेन्द्र महाजन उपस्थित रहे। नव निर्वाचित निगम पार्षद राम नगर चंद्र प्रकाश और कुमारी शिवानी पांचाल पार्षद रोहतास नगर ने भी कार्यक्रम शिरकत की। इस मौके पर शिवानी पांचाल ने लोगों का धन्यवाद किया । पार्षद चंद्रप्रकाश ने कहा में हमेशा आपके साथ खड़ा नजर आऊंगा। इस मौके पर प्रवेश शर्मा , सुशील पांचाल, धर्मवीर नागर, कपिल सोनी, सौरभ जैन , पंकज कुमार,रविंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, विजय भान, अरुणा शर्मा, करुणा, रेनू , गीता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सियस रहा



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में रविवार सुबह वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में दर्ज की गई, जबकि न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री कम है। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली में रविवार सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता 87 फीसदी रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सुबह नौ बजे राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक 315 दर्ज किया गया।

# फैटी लीवर के हैं कई कारण, मरीजों के लिए सावधानी व सुरक्षा जरूरी




डॉ. अनन्य गुप्ता

- कम शराब पीने वाले या नहीं पीने वाले भी आ सकते हैं चपेट में

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

शराब पीने से लीवर फेल होने और इससे संबंधित समस्या से लोग परिचित होते हैं, क्या आप जानते हैं कि मोटापा, हृदय रोग और डायबिटीज से होने वाला फैटी लिवर भी घातक और जानलेवा हो सकता है।

एम्स के गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी विभाग के डॉ. अनन्य गुप्ता बताते हैं कि सामान्य तौर शराब को ही लिवर की समस्या का कारण माना जाता है। लेकिन यह कहना पूरी तरह से सही नहीं है। बकौल डॉ. गुप्ता के अनुसार हृदय रोग से पीड़ित, मोटापा, टाइप-2 डायबिटीज और अनियंत्रित जीवन शैली के कारण भी लीवर संबंधित समस्या हो सकती है। जबकि शराब पीने वालों को लिवर की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता है।



डा. अनन्य गुप्ता के अनुसार नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज (एनएएफएलडी) लिवर में अतिरिक्त चर्बी जमा होने से होती है, इसे फैटी लिवर कहा जाता है। ये उन लोगों को होता है जो शराब नहीं पीते या बहुत कम पीते हैं। डा. गुप्ता बताते हैं कि एनएएफएलडी दो तरह का होता है, 1. नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर (एनएएफएल) और 2. नॉन अल्कोहलिक स्टीटोहेपेटाइटिस (एनएएसएच)। एनएएसएच के अंतर्गत लीवर में चर्बी जमा होने के अलावा सूजन उसे नुकसान पहुंचाता है। इससे लीवर में फाइब्रोसिस या जख्म हो सकता है।

एनएएसएच लीवर में सिरोसिस का कारण बन सकता है, जिसमें लिवर में गंभीर गड़बड़ी के साथ स्थायी रूप से क्षतिग्रस्त हो जाता है। जिस कई बार ठीक नहीं किया जा सकता। डॉ. गुप्ता के अनुसार लिवर की समस्या शराब नहीं पीने वाले मोटे और टाइप 2 डायबिटीज वाले एक-तिहाई से दो-तिहाई लोगों में होता है। इसमें से अधिक वजन वाले 75 फीसदी लोगों में यह समस्या हो सकती है। गंभीर मोटापे से ग्रस्त 90 फीसदी लोगों में यह बीमारी हो सकती है।

एनएएफएलडी बच्चों समेत किसी भी उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकता है, लेकिन आमतौर पर यह 40-60 वर्ष के आयु वर्ग में देखा जाता है। एनएएसएच से पीड़ित लोगों में सिरोसिस और लीवर कैंसर जैसी लीवर संबंधी जटिलताएं विकसित हो सकती हैं। यदि सिरोसिस लिवर फेल होने पर मरीज का लिवर प्रत्यारोपण की आवश्यकता हो सकती है।

### खतरे में कौन...

- *स्वस्थ आहार चुनें, फलों, सब्जियों, साबुत अनाज का सेवन*
- *शरीर के आधार पर वजन का ख्याल रखें। उचित तो कैलोरी लें*
- *सप्ताह के अधिकांश दिनों में व्यायाम करें*

### अन्य जटिलताएं

1. पेट में तरल पदार्थ का जमाव
2. एसोफैगस में नसों की सूजन
3. भ्रम, उनींदापन
4. लिवर कैंसर
5. अंतम में लीवर फेल होना

### जोखिम जद में कौन

1. *उच्च कोलेस्ट्रॉल*
2. *ट्राइग्लिसराइड्स*
3. *मेटाबोलिक सिंड्रोम*
4. *मोटापा*
5. *पॉलीसिस्टिक सिंड्रोम*
6. *स्लीप एपनिया*
7. *टाइप 2 मधुमेह*
8. *हाइपोथायरायडिज्म*
9. *हाइपोपिट्यूटारिज्म*

## प्लाज्मा बदल कर लिवर फेल मरीज की बचाई जान

- गंगा राम में यकृत फेलियर के मरीजों के लिए नई किरण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी के अस्पताल सर गंगाराम में लिवर फेलियर के मरीज को प्लाज्मा बदलकर कर बचाने में चिकित्सकों ने सफलता पाई है।

सर गंगा राम अस्पताल के डिपार्टमेंट ऑफ़ गैस्ट्रोइंट्रोलॉजी के सीनियर कंसलटेंट डॉ. पीयूष रंजन के अनुसार दो सप्ताह पहले एक 52 वर्षीय मरीज को पीलिया के लक्षणों के साथ भर्ती कराया गया था। मरीज की सोचने समझने की शक्ति जाने के साथ ही उसके पेट में पानी जमा हो रहा था। पेशाब कम होने से किडनी भी प्रभावित हो रहा था। जांच में मरीज को हेपेटाइटिस बी पॉजिटिव पाया गया और क्रोनिक लिवर फेलियर (एसीएलएफ) के चलते उसे इलाज की तत्काल आवश्यकता थी। लिवर प्रत्यारोपण पर विचार किया गया लेकिन डोनर नहीं होने पर प्लाज्मा एक्सचेंज प्लेक्स पर विचार किया गया। चिकित्सक टीम ने प्लेक्स को पांच पर किया। जिससे मरीज के पीलिया के साथ चेतना में भी सुधार होने के साथ गुर्दे के कार्यों में भी सुधार होने लगा। अन्य चिकित्सा उपचार भी जारी रखा गया, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण एंटी-वायरल थेरेपी है।

# अपना दायित्व निभाने में फेल हो रहे हैं नीतीश कुमार : अनिल विज

## गृहमंत्री ने कहा, शराब से मरने वालों को लेकर उनका दिया गया बयान है निंदनीय

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** के गृह मंत्री अनिल विज ने बिहार में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री के बयान पर कहा कि वे बड़ी ही शर्मनाक बात कह रहे हैं। अगर आपने शराबबंदी की है तो अच्छी बात है, लेकिन आपके प्रदेश में किसी भी प्रदेश से किसी भी प्रकार की शराब ना आए, उसको रोकने का दायित्व आपका है। अनिल विज रविवार को यहां मीडिया द्वारा हरियाणा और यूपी से नकली शराब के मामले के संबंध में बिहार के उपमुख्यमंत्री द्वारा दिए गए बयान के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।



गृह मंत्री अनिल विज।

उन्होंने प्रश्न उठाते हुए कहा कि नीतीश कुमार अपना दायित्व को निभा नहीं पा रहे हैं। पूरी तरह से फेल हैं और अपनी कमजोरियों को दूसरों पर डाल देना, यह कहां की राजनीति है। संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठक के दौरान पाकिस्तान के विदेश मंत्री द्वारा प्रधानमंत्री के संबंध में दिए गए बयान के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में अनिल विज ने कहा कि चाणक्य ने कहा है कि जब आदमी कमजोर हो जाता है तो अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है। उन्होंने कहा कि आज पाकिस्तान की जो हालत है, आज सारे विश्व में जो उसकी स्थिति है। आज जो पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति है और वह जैसी है, उसको देखकर पाकिस्तान के तमाम नेता अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। इस कारण से इस प्रकार से यह घटिया बयान जारी करते है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के हरियाणा में प्रवेश के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में गृह मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी का हरियाणा में स्वागत है। बतौर गृहमंत्री मैंने अपने अधिकारियों को तमाम सुरक्षा व्यवस्थाएं करने के लिए कहा हैं। कांग्रेस पार्टी के भविष्य और ताकत के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में विज ने कहा कि जिस पार्टी में दो नेता आजू बाजू की कुर्सी पर बैठ कर बात ना कर सके, उस पार्टी को कैसी ताकत मिलेगी। उन्होंने कहा कि आप रोज देख रहे हैं इनका तमाशा। किस प्रकार से एक नेता दूसरे नेता के साथ भिड़ा हुआ है, तो वह पार्टी कभी मजबूत नहीं हो सकती।

**एक विधायक एक पेंशन पर विस्तृत चर्चा होनी चाहिए** : पंजाब के बाद अब हिमाचल ने कहा है कि एक विधायक एक पेंशन की व्यवस्था लागू हो, इस संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में अनिल विज ने कहा कि मेरा ऐसा मानना है कि इसके ऊपर बड़ी विस्तृत चर्चा होनी चाहिए। जिन पार्टियों में लूट की छूट है उनको चाहे एक भी न मिले, उनको कोई फर्क नहीं पड़ता।

# हवा की गुणवत्ता सुधारी, अब है स्वच्छता की बारी : नवीन गोयल



गलेरिया मार्केट में सफाई अभियान के दौरान सफाई करते नवीन गोयल व उनके साथी।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम को देश के टॉप 10 शहरों में लाने के उद्देश्य से पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा गुरुग्राम व हरियाणा ऑटो चालक संघ ने मिलकर यहां गलेरिया मार्केट में सफाई अभियान चलाया। इसकी शुरुआत विभाग के प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल ने स्वयं झाड़ू लगाकर की। इसके साथ ही सभी कार्यकर्ता, ऑटो चालक भी घंटों तक क्षेत्र की सफाई में जुटे रहे।

भारतीय जनता पार्टी में पर्यावरण संबंधी विभाग प्रमुख के नाते नवीन गोयल ने कहा कि पर्यावरण को हर तरह से स्वच्छ बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। पर्यावरण प्रदूषित होता है तो हमारे वातावरण में जहरीली गैसें हमें प्रभावित करती हैं। बीमारियां बढ़ती हैं। बीमारों की हालत खराब होती है। ऐसे में जरूरी है कि हमें अपने पर्यावरण को सही रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि करीब एक माह पूर्व पर्यावरण संरक्षण विभाग की ओर से गुरुग्राम में प्रदूषण का स्तर कम करने के लिए शहर में छिड़काव का काम शुरू किया गया था, जो अब तक जारी है। हमारी पर्यावरण संरक्षण विभाग की टीम ने जल छिड़काव अभियान शुरू किया था, उसके सकारात्मक परिणाम भी आए हैं। गुरुग्राम में हवा की गुणवत्ता का स्तर (एक्यूआई लेवल) 450 से गिरकर 127 तक पहुंच गया है। जिसके लिए टीम के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को अंजाम तक पहुंचाने के लिए उसमें समय लगता है।

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार किए



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने चोरी के मुकदमे में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विशाल, मोहित तथा मनीष का नाम शामिल है। तीनों फरीदाबाद की शिव दुर्गा विहार कॉलोनी के रहने वाले हैं। आरोपियों के खिलाफ चोरी की धाराओं के तहत दो मुकदमे दर्ज हैं जिसमे आरोपियों ने एक दुकान का शटर तोड़कर उसमें से लैपटॉप व मोबाइल फोन चोरी किए थे तथा दूसरी वारदात में एक कंपनी से इनवर्टर की दो बैटरी चोरी करी थी। उपनिरीक्षक अनिल कुमार की अगुवाई में क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दयालपुर ठेके के पास से आरोपियों को काबू कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा चोरी की गई दोनों वारदातों के बारे में जानकारी प्राप्त करके आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से 1 लैपटॉप व चार्जर, 3 मोबाइल, 13 चार्जर, 1 कंप्रेसर, 1 नेकबैंड इयरफोन, 1 मोबाइल स्क्रीन तथा 2 बैटरी बरामद की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी आवारा किस्म के लड़के हैं। उक्त तीनों आरोपियों में मुख्य आरोपी विशाल है, जिसके खिलाफ इससे पहले भी चोरी तथा अवैध शराब के चार मुकदमे दर्ज हैं और वह जेल की हवा भी खा चुका है। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात सभी आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

### गुरुग्राम से उत्तराखंड तक बस चलाने को मंत्री ने लगाई मुहर



कुमाऊं भ्रातृ मंडल गुरुग्राम के तत्वावधान में आयोजित उत्तराखंड सांस्कृतिक कार्यक्रम सांस्कृतिक विरासत-2022 में बोलते परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम से उत्तराखंड के धार्मिक स्थलों तक हरियाणा राज्य परिवहन की बस चलवाने के लिए प्रयासरत पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल की मांग पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने आश्वासन दिया है कि इस पर जल्द ही विचार करके निर्णय लिया जाएगा। रविवार को यहां पालम विहार में महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी महाराज के सानिध्य में कुमाऊं भ्रातृ मंडल गुरुग्राम के तत्वावधान में आयोजित उत्तराखंड सांस्कृतिक कार्यक्रम सांस्कृतिक विरासत-2022 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एक भारत श्रेष्ठ भारत के हरियाणा के संयोजक एवं परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने की। लंबे समय से गुरुग्राम से उत्तराखंड के धार्मिक स्थलों तक बस चलवाने की मांग को नवीन गोयल ने इसी कार्यक्रम में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के समक्ष रखा। इसके अलावा गुरुग्राम में उत्तराखंडवासियों के लिए भवन निर्माण की भी मांग रखी गई। बस सेवा के लिए तो परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने मौके पर ही हामी भरते हुए जल्द बस चलवाने का आश्वासन दिया। भवन निर्माण के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से विमर्श करने की बात कही। वे स्वयं इस पर मंत्रणा करेंगे। परिवहन मंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड की संस्कृति सबसे अनूठी है। यहां की परंपरा की जड़ें मुख्य रूप से धर्म से जुड़ी हुई है। इस भूमि में अनेक ऐसे महापुरुषों ने जन्म लिया, जिन्होंने राष्ट्र निर्माण और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। परिहन मंत्री ने संस्था को दो लाख रुपये की घोषणा की। कार्यक्रम में ट्री मैन कहलाने वाले राव बलवंत सिंह को भी सम्मानित किया गया। वे अब तक 18 हजार पौधे लगा चुके हैं। महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी महाराज ने कहा कि उत्तराखंड उनकी जन्मभूमि है। जननी, जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर होती है। वहां पर जाना अपने आप में तीर्थ समान है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट अजय भट्ट ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड अपने आप में अहम स्थान है। वहीं के जड़, चेतन में भगवान का वास है। पर्यटन का भी उत्तराखंड बड़ा केंद्र है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के विकास के नए रास्ते खोले हैं। इस अवसर पर कुमाऊं प्रात मंडल के अध्यक्ष सीएस काला व करण सिंह बिष्ट सभी अतिथियों का सम्मान किया। उन्होंने परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा का बस चलवाने की मांग को पूरा करने के लिए धन्यवाद किया। साथ ही इस कार्य में आगे आकर उत्तराखंड के लोगों का सहयोग करने के लिए नवीन गोयल का भी आभार जताया। इस अवसर पर बाली पंडित, गगन गोयल, गजे सिंह कबलाना, सन्नी दौलताबाद, गंगा सिंह नेगी, देवेंद्र नेगी, प्रताप सिंह बिष्ट, मोहनलाल जोशी, ध्यान सिंह रावत, हेमन्त बहुखंडी, केशव दत्त शर्मा, महेंद्र सिंह, ओमप्रकाश यादव समेत अनेक उत्तराखंड के लोग मौजूद रहे।

# कंक्रीट का प्लांट नौरंगपुर गांव की बिगाड़ रहा आबो हवा, लोग परेशान



गांव नौरंगपुर में कंक्रीट प्लांट का विरोध करते ग्रामीण।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**राष्ट्रीय** सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के पास गांव नौरंगपुर में लगाए गए कंक्रीट के प्लांट से गांव की आबो-हवा खराब हो रही है। इससे गांव के लोग प्रभावित है। विशेषकर उस स्कूल के बच्चे और स्टाफ, जिसके बिलकुल नजदीक यह प्लांट लगाया गया है। ग्रामीणों ने इस प्लांट को यहां से दूर स्थानांतरित करने की मांग उठाई है।

इस विषय को लेकर रविवार को गांव नौरंगपुर में पंचायत बुलाई गई। गांव के पूर्व सरपंच प्रदीप के अलावा ग्रामीण बाबूलाल, लाला राम, परमानन्द, धर्मपाल, सुखराम, मंगतराम, रोहतास, रघबीर, भरत सिंह, बिरेंद्र, महेन्द्र, रामेश्वर आदि ने बताया कि गांव नौरंगपुर मानेसर नगर निगम में शामिल हो चुका है। गांव अपने विकास की बाट देख रहा है, लेकिन यहां पर विकास की बजाय पर्यावरण प्रदूषण की समस्या गंभीर हो गई है। यहां विकास के नाम पर विनाश की स्थिति बनती जा रही है। इसका कारण यहां पर लगाया गया केएसवाई बिल्डकॉन प्लांट है। इस प्लांट को ट्रयू आरएमसी इंडिया कंपनी को किराए पर दिया गया है। कंपनी ने गांव के निकट इस जगह पर रेडिमिक्स प्लांट लगाया है। इसमें सीमेंट, बजरी, स्टोन डस्ट का प्रयोग करके मिक्सचर बनाया जाता है। यह प्लांट गांव की मुख्य सड़क किनारे लगा है, जिस कारण यहां से उठने वाली धूल पूरे गांव में फैलती है। इससे पूरा नौरंगपुर गांव प्रभावित हो रहा है। घरों में सफाई करते ही धूल फैल जाती है। खाना-पीना भी दूभर हो गया है। सांस के रोगियों की समस्या इस प्लांट ने बढ़ा दी है। इससे उठने वाला प्रदूषण गांव में बीमारियां पैदा होने का बड़ा कारण बन रहा है। स्कूल के निकट यह प्लांट होने के कारण बच्चों में भी भयंकर बीमारी फैलने का खतरा बना है। यही नहीं, प्लांट से जब गाड़ियां निकलती हैं तो धूल के गुब्बार उनसे उठते हैं। वह भी गांव की हवा को खराब करते हैं। बुजुर्गों, बीमारों का तो घर से निकलना भी बंद हो गया है। प्लांट से चंद कदमों की दूरी पर गांव की मार्केट है। सभी दुकानदार भी इस प्लांट से परेशान हैं। गांव की ओर से इस समस्या को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल को सीएम विंडो के माध्यम से शिकायत भेजी जा चुकी है।

# पठान फिल्म में दीपिका पादुकोण के पहने कपड़ों के विरोध में किया प्रदर्शन




सोहना में रविवार को पठान फिल्म में दीपिका पादुकोन द्वारा पहने भगवा रंग के कपड़े पहनने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते करणी सेना के कार्यकर्ता।

## कार्यकर्ताओं ने फिल्म रिलीज होने के बाद किसी भी हाल पर न चलने देने की चेतावनी दी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**करणी** सेना के कार्यकर्ताओं ने आने वाली पठान फिल्म में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण द्वारा भगवा रंग के कपड़े पहनकर दर्शाए सीन के विरोध में प्रदर्शन किया। करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने फिल्म रिलीज होने के बाद किसी भी हाल पर न चलने देने की चेतावनी दी है।

रविवार को शहर के बीचोंबीच शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक पर करनी सेना के कार्यकर्ताओं ने आने वालीवुड की आने वाली पठान फिल्म के रिलीज होने से पहले कड़ा विरोध जताया है। कार्यकर्ताओं ने फिल्म निर्माता का पुतला फूंका और वंदे मातरम के नारे लगाए।

विरोध कर रहे करणी सेना के जिला अध्यक्ष अवधेश राघव ने बताया कि पठान फिल्म में एक गाने में भगवा रंग के कपड़ों को फूहड़ तरीके से पहनते हुए अंग प्रदर्शन किया है। जिससे भगवा रंग का अपमान हुआ है। जबकि भगवा रंग हिन्दु धर्म का सम्मान का रंग है। उन्होंने कहा कि दीपिका पादुकोण और फिल्म के हीरो शाहरुख खान का बेटा के भी अंडरवल्ड से संबंध है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि इस फिल्म को क्षेत्र के किसी भी हाल पर चलने नहीं दिया जाएगा। जब तक दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान अपनी गलती की माफी नहीं मांगेंगे।

# पांच तत्वों के संरक्षण का ध्येय स्वास्तिक संस्था का उद्देश्य सराहनीय : सुधीर सिंगला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## रविवार को स्वास्तिक संस्था ने लगाया पहला रक्त दान शिविर, 221 यूनिट रक्तदान

**हाल** ही में अस्तित्व में आई सामाजिक संस्था स्वास्तिक की ओर से रविवार को रक्त दान शिविर लगाकर समाजसेवा की शुरुआत की। पंच तत्व सेवा का ध्येय लेकर संस्था का गठन किया गया है। हालांकि इस संस्था के पदाधिकारी वर्ष 2016 से समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय रूप से काम करते आ रहे हैं। संस्था की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित पहले ही शिविर में 221 से भी अधिक यूनिट रक्त दान हुआ।

यहां पुराना रेलवे रोड स्थित राजवंशी होटल में यह शिविर लगाया गया। शिविर के शुभारंभ अवसर पर बतौर अतिथि गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला, लाडवा के पूर्व विधायक पवन सैनी, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के पूर्व निजी सचिव शिव कुमार पारिक के सुपुत्र दिनेश चंद्र बॉबी पारिक, पूर्व सांसद डा. सुधा यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता राज निर्भीक, पूर्व डिप्टी स्पीकर गोपीचंद गहलोत, पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी पिंटू, पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, सीएम विंडो एवं रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य अमित गोयल, एक्ट्रेस एवं फैशन डिजायनर



गुरुग्राम में स्वास्तिक संस्था की ओर से पहले रक्त दान शिविर में विधायक सुधीर सिंगला का स्वागत व सम्मान करते संस्था के पदाधिकारी।

रोचिका अग्रवाल, डा. अंबेडकर सभा के प्रधान रतनलाल, पंजाबी बिरादरी सभा के प्रधान डा. सुभाष खन्ना, पार्षद सुभाष सिंगला, एडवोकेट हरींद्र, सुभाष राठौर ने शिरकत की।

इस अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि संस्था का जो नाम स्वास्तिक है, उसी से संस्था का काम भी साबित होता है। द्रोण नगरी में नई संस्था के उदय पर उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए इसी तरह से समाजसेवा में लगे रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पहले ही सभी सदस्यों ने रक्त दान के साथ पर्यावरण सुधार के लिए काफी काम किया है। समाजसेवा के क्षेत्र में गुरुग्राम महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

पूर्व विधायक लाडवा पवन सैनी ने कहा कि गुरू द्रोणाचार्य की धरती गुरुग्राम में आकर उन्हें अच्छा लगा। यहां के सामाजिक लोगों के बारे में जो सुना था, उससे कहीं अधिक यहां लोग काम में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं का यह कर्तव्य बनता है कि वे समाज के लिए कुछ बेहतर काम करें, ताकि समाज में लोगों को सहायता मिल सके। रक्त दान तो अपने आप में बहुत पुण्य का काम है। स्वास्तिक संस्था के संरक्षक बनवारी लाल सैनी ने कहा कि पंच तत्व सेवा (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश) का ध्येय लेकर संस्था का गठन किया गया है। इन सबकी हम हकीकत में कमी महसूस कर रहे हैं। पंच तत्वों के बिना हमारा जीवन शून्य है। इसलिए इनका संरक्षण बहुत जरूरी है। इन्हीं पांच तत्वों से हमारे शरीर की रचना हुई है। अपना जीवन संरक्षित करने के लिए इनका संरक्षण बहुत जरूरी है। संरक्षक सुमेर सिंह तंवर ने कहा कि समाजसेवा का कोई रूप नहीं होता। वह किसी भी सूरत में किसी भी जगह पर की जा सकती है। हम सबका प्रयास यही रहना चाहिए कि हमारे द्वारा किए जाने वाले कार्यों से कोई आहत ना हो। संस्थापक अध्यक्ष राज सैनी बिसरवाल व महासचिव राजेश सैनी ने कहा कि स्वास्तिक संस्था का गठन करने का उद्देश्य पांच तत्वों को पोषित करना है। हमें मिलकर पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश को बेहतर बनाना होगा। स्वच्छता रखकर, पर्यावरण साफ रखकर, पानी की बचत करते हुए सर्वसमाज को भी इसके लिए जागृत करना है। संस्था के सदस्य हितेश सैनी, जय अत्री, मनोज तंवर, शिव मौर्या, कर्मजीत, अमित सैनी, मनु सिंह, विक्रम सैनी, विशु, रेखा सैनी, नीलम सैनी, जय सैनी, लखन अरोड़ा, विकी कटारिया समेत काफी सदस्यों ने शिविर को सफल बनाया।

# अमेरिकी पिस्ता और इसके स्वास्थ्य लाभ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**अमेरिकी** पिस्ता के लिए भारत एक तेजी से बढ़ता बाजार है क्योंकि, यहां के उपभोक्ता इस स्वादिष्ट नट्स (डॉयफ्रूट्स) का नियमित रूप से सेवन करने के साथ इससे होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी भी प्राप्त करते रहते हैं। अमेरिकन पिस्ता ग्रोअर्स (एपीजी) के भारतीय दफ्तर ने 14 दिसंबर को नई दिल्ली में पिस्ता में पोषक गुणों के बारे में बात करने के लिए एक नॉलेज सत्र का आयोजन किया, जिसमें जीवन शैलियों में पिस्ता के प्रभाव की जानकारी दी गई।

यहां आयोजित किया गया नॉलेज सत्र कॉर्नेल यूनिवर्सिटी के हाल के एक अध्ययन पर केंद्रित था। जर्नल न्यूट्रिएंट्स में प्रकाशित इस अध्ययन में पाया गया कि पिस्ता में उच्च एंटीऑक्सीडेंट की क्षमता होती है। वास्तव में पिस्ता एंटीऑक्सीडेंट क्षमता वाली ब्लूबेरी, अनार, चेरी और रेड वाइन सहित लोकप्रिय एंटीऑक्सीडेंट युक्त खाद्य पदार्थ है। शोधकर्ताओं ने पिस्ता की एंटीऑक्सीडेंट क्षमता को मापने के लिए दो अलग-अलग तरीकों का इस्तेमाल किया। एक, ऑक्सीजन रेडिकल अवशोषण क्षमता (ओआरएसी) और दूसरी सेलुलर एंटीऑक्सीडेंट गतिविधि (सीएए) जिसमें पाया गया कि पिस्ता में एंटीऑक्सीडेंट की क्षमता का स्तर उच्च होता है। आम तौर पर सेहत के



पेशेवर जानकार शरीर में मुक्त हुई क्षतिग्रस्त कोशिकाओं से स्वस्थ कोशिकाओं की रक्षा में मदद के लिए ऐसे ही खाद्य स्त्रोतों से एंटीऑक्सीडेंट की सलाह देते हैं। पिस्ता उन बहुत कम खाद्य पदार्थों में से एक है जिनमें प्रचुर एंटीऑक्सीडेंट होता है और ये संपूर्ण प्रोटीन भी हैं। यह उन लोगों के लिए संपूर्ण खाना है, जो ज्यादा से ज्यादा पौधे आधारित आहार का उपयोग करना चाहते हैं। 2020 में किए गए और प्रकाशित रिसर्च से पता चला था कि कैलिफोर्निया में उगने वाले पिस्ता संपूर्ण प्रोटीन हैं। इसका आशय यह कि इसमें वे सभी 9 जरूरी अमीनो एसिड होते हैं, जिनकी शरीर को जरुरत होती है। इस प्रकार के संपूर्ण प्रोटीन केवल पशु स्रोतों में ही पाए जाते हैं। शाकाहारियों को जिस तरह के संतुलित सप्लीमेंट्स की जरूरत होती है, वो पिस्ता जैसे प्राकृतिक स्रोत में मौजूद है।

दूसरे नट्स की तुलना में पिस्ता में कैलोरी भी कम होती है। 49 नट्स के मुकाबले पिस्ता में केवल 160 कैलोरी होती है, जो इसका उपयोग करने वालों को इस अपराध बोध से मुक्त रखती है कि इससे उन्हें कोई नुकसान होगा।

इस बारे में पर बोलते हुए जानी-मानी डाइटिशियन और जीवनशैली की विशेषज्ञ लेखिका पूजा मखीजा ने बताया कि ऐसे खाद्य पदार्थ जो एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, स्वस्थ कोशिकाओं को क्षतिग्रस्त कोशिकाओं से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करते हैं। ये प्रोटीन के बिल्डिंग ब्लॉक्स की तरह होते हैं, जो मांसपेशियों के ताकतवर बनाने में मदद करते हैं। कमाल की बात है कि पिस्ते में ये दोनों क्षमताएं होती हैं। पिस्ता को आसानी से अपने साथ रखा जा सकता है, इसलिए मुट्ठी भर अमेरिकी पिस्ता का सेवन सभी को रोज करना चाहिए। इसके अलावा मखीजा ने बताया कि पिस्ता में फायदेमंद फैट्स, फाइबर और अन्य महत्वपूर्ण पोषक तत्व भी होते हैं, जिसकी हमारे शरीर को रोज जरूरत होती है। अमेरिकी पिस्ता उत्पादकों के इन-कंट्री मार्केटिंग प्रतिनिधि श्री सुमित सरन ने भारतीय बाजार के बारे में जानकारी दी कि %हमने अमेरिकी पिस्ता की जबरदस्त मांग देखी है, क्योंकि लोग अधिक जागरूक हो रहे हैं। वे नाश्ते में इसे जरुरी सामग्री के रूप में उपयोग करते हैं। अमेरिकी पिस्ता सभी प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और प्रमुख सूखे मेवों के खुदरा विक्रेताओं के पास भी उपलब्ध हैं। ग्लोबल रिसर्च के बारे मे´ ***www.AmericanPistachios.in*** से भी जानकारी ली जा सकती है।

# भोंडसी जिला जेल में 46 वर्षीय बंदी की बीमारी के कारण मौत

## मृतक बंदी ने 2015 में मानेसर आईएमटी में मां-बेटी की हत्या की थी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना।

**भोंडसी** स्थित जिला जेल में 46 वर्षीय बंदी की बीमारी के कारण शनिवार को मौत हो गई। मृतक बंदी को बीमारी के दौरान हुई गंभीर हालत में गुरुग्राम के सेक्टर-10 में स्थित नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया था। पुलिस ने मृतक बंदी मां-बेटी के दोहरे हत्याकांड में जेल में बंद था। भोंडसी स्थित जिला जेल में बंद बंदी आशाराम मूल निवासी गांव खरैटी चरखी दादरी जिला भिवानी की बीमार रहने के कारण आचनक से तबियत अधिक खराब हो गई। जिससे पहले जिला जेल की अस्पताल में दाखिल कराया।

बाद में डॉक्टरों ने हालत और बिगड़ती देख उसे गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया। गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में आशाराम ने उपचार के दौरान दमतोड़ दिया। मृतक आशाराम के शव का भोंडसी थाना पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### मृतक बंदी ने थी मां-बेटी की हत्या

**मृत** बंदी आशाराम वर्ष 2015 में आईएमटी मानेसर में प्लाट नंबर 202 के सामने चाय का खोखा रखकर दुकान चलाता था। आशाराम के पास 30 वर्षीय महिला उपदेश उर्फ सुमनलता और उसकी 12 वर्षी बेटी भी साथ रहती थी। आशाराम और उपदेश उर्फ सुमनलता में आएदिन झगड़ा होने लगा। आशाराम खोखे पर ही दिन रात रहता था। उसके साथ ही आशाराम उपदेश उर्फ सुमनलता को पत्नी की तरह से रखता था। जिनके बीच में झगड़ा होता रहता था। एक दिन सुमनलता और उसकी बेटी के शव प्लाट के सामने गली-सड़ी हालत में मिले। आशाराम हत्या को अंजाम देने के बाद फरार हो गया था। आशाराम के खिलाफ मानेसर थाना पुलिस ने हत्या व हत्या के बाद शवों को खुर्दबुर्द करने के आरोप में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार लिया था। जिसे गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत के माध्यम से जेल भिजवा दिया था।

# समाज में रहकर मानवाधिकारों के संरक्षण में लगे लोगों को किया गया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हाल** ही में एक्शनएड एसोसिएशन ने विभिन्न राज्यों में हाशिए पर जी रहे लोगों के साथ काम करने और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने की दिशा में प्रयासरत मानवाधिकार संरक्षकों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया। नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में मानवाधिकार दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में अद्वितीय कार्य करने वाले कई लोगों एवं संस्थानों को सम्मानित किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के महासचिव आईएएस देवेंद्र कुमार सिंह, राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व प्रमुख डॉ. ललिता कुमार मंगलम, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की पूर्व प्रमुख डॉ. शांता सिन्हा और महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण के प्रमुख शिवाजी सरजेराव धावले उपस्थित रहे।

महाराष्ट्र के एकलव्य संगठन और मानवी हक अभियान कार्यक्रम के दौरान सम्मानित होने वाले संगठन रहे। व्यक्तिगत श्रेणी में पुरस्कार पाने वालों में महाराष्ट्र के अरुण होसराव जाधव व बजरंग साहेबराव, तमिलनाडु के सी आनंद राज, कर्नाटक की चंद्रिका बीटी,



मेघालय की गामची तिमरे आर मारक, मध्य प्रदेश के हरि सिंह मेरावी, गुजरात की जयश्री जनजार, महाराष्ट्र के कदुदास हरिभाउ कांबले, बिहार की कंचन बाला, उत्तराखंड की खीमा जेठी, मध्य प्रदेश की लक्ष्मी सोलंकी, ओडिशा के मानस रंजन प्रधान, राजस्थान के पेपा राम, उत्तर प्रदेश के रिजवान सैफी, मध्य प्रदेश की श्रद्धा कश्यप, तेलंगाना के सुभाष कंचुकतला, झारखंड के सुनील मिंज, महाराष्ट्र सुनीता एकनाथ भोसले और तमिलनाडु के विजय निकोलस शामिल रहे। एक्शनएड एसोसिएशन के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर संदीप चचरा ने कहा, 'मैं आप सभी का आभार जताना चाहता हूं।' उन्होंने इन मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करने और उनकी सुरक्षा के लिए कानून एवं नीतियों के निर्माण पर भी जोर दिया। देवेंद्र कुमार सिंह ने समाज में कार्य कर रहे मानवाधिकार संरक्षकों को सम्मानित करने की एक्शनएड एसोसिएशन की इस पहल की सराहना की। उन्होंने इन मानवाधिकार संरक्षकों की प्रतिबद्धता की प्रशंसा की और कहा कि ये जमीनी स्तर पर काम कर रहे असली हीरो हैं। डॉ. ललिता कुमार मंगलम ने कहा, 'जितनी बार भी इन मानवाधिकार संरक्षकों की प्रशंसा की जाए, कम है।' उन्होंने इन सभी लोगों से भविष्य में भी बिना डरे मानवाधिकारों के संरक्षण की दिशा में कार्य करते रहने की अपील की। डॉ. शांता सिन्हा ने कहा कि अगर ये मानवाधिकार कार्यकर्ता न हों तो लोकतंत्र नहीं रह पाएगा। उन्होंने कहा, 'आप इस देश के लोकतंत्र, न्याय एवं विश्व की उम्मीद हैं।' श्री शिवाजी सरजेराव धावले ने एकलव्य संगठन के सम्मानित होने पर प्रसन्नता जताई। वह स्वयं भी इस संगठन से जुड़े हैं।

# विफ्सः स्वास्थ्य विभाग ने 3.78 लाख बच्चों को दी गोलियां

कविता। फरीदाबाद

**राष्ट्रीय** किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शरीर में होने वाली खून की कमी को पूरा करने के लिए विकली ऑयरन फालिक एसिड सप्लीमैंटेशन स्कीम (डब्लूआईएफएस) कार्यक्रम चलाया जाता है। इस कार्यक्रम के तहत 1511436 गोलियां 378048 लड़के और लड़कियों को खिलाई गई है।

जिसमें 197887 लड़कियां और 180161 लड़के शामिल थे। इस दौरान सितम्बर माह में मात्र 252 बच्चों को ही गोलिया खिलाई गई थी और समाप्त होने के कारण अक्टूबर माह में बच्चों को गोलियां नहीं मिली। स्कूल हेल्थ की नोडल

## 10 से 19 वर्ष के बच्चों को हर माह खिलाई जा रही आयरन फालिक एडिस की गोलियां



गोली खाती स्कूल की छात्रा।

अधिकारी डॉ. सीमा बताया कि अब गोलियां पूरी है और हर बुधवार को खिलाई जा रही है।

**दो तरह की गोलियां** : इस कार्यक्रम में 10–19 वर्ष के किशोर-किशोरियों के लिए विफ्स कार्यक्रम तथा 5–10 वर्ष के बच्चों के लिए विफ्स जूनियर कार्यक्रम चलाया जा रहा है। 10–19 वर्ष के किशोरों को आईएफए की नीली गोली (100 मिग्रा आयरन एवं 500 माइक्रोग्राम फोलिक एसिड) हर बुधवार को खिलाई जाती है। सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में आईएफए की नीली गोली का सेवन हर बुधवार को शिक्षकों की निगरानी में किया जाता है। 10–19 वर्ष की स्कूल न जाने वाली विवाहित और अविवाहित किशोरियों को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा एएनएम की निगरानी में आयरन की गोली का सेवन कराया जाता है।

**खून की कमी को दूर** : काउंसलर अनुक्रमा भाटी ने बताया कि किशोरावस्था में मासिक धर्म की शुरुआत होने के कारण और सही खान-पान न होने से किशोरियों में आयरन की कमी से गर्भधारण की स्थिति में एनीमिया होने की संभावना अधिक होती है।

किशोर अपने स्वास्थ्य एवं खान पान पर ध्यान नहीं देते हैं। जिससे उनमें आयरन एवं अन्य पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। भाटी ने बताया कि स्कूल हैल्थ कार्यक्रम के तहत बच्चों में आयरन की कमी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने विफ्स कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 2016 में की थी। यह गोलिया पहले सोमवार या फिर मंगलवार को खिलाई जाती थी। लेकिन कुछ बच्चे सोमवार व मंगलवार को उपवास रखने की बात कहकर गोलिया खाने से परहेज करते थे। जिसको देखते हुए विभाग का लक्ष्य पूर नहीं हो पाता था। ऐसे में स्वास्थ्य मुख्यालय के आदेश पर हर बुधवार को गोलिया खिलाई जाती हैं।

**10 से 19 वर्ष के बच्चों को विफ्स की गोलियां**

| माह | किशोरियां | किशोर | गोलियां |
|---|---|---|---|
| अप्रैल | 36598 | 34101 | 282796 |
| मई | 36661 | 34423 | 284336 |
| जून | 37854 | 33988 | 287368 |
| जुलाई | 36452 | 34009 | 281844 |
| अगस्त | 13995 | 8053 | 88192 |
| सितम्बर | 159 | 93 | 152 |
| अक्टूबर | 0 | 0 | 0 |
| नवंबर | 36168 | 35494 | 286648 |
| **कुल** | **197887** | **180161** | **1511436** |

# चोर समझ कर मछली विक्रेता की डंडे से पीट-पीट कर डाली हत्या

## अन्य मामले में एक व्यक्ति ने गला घोट कर की पत्नी की हत्या

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



रोते बिलखते मृतक युवक के परिजन। इनसेट में मृतक प्रमोद।

**सारन** गांव में तड़के सैर के लिए निकला एक युवक अचानक एक मकान के सामने खड़ा हो गया। तभी मकान से निकले युवक ने खड़े होने का कारण पूछा, लेकिन युवक द्वारा संतुष्टिपूर्वक जवाब न दिये जाने से मकान मालिक ने युवक की डंडे से जमकर पिटाई शुरू कर दी।

मारपीट के दौरान सिर पर भी डंडा लग गया। शोर सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। तभी किसी ने युवक के परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने मौके पर पहुंच कर युवक को अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। मृतक युवक मछली बेचने का काम करता था। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया है। सारन गांव में किराए पर रहने वाले मुन्ना ने बताया कि उसका 34 वर्षीय बड़ा भाई प्रमोद प्रेस कालोनी में मछली बेचने का काम करता है। प्रमोद को अक्सर मिर्गी के दौरे पड़ते रहते हैं।

अन्य दिनों की तरह रविवार सुबह चार बजे प्रमोद सोकर उठने के बाद घर से सैर के लिए निकला था। उसी दौरान वह अपने घर से तीन गली आगे स्थित सचिन गौड नामक युवक के घर के सामने खड़ा हो गया। इस बीच उसे देखकर सचिन अपने घर से बाहर निकल आया और उसने प्रमोद से घर के सामने खड़े होने का कारण पूछा। प्रमोद ने सचिन को जवाब दिया। लेकिन उसके जवाब से सचिन जरा भी संतुष्ट नहीं हुआ। सचिन को संदेह था कि वह चोरी की नीयत से खड़ा है। तभी सचिन ने वहीं पर पड़ा एक डंडा उठा लिया और प्रमोद की जमकर पिटाई शुरू कर दी। मारपीट के दौरान सिर पर डंडा लगने से प्रमोद गंभीर रूप से घायल हो गया।

शोर सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। उसी दौरान किसी ने प्रमोद को पहचान कर उसके परिजनों को सूचना दी। प्रमोद के परिजन तुरंत उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए। जहां कुछ देर बाद ही प्रमोद ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने सचिन गौड के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

**घरेलू विवाद में पत्नी की हत्या** : डबुआ कालोनी के उत्तम नगर में रहने वाले एक व्यक्ति ने घरेलू विवाद को लेकर पत्नी की गला घोट कर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी ने मामले की सूचना डायल 112 पर पुलिस को दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेने के बाद आरोपी प्रमोद को हिरासत में ले लिया। महिला का शव पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया गया है। मूलरूप से अलीगढ़ का रहने वाला शिवम डबुआ कालोनी के उत्तम नगर में मुर्गी फार्म के पास रहता है। वह नीलम चौक के पास एक कंपनी में काम करता था। शिवम ने करीब एक साल पहले मीना नामक युवती से शादी की थी। शादी के बाद से दोनों के बीच झगड़े होते रहते थे। रविवार दोपहर को फिर झगड़ा होने पर शिवम ने मीना की गला घोट कर हत्या करने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने महिला के परिजनों को सूचना दे दी है। उनके आने पर आगे की कार्रवाई होगी।

# फ्लाईओवर संघर्ष समिति ने फूंका विधायक का पुतला



विधायक नयन पाल रावत का पुतला फूंकते चंदावाली फ्लाई ओवर संघर्ष समिति के सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**चंदावली** फ्लाईओवर संघर्ष समिति का धरना 22 वें दिन प्रवेश कर गया और धरने की अध्यक्षता देवीराम चहल ने की। जैसा कि संघर्ष समिति ने एलान कर रखा था कि रविवार के दिन पृथला के विधायक नैनपाल रावत का पुतला दहन व घेराव किया जाएगा।

उसी बात को लेकर आज संघर्ष समिति के द्वारा तय समय पर चंदावली बाईपास धरने से नैनपाल रावत के पुतले को लेकर पैदल मार्च करते हुए नैनपाल रावत के ऑफिस आईएमटी पर पुतला फूंका गया और विधायक नैनपाल रावत का घेराव किया गया। पुतला दहन करते समय किशन सिंह चहल और विधायक का घेराव करते समय ईश्वर लांबा ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक और अधिकारियों को ज्ञापन दिये है लेकिन अभी तक भी चंदावली बाईपास पर फ्लाईओवर की मांग पूरी नहीं हुई और अभी तक कोई भी जनप्रतिनिधि हमारे धरने पर नहीं आया है यहां तक कि पृथला विधायक नैनपाल रावत भी अभी तक धरने पर नहीं पहुंचे हैं और धरने को लेकर उल्टी-सीधी बयानबाजी कर रहे हैं जिससे कि पूरे इलाके में विधायक के प्रति भारी रोष है। चंदावली फ्लाईओवर संघर्ष समिति के प्रवक्ता जसवंत पवार ने बताया कि चंदावली बाईपास पर फ्लाईओवर ना बनने के कारण 80 गांव के लोगों में विधायक नयनपाल रावत के प्रति भारी रोष है।

# नए कार्यकर्ताओं के जुड़ने से संगठन होगा मजबूत : गोपाल शर्मा

## देश और प्रदेश में गरीबों की आवाज सुनने वाली सरकारः गोपाल शर्मा

## मोदी-मनोहर के नेतृत्व में सही मायनों में हो रहा है, विकास : गोपाल शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



सेक्टर 15 स्थित बीजेपी कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन करते समाज सेवी।

**भाजपा** जिला कार्यालय अटल कमल पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला सचिव मेघना श्रीवास्तव ने जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा की उपस्तिथि में हर्षदीप वर्मा, डॉ.अरविंद शर्मा, विकास चिरंग, अतुल शर्मा, प्रशांत शर्मा, संजय शेखर, सतीश कुमार गुप्ता, संजीव हांडा, प्रह्लाद शर्मा आदि कई समाजसेवकों को भाजपा ज्वाइन करवाई। गोपाल शर्मा ने उनको पटका पहनकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका पार्टी में स्वागत किया और पार्टी की सदस्यता दिलवाई।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष बिजेन्द्र नेहरा,भाजयुमो जिला अध्यक्ष पंकज सिंगला और भाजयुमो जिला सचिव करण गोयल उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने इस उपलक्ष्य में कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच और कुशल नेतृत्व में देश हर मोर्चे पर आगे बढ़ रहा है अंत्योदय के मूल मंत्र पर चल प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की केन्द्र सरकार देश के गरीब, किसान,मजदूर, युवा, महिला और पिछड़ों को सशक्त करने का कार्य कर रही है। देश में गरीबों की आवाज सुनने वाली सरकार है। मोदी के कुशल नेतृत्व में देश की सीमाएं सुरक्षित और मजबूत हुई हैं भारत का विश्व में मान बढ़ा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पिछले आठ सालों में प्रदेश का चंहुमुखी विकास हुआ है। बेहतर सुशासन व्यवस्था से प्रदेश में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई गई है और अंत्योदय के मूल मंत्र पर चलकर गरीब, किसान, पिछड़ों और महिलाओं और युवाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाओं को लागू कर विकास कर जन जन को सशक्त करने का काम किया है।

# अर्थव्यवस्था पार्क पॉलिसी परिसंवाद में एमआरएआई नॉलेज पार्टनर घोषित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मुंबई** में महाराष्ट्र राज्य सरकार के उद्योग विभाग और एमआरएआई ने संयुक्त रूप से अग्रणी रिसाइकलर्स, नीतिनिर्माताओं, बिज़नेस लीडर्स, एसपीसीबी, आईआईटी, नागरिक समाज संस्थाओं और विशेषज्ञों के साथ महाराष्ट्र में चार प्रस्तावित चक्रीय अर्थव्यवस्था (सर्कुलर इकोनॉमी-सीई) पार्क के लिए एक नीतिगत ढांचे के गठन हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया ताकि रिसाइकलिंग के दर का इष्टमीकरण हो, प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा हो, पर्यावरण प्रदूषण को कम किया जा सके, रोजगार के अधिक अवसरों का निर्माण हो और साल 2070 तक कार्बन न्यूट्रेलिटी के भारत के संवहनीय विकास लक्ष्य को हासिल किया जा सके। मुंबई में कोर्टयार्ड बाय मैरियट मुंबई अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट में आयोजित महाराष्ट्र राज्य चक्रीय अर्थव्यवस्था पार्क पॉलिसी परिसंवाद में डॉ. हर्षदीप कांबले (आईएएस), प्रधान सचिव -उद्योग एवं खान विभाग, महाराष्ट्र राज्य सरकार, संजय मेहता, अध्यक्ष, एमआरएआई, अमर सिंह, महासचिव, एमआरएआई और आनंद परांजपे, डायरेक्टर ईएंडवाय मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में राज्य में चक्रीय अर्थव्यवस्था पार्क पॉलिसी विकसित करने की महाराष्ट्र सरकार की परियोजना के लिए नॉलेज पार्टनर के रूप में एमआरएआई की आधिकारिक रूप से घोषणा की गई।

महाराष्ट्र में प्रस्तावित चक्रीय अर्थव्यवस्था पार्क के लिए



कच्ची सामग्री की उपलब्धता, लॉजिस्टिक्स, सामान्य इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं, अनुसंधान और विकास, उत्कृष्टता केंद्र, कौशल विकास केंद्र, राज्य एवं केंद्र सरकार से अनुदान, कचरा उठाने वालों की आय में वृद्धि कैसे करें, सिंगल विंडो क्लीयरेंस के साथ व्यापार करने में आसानी और अन्य संबंधित विषयों पर रिसाइकलिंग हितधारकों के सुझावों के बारे में चर्चा करना इस परिसंवाद का लक्ष्य था।

संजय मेहता, अध्यक्ष, एमआरएआई ने कहा, 'प्रस्तावित सीई पार्क संपूर्ण आर्थिक विकास में सहायता करेगा और राज्य में ज्यादा निवेश लाने का काम करेगा। इसके साथ ही यह रिसाइकलिंग के दर में वृद्धि लाने में सहायता करेगा। जल्द ही एक अध्ययन शुरू किया जाएगा ताकि कचरा, कचरा एकत्रित करने वाले और रिसाइकलर्स इत्यादि की जानकारी प्राप्त की जा सके। डाटा के आधार पर बैंक कर्ज़ उपलब्ध करा सकते हैं और सरकार अविकसित तबकों के विकास के लिए निधि दिए जाने पर विचार कर सकती है। करीब एक दशक से एमआरएआई द्वारा चक्रीय अर्थव्यवस्था के क्रियान्वयन के लिए अनुसंधान किया जाता रहा है।

# खेल नीति की बदौलत आ रहे 30 प्रतिशत मेडल : रावत

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद



सेक्टर 12 स्थित खेल परिसर आयोजित राज्य स्तरीय खेलो हरियाणा प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पृथला के विधायक एवं हरियाणा वेयरहाउस के चेयरमैन नयन पाल रावत का स्वागत करते बच्चे।

**पृथला** विधान सभा क्षेत्र के विधायक एवं चेयरमैन हरियाणा वेयरहाउस नयन पाल रावत ने कहा कि उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ही खेल नीति का प्रभाव है कि हरियाणा के युवा लगाता लगातार खेल प्रतियोगिताओं में अपना झंडा बुलंद कर रहे हैं। वे रविवार को खेल परिसर सेक्टर-12 में खेलों हरियाणा 2022 के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रहे थे। पृथला विधान सभा क्षेत्र के विधायक एवं चेयरमैन हरियाणा वेयरहाउस नयन पाल रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की वजह से ही आज भारत के 30 परसेंट मेडल हरियाणा में आ रहे हैं। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही देन है कि आज देश के 30 परसेंट मेडल हरियाणा के खिलाड़ी लेकर आ रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी पर भी तंज कसते हुए कहा कि देश में 70 साल में सबसे ज्यादा राज करने वाली पार्टी ने राज करने के बाद ही कुछ नहीं किया तो अब इस यात्रा से कुछ होने वाला नहीं है। कांग्रेस ने हमेशा जातिवाद और धर्म के नाम पर देश को तोड़ने का काम किया है। इस मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों को मेडल देकर भी सम्मानित किया। जो बच्चे प्रथम और द्वितीय स्थान पर आए उन को प्रोत्साहन राशि भी मेडल के साथ-साथ दी गई है। इस प्रतियोगिता में हरियाणा के करीब 800 से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और यह प्रतियोगिता 3 दिन तक चली जिसका आज समापन हो गया है। भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में हरियाणा सरकार का प्रयास है, कि जो बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं। ऐसे खेलों से उनको भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। जजपा के जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल और डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने हरियाणा को भारत ही नहीं बल्कि विश्व स्तर अलग पहचान बनाने का काम किया है। प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं का अन्य प्रांत भी अनुसरण कर रहे हैं। जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी देवेन्द्र सिंह ने मेहमानों का तहेदिल से शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि हरियाणा खेल नीति का देश में अनुसरण किया जा रहा है।

आपकों बता दें जिला फरीदाबाद मे खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग, हरियाणा पंचकूला द्वारा मलखंब, शूटिंग तथा खो-खो मे आयोजित कराये जा रहे राज्य स्तरीय खेलों हरियाणा गेम्स का आज मुख्यातिथि श्री नयनपाल रावत, विधायक पृथला चेयरमैन हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन द्वारा अपने करकमलो से विजेता खिलाड़ियों को नकद ईनाम व मैडल से सम्मानित करते हुए समापन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर नीरज शर्मा, विधायक एनआईटी, जिला फरीदाबाद बीजेपी के अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जजपा के जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया भी उपस्थित थे।

# धार्मिक गतिविधियों से तन मन को मिलती है मजबूती : नागर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**सेक्टर 85** पुरी प्राणायाम सोसाइटी में शनिदेव एवं बजरंग बली चौकी का आयोजन किया गया जिसकी ज्योति प्रज्वलित विधायक राजेश नागर ने की और जनहित के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि धर्म ही हमें जीने का संबल प्रदान करता है। धर्म से ही हम अपने जीवन का अर्थ समझ पाते हैं। नागर ने कहा कि धर्म हमें शक्ति प्रदान करता है।

एक धार्मिक व्यक्ति गलत कार्यों से बच जाता है। इसलिए, हम सबको अपने जीवन के सवालों के जवाब धर्म में खोजने चाहिए। उन्होंने चौकी के आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि धार्मिक गतिविधियों का आयोजन करने वाले व्यक्ति दोगुना पुण्य प्राप्त करते हैं एक वह सीधे धार्मिक आयोजन से अपने ईष्ट की कृपा प्राप्त करते हैं दूसरी ओर वह अन्य लोगों को भी धर्म मार्ग में लगाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। यहां पहुंचे विधायक राजेश नागर ने कहा कि कलियुग में हनुमान जी को चिरंजीवी देवता कहा गया है जिनका पूजन तुरंत फल प्रदान करने वाला है। वहीं शनिदेव जी को अच्छे बुरे कर्मों का न्याय करने वाला देवता कहा गया है। दोनों ही देवता थोड़ी सी भक्ति में प्रसन्न होकर कृपा प्रदान करने वाले हैं। लेकिन हमें भी अपने जीवन में इनके चरित्र से शिक्षा लेनी चाहिए। हमें भी जहां कहीं गलत होता हो, उसका विरोध करना चाहिए, सबकी मदद करनी चाहिए और न्याय के दौरान सही के साथ खड़ा होना चाहिए। इस अवसर पर नितिन अरोड़ा, रमेश चंद्र अरोड़ा, ईशान अरोड़ा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### एक्स अंडर फिफ्टीन आर्मी टीम ने 20 रन से जीता मैच




मैन आफ द मैच का खिताब खिलाड़ी को देते प्रवीण मोहंती।

**फरीदाबाद।** सेक्टर-86 स्थित स्लेजहैमर क्रिकेट ग्राउंड पर इंडिविजुअल मैच खेला गया। 25 ओवर का यह मैच एक्स अंडर फिफ्टीन आर्मी टीम और एआरसी (एसेट राईवल क्लब) के बीच खेला गया। जिसमें एक्स अंडर फिफ्टीन आर्मी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 225 रन बनाते हुए यह मैच 20 रनों से जीत लिया। जिसमें मरिन सैनी ने 49 गेंदों पर 77 रन बनाए। वहीं राहुल ने 39 गेंदों पर 66 रन बनाए। एआरसी के गेंदबाज योगांश ने 2 विकेट लिए। वहीं विवेक कुमार और मनीष ने 1-1 विकेट लिया। वहीं एआरसी ने 25 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 205 रन बनाए। जिसमें जगदीश नेलवाल ने 51 गेंदों पर 56 रन बनाए। वहीं मनीष ने 32 गेंदों में 51 रन बनाए। योगांश ने 22 गेंदों पर 44 रन बनाए। वहीं एक्स अंडर फिफ्टीन आर्मी टीम के गेंदबाज रवि तेवतिया और प्रवीन थापर ने 2-2 विकेट लिए। वहीं महेश रावत, राहुल तेवतिया और पार्थो विश्वास ने 1-1 विकेट लिया। अंत में प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी के उपकप्तान प्रवीण मोहंती ने एक्स अंडर फिफ्टीन आर्मी टीम के खिलाड़ी राहुल तेवतिया और बेस्ट बेट्समैन का खिताब ने मरीनल सैनी को दिया। वहीं बेस्ट गेंदबाज का खिताब योगांश को दिया गया।

### हरमन जूनियर चैस टूर्नामेंट 2022 का आयोजन



**फरीदाबाद।** हरमन चैस एकेडमी द्वारा वर्ग छह, आठ, 10, 12 एवं वर्ग 14 लड़के तथा लड़कियों का मैच ग्लोबर हेल्थ सक्वेयर सेक्टर-14 फरीदाबाद में आयोजित किया गया। जिसमें विजेताओं को फरीदाबाद के सभी चैस कोचों ने पुरस्कार वितरित किये। इसके परिणाम इस प्रकार है, जिसमें अंडर-6 बॉयज में प्रथम अमय शंखधर, द्वितीय प्रनीत रस्तोगी, तृतीय स्थान पर भव भल्ला रहे। अंडर-6 गर्ल्स में पहले स्थान पर ग्रवीता कपूर, दूसरे स्थान पर राश्वी राना रहे। अंडर-8 बॉयज में पहले स्थान पर आरव विष्ट, दूसरे पर हार्दिक जिंदल और तीसरे पर ऋषि बंसल रहे। अंडर-8 गर्ल्स में पहले स्थान पर प्रीष्ठा, दूसरे स्थान पर समायरा अदलखा और तीसरे स्थान पर तृषा लखानी रहे। अंडर-10 बॉयज में पहले स्थान पर आरव गुलिया, दूसरे स्थान पर गुरनूर कौर और तीसरे स्थान पर दिव्यांश कुमार रहे। अंडर-10 गर्ल्स में पहले स्थान पर तनिष्का, दूसरे पर भानवी आहूजा और तीसरे स्थान पर समीक्षा मान रहे। अंडर-12 बॉयज में पहले स्थान पर जतिन अग्रवाल, दूसरे पर भविन सरोत और तीसरे पर समर गोयल रहे। अंडर-12 गर्ल्स में पहले स्थान पर काश्वी सबरवाल, दूसरे पर मीतालीधीर और तीसरे स्थान पर मान्यप्रीत कौर रहे। अंडर-14 बॉयज में पहले स्थान पर एस श्रीरंजन, दूसरे स्थान पर गौरांग गोयल, तीसरे स्थापन पर श्रीराम गोपी रहे। वहीं अंडर-14 में पहले स्थान पर खुशी बहल और दूसरे स्थान पर दिव्याप्रीत कौर रहे।

### पानी व सीवरेज की समस्या का होगा निदान : नरेंद्र गुप्ता



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेंद्र गुप्ता सेक्टर-16 में फ़ैड्स रेजीडेंट्स वैलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत स्थानीय लोगों से रूबरू हुए और उनकी समस्याएं सुनीं। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता का एसोसिएशन के पदाधिकारियों व स्थानीय लोगों की ओर से स्वागत किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान दीपक भाटिया, संदीप बंसल, भाजपा उपाध्यक्ष पंकज रामपाल, निवर्तमान पार्षद छत्रपाल, भाजपा मंडलाध्यक्ष कुलदीप साहनी, विपिन मेंहदीरत्ता, एसो. के पूर्व प्रधान नवीन चौधरी, संजय सचदेवा, ओपी गेरा आदि उपस्थित थे। इस मौके पर काफी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में करवाए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी लोगों को दी। उन्होंने कहा कि वे समस्याओं के स्थाई समाधान में विश्वास रखते हैं। यही कारण है कि विकास कार्य पूरा होने में थोड़ा समय जरूर लग रहा है परंतु लोगों को लंबे समय तक समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर सेक्टर-16 के निवासियों ने सीवरेज व पानी की समस्या से उन्हें अवगत कराया जिस पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने मोके पर ही नगर निगम के एसडीओ करतार दलाल को निर्देश दिए कि इस संदर्भ में काम शुरू किया और लोगों को समस्या से निजात दिलाई जाए। इसके अलावा पानी की समस्या को लेकर भी फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में पानी की समस्या के स्थाई समाधान के संदर्भ में उन्होंने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पानी, सड़क, सीवरेज समेत तमाम समस्याओं के समाधान को लेकर लगातार अधिकारियों से बैठकें कर उन्हें निर्देश दिए जा रहे हैं। इस मौके पर सैक्टर-16 के निवासियों ने अनेक विकास कार्य करवाने के लिए विधायक नरेंद्र गुप्ता का आभार भी व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता द्वारा स्थानीय पार्क में धौलपुर पत्थर, टाइलें लगाने सहित अन्य जीर्णोद्वार कार्य का नारियल फुड़वाकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता व समाजसेवी संदीप बंसल ने विधायक नरेंद्र गुप्ता का विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया और आग्रह किया कि सैक्टर की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निदान करवाएं।

### जेसी बोस में रंगारंग फ्रेशर्स डे समारोह का हुआ आयोजन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के छात्र कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा नए विद्यार्थियों के स्वागत के लिए रंगारंग फ्रेशर्स डे समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन जूनियर्स और सीनियर्स के बीच भावनात्मक जुड़ाव पैदा करते हैं, जिसे छात्र जीवन भर याद रखते हैं। इस मौके पर छात्र क्लबों ने कई सांस्कृतिक गतिविधियां प्रस्तुत कीं। इन सभी गतिविधियों में नए बैच के छात्रों ने भी हिस्सा लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे गीत, भांगड़ा, हरियाणवी और पश्चिमी नृत्य, योग प्रदर्शन, नाटक और तकनीकी प्रोजेक्ट प्रदर्शनी कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे। कार्यक्रम का समापन डीजे इवनिंग के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान मिस्टर एंड मिस फ्रेशर और मिस्टर एंड मिस टैलेंट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और विजेताओं को कुलपति प्रो. तोमर द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविंदर सिंह के मार्गदर्शन में किया गया, जबकि संचालन डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. शिल्पा सेठी व डॉ. सोनिया ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्लब समन्वयक डॉ. हरीश, डॉ. प्रीति, डॉ. अस्लेषा, डॉ. संगीता और सुश्री लविता ने भी कार्यक्रम के सुचारू संचालन में योगदान दिया। कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर डीन (संस्था) प्रो. संदीप ग्रोवर, प्रो. राज कुमार, डॉ. नीतू गुप्ता और अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित थे।

# शेख हसीना पर संकट
## बीएनपी को जन समर्थन

**बांग्लादेश** की प्रधानमंत्री शेख हसीना संकट में हैं क्योंकि उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी-बीएनपी को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। बांग्लादेश की जनता में बेचैनी है और यह समय बीतने के साथ बढ़ रही है। यदि हाल ही में ढाका में हुए प्रदर्शन कोई संकेत हैं तो यह समय 2009 में सत्ता में आने के बाद से शेख हसीना के लिए सबसे कठिन समय है। बांग्लादेश की मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी-बीएनपी हसीना पर जन प्रदर्शनों के माध्यम से भारी दबाव बना रही है। बीएनपी प्रधानमंत्री शेख हसीना से इस्तीफा देने तथा जल्दी चुनावों की घोषणा की मांग कर रही है। एक सप्ताह तक चले विरोध प्रदर्शनों के बाद बीएनपी ने देश की राजधानी ढाका में एक विशाल विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया। विपक्षी पार्टी बांग्लादेश की जनता को बढ़ती कीमतों के खिलाफ लामबंद करते हुए प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग कर रही है। बीएनपी की मुख्य मांग एक 'केयरटेकर' या अंतरिम सरकार के अंतर्गत जल्दी चुनाव कराना है। बीएनपी नेताओं का कहना है कि हसीना सरकार रहते हुए स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं हैं। इसके साथ ही बीएनपी अपनी नेता व पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया तथा उनके बेटे तारिक रहमान के खिलाफ मामले वापस कराना चाहती है। शेख हसीना की सरकार पर दबाव डालने के लिए बीएनपी के सभी सात सांसदों ने संसद से इस्तीफा दे दिया है। अवामी लीग नेता तथा 2009 से सत्तारूढ़ प्रधानमंत्री शेख हसीना पर पिछले दो चुनावों में हेराफेरी का आरोप लगाया गया था और विपक्ष ने इन चुनावों का बहिष्कार किया था।



यह एक तथ्य है कि शेख हसीना विपक्ष के प्रति असहिष्णुता प्रदर्शित करती रही हैं। उन्होंने विपक्ष द्वारा किए विरोध को हमेशा कठोरतापूर्वक कुचला है। विरोधियों के खिलाफ उनकी निर्मम कार्रवाई की अनेक मानवाधिकार एक्टिविस्टों ने निन्दा भी की है। वास्तव में, शेख हसीना सरकार के पिछले दस साल में बीएनपी सदस्यों के खिलाफ 1,80,000 मामले दर्ज किए गए हैं। मानवाधिकार मुद्दों पर नजर रखने वाले लोगों के अनुसार शेख हसीना के लगभग 3,000 विरोधियों की अधिकारियों ने हत्या करा दी है। विपक्षी नेताओं ने सरकार पर आरोप लगाए हैं कि सरकार ने हालिया विरोध प्रदर्शनों में उनके समर्थकों के आने में बाधायें डाली हैं। विपक्षी पार्टियों की सरकार के खिलाफ लामबंदी को विफल करने के लिए बीएनपी के लगभग 2,000 पार्टी एक्टिविस्टों व नेताओं को ढाका रैली के पहले गिरफ्तार किया गया था। बीएनपी महासचिव मिर्जा फ़ख़रुल इस्लाम आलमगीर को रैली के एक दिन पहले गिरफ्तार किया गया। आलमगीर वर्तमान समय में पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि व्यापक जन-समर्थन तथा अनेक वादे कर सत्ता में आई शेख हसीना उन्हीं लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं जिन्होंने उनको वोट देकर सत्ता में पहुंचाया है। इस प्रकार वे लगभग एक स्वेच्छाचारी बन गई हैं। न केवल विरोधी राजनेता, बल्कि आम जनता भी सरकार के खिलाफ बोलने पर दमन की शिकायत कर रही है। इस बीच बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था का प्रबंधन ठीक नहीं है, जबकि पहले यह तेजी से प्रगति कर रही थी। बढ़ती मुद्रास्फीति से आम जनता का जीवन बहुत कठिन हो गया है। बहुत सी जरूरी चीजें भी लोगों की खरीद शक्ति से बाहर हो रही हैं। ऐसे में आश्चर्य नहीं कि बीएनपी को जनता में भारी समर्थन मिल रहा है और जनता के विरोध प्रदर्शनों से शेख हसीना के 'विकास' दावों पर सवाल उठ रहे हैं। लेकिन इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि शेख हसीना निरंतर भारत-मित्र रही हैं तथा बीएनपी व अन्य पार्टियों में शामिल कट्टरपंथी व इस्लामवादी जिहादी तत्वों पर लगाम लगाते हुए उन्होंने बांग्लादेश में काफी सीमा तक पंथनिरपेक्षता को जीवित रखा है। इसलिए शेख हसीना पर संकट व उनकी लोकप्रियता में कमी भारत की जनता के लिए चिन्ता का विषय है।

# कांग्रेस को सिखाएं व्यावहारिकता

पूर्व प्रधानमंत्री को इस प्रार्थना के साथ एक खुला पत्र कि वे कांग्रेस को आत्मघाती राजकोषीय रास्ते पर चलने से हतोत्साहित करें।



सुमित भसीन
(लेखक, लोक नीति शोध केंद्र के निदेशक हैं)



**सम्माननीय** डा. मनमोहन सिंह जी,
देश की जनता आपकी प्रशंसा करती है क्योंकि आपने स्वर्गीय प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव के कार्यकाल में वित्त मंत्री के रूप में भारत को आर्थिक सुधारों के रास्ते पर लाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने आर्थिक ढांचा बनाने का महान काम किया था जिसने दिखा दिया कि अर्थव्यवस्था समाज के सर्वाधिक संकटग्रस्त लोगों समेत जनता का ध्यान रख सकती है। वाजपेयी जी ने भारतीय राजनेता वर्ग को एक सहमति तैयार करने के लिए निर्देशित किया कि आर्थिक सुधारों से वापस लौटने का सवाल ही नहीं उठता है। अच्छी तरह स्थापित हुआ था कि केवल सुधार ही भारत को दुनिया में विभिन्न देशों की बिरादरी में सुस्थापित कर सकते हैं। हाल ही में भारत ने ब्रिटेन को पीछे धकेल कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन कर यह उपलब्धि प्राप्त की है। राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाला राजनेता वर्ग राजनीति में 'शार्ट कट' नहीं अपनाता है।

लेकिन कांग्रेस ने पार्टी को आत्म-विनाश के रास्ते पर डाल दिया है। दुःख की बात है कि कांग्रेस उस राजनीतिक सहमति की हत्या करने पर आमादा है जिसे आर्थिक सुधार के सर्वोच्च नेताओं ने बहुत परिश्रम से बनाया था। राजनीतिक शार्ट-कट एक प्रकार की 'रेवड़ियां' या खैरात है। कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश की सत्ता में आने के लिए रेवड़ी राजनीति का सहारा लिया। योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष मांटेक सिंह अहलूवालिया ने 'पुरानी पेंशन योजना'-ओपीएस की बहाली के राजनीतिक अवसरवाद को सबसे बड़ी 'रेवड़ी' कहा है। अहलूवालिया ने कहा है कि ओपीएस की वापसी सर्वाधिक अव्यावहारिक है। लेकिन अब कांग्रेस में अहलूवालिया के शब्दों का कोई महत्व नहीं है क्योंकि पार्टी राज्यों की सत्ता पर कब्जा करने के शार्ट-कट में अतिवादी कम्युनिस्टों को गले लगा रही है।

सभी जानते हैं कि ओपीएस के क्रियान्वयन से राज्य सरकारों की वित्त व्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी। राज्यों को अपरिहार्य रूप से अपने राजस्व का लगभग 25.6 प्रतिशत इस पर खर्च करना पड़ेगा। यह राज्य सरकारों के अपने राजस्व का एक चौथाई है। यदि इस खर्च को वर्तमान राज्य सरकार कर्मचारियों के वेतन से जोड़ दिया जाए तो राज्यों के पास अगली पीढ़ी के हितों की देखभाल के लिए शायद ही कुछ बचेगा। वास्तव में यह बहुत खतरनाक बात है कि आज समझदार लोग इस मुद्दे पर खामोश हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गाधी के साथ राजस्थान में 'भारत जोड़ो यात्रा' में शामिल हुए। बाद में राहुल गांधी ने राजन का एक साक्षात्कार लिया जिसमें पूर्व आरबीआई गवर्नर ने तर्क दिया कि सरकारों को निजी रोजगार को प्रोत्साहित करना चाहिए क्योंकि वित्तीय सीमाओं तथा गंभीर आर्थिक नीतियों के कारण राज्य कामगार जनसंख्या के एक प्रतिशत को भी नौकरी नहीं दे सकते हैं। राजन ने राहुल गांधी को यह भी बताया कि नौकरी की सुरक्षा तथा सुनिश्चित पेंशन जैसी पहलों के कारण लोग सरकारी नौकरियों की ओर देख रहे हैं।

निजी रोजगार की तुलना में सरकारी नौकरियों को ज्यादा आकर्षक बताने के माध्यम से राजन राहुल गांधी को यह संदेश दे रहे थे कि भारत निजी सेवायोजकों को हतोत्साहित कर सकता है, जबकि वास्तव में निजी क्षेत्र अपनी वर्तमान क्षमताओं को बढ़ा कर रोजगार बढ़ा सकता है। सरकारी नीतियां इस दिशा में सहायक सिद्ध हो सकती हैं। चार राज्यों ने ओपीएस क्रियान्वयन का निर्णय किया है। 2004 में विभिन्न पक्षों से व्यापक विचार-विमर्श के बाद वाजपेयी सरकार ने नई पेंशन योजना शुरू की थी। आपके नेतृत्व में संप्रग सरकार ने 10 साल के शासनकाल में एनपीएस में बदलाव की बात कभी नहीं सोची। केन्द्र और राज्य सरकारों ने कर्मचारियों के व्यापक हित में एनपीएस लागू की थी क्योंकि वे भी अपनी सेवानिवृत्ति फंड में मूल वेतन का 10 प्रतिशत योगदान कर सहभागी बन गए थे, जबकि सरकार इसमें 14 प्रतिशत का योगदान करती थी। सर्वोत्तम कौशल वाले पेशेवर फंड प्रबंधक एनपीएस में योगदान करने वालों के हितों का ध्यान रखते हुए यह सुनिश्चित करते थे कि उसे यथासंभव सर्वाधिक लाभ मिले।

विकसित अर्थव्यवस्थायें इसी प्रकार काम करती हैं। भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है तथा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य उसकी पहुंच में है। भारत को 18 साल में मिली उपलब्धियां केवल इसलिए नहीं गंवानी चाहिए कि जनता का आकर्षण खो चुकी कांग्रेस अतिवादी राजनीतिक शार्ट-कट अपनाने की ओर बढ़ रही है। कांग्रेस को ओपीएस का वादा करने पर हिमाचल प्रदेश में सत्ता मिली है। हिमाचल प्रदेश का पेंशन दायित्व पहले ही उसके अपने राजस्व का 80 प्रतिशत खर्च करता है। यही स्थिति राजस्थान, छत्तीसगढ़ व झारखंड की है। इन चार राज्यों ने एनपीएस के बजाय ओपीएस लागू करने का निर्णय किया है। ये राज्य निश्चित रूप से ओपीएस क्रियान्वयन के लिए संपत्ति निर्माण संसाधनों को हस्तांतरित करेंगे। इसका अर्थ भविष्य के लिए वर्तमान में चीजों को गिरवी रखना है। इन चार राज्यों में भावी पीढ़ी संकट का शिकार बनेगी क्योंकि जब वे काम करने योग्य बनेंगे तो उनके लिए अवसरों का संकट पैदा हो जाएगा। मनमोहन सिंह जी, आपको इस मुद्दे पर अवश्य बोलना चाहिए क्योंकि खामोश रहना राष्ट्रीय हितों के खिलाफ होगा। आपको कांग्रेस को बताना चाहिए कि वह अहलूवालिया की बात सुने कि ओपीएस की वापसी राज्य सरकारों के लिए वित्तीय रूप से विनाशकारी होगी। आपके सहयोगी अहलूवालिया ने स्पष्ट व जोरदार तरीके से कहा है कि एनपीएस का क्रियान्वयन सावधानीपूर्वक चर्चा व विचार-विमर्श के बाद किया गया था।

अब यदि इसे एनपीएस के स्थान पर लाया गया तो यह राज्यों के वित्त के लिए विनाशकारी सिद्ध होगा। इसी कारण लोग चाहते हैं कि आप अपनी चुप्पी तोड़ें, अपना विरोध दर्ज कराएं तथा कांग्रेस नेतृत्व को समझदारी के रास्ते पर चलने की सलाह दें। भारतीय रिजर्व बैंक की एक हालिया रिपोर्ट से पता चलता है कि कुछ राज्यों की अर्थव्यवस्था अव्यवस्था की शिकार है। रिपोर्ट में दयनीय आर्थिक स्वास्थ्य वाले राज्यों की सूची दी गई है। पंजाब ने हाल ही में केन्द्र से एक लाख करोड़ की सहायता मांगी है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भीख का कटोरा ले कर नीति आयोग की प्रशासनिक परिषद के पास पहुंचे और उन्होंने एक लाख करोड़ की सहायता मांगी क्योंकि राज्य की वित्त व्यवस्था संकट में है। 'खैरातों' की बेलगाम नीति के कारण पंजाब की वित्तीय स्थिति इतनी दयनीय हो गई है। यही स्थिति पश्चिम बंगाल, केरल और बिहार की है। यदि राज्यों को वोट पाने के लिए खैरातें बांटने से नहीं रोका गया तो भावी पीढ़ियों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। इसी कारण अहलूवालिया ने ओपीएस की वापसी को 'सबसे बड़ी खैरात' बताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों को राजकोषीय व्यावहारिकता के रास्ते पर चलने की सलाह दी है। केन्द्र ने हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में एक विस्तृत विचार-विमर्श का सत्र आयोजित किया जिसमें राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ पूरा विस्तृत विवरण साझा किया गया कि राज्य सरकारों की वित्त व्यवस्थाओं की क्या स्थिति है।

सार्वजनिक रूप से भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सुनिश्चित करने को कहा कि केन्द्र व राज्य सरकारों की गंभीर आर्थिक नीतियों के प्रति जनता का व्यापक समर्थन है। देश की जनता सुशासन का समर्थन करती है।

मोदी सरकार को लगातार दो बार बढ़ी शक्ति के साथ जनादेश मिला है क्योंकि उसने कठोर आर्थिक सुधार किए हैं। लोगों ने मोदी सरकार का इसलिए समर्थन किया क्योंकि वे जानते हैं कि कठोर निर्णय जनता के व्यापक हित में लिए गए हैं। मोदी सरकार शार्ट-कट नहीं अपनाती है। यह उन लोगों के लिए भी जरूरी है जो महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। आप ने अनेक वर्षों तक महत्वपूर्ण पदों पर रह कर उल्लेखनीय भूमिका निभाई है, इसलिए वर्तमान स्थिति पर आपको बोलना चाहिए।

# भारतीय कूटनीति का बदलता स्वरूप

"2023 में नई दिल्ली में नेताओं के शिखर सम्मेलन के दृष्टिकोण से निपटने के लिए विवादास्पद मुद्दे, परस्पर विरोधी हित वाले और उन्मादी होंगे।"

कुमारदीप बनर्जी
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



भारत एक नए साल की ओर बढ़ रहा है, अवसरों और बड़ी टिकट घटनाओं के साथ, इस बड़े लोकतंत्र को वैश्विक मंच पर भूराजनीतिक अर्थव्यवस्था की स्टीयरिंग स्थिति में मजबूती से रखने का वादा करता है। अगला साल उस दशक का पहला साल हो सकता है जो शुरुआती दो साल की महामारी संबंधी पाबंदियों से काफी हद तक मुक्त होगा और इसलिए बाहर जाकर रीसेट बटन दबाने की होड़ मची हुई है। यूक्रेन में युद्ध और ऊर्जा, उर्वरक और खाद्य कीमतों पर इसके संपार्श्विक प्रभाव निराशाजनक हैं लेकिन अगले तीन महीने निर्णायक होंगे। मार्च के मध्य तक सर्दियों का तापमान काफी हद तक यूक्रेन और रूसी सैनिकों की धैर्य की परीक्षा लेगा और बर्फ युद्ध के भाग्य को किसी भी दिशा में मोड़ सकती है। हालांकि, जो अधिक चुनौतीपूर्ण होगा, वह प्रभाव है गैस की कमी मजबूर बिजली और हीटिंग ब्लैकआउट का बड़ा यूरोपीय आबादी पर प्रभाव है। बड़े और अधिक शक्तिशाली यूरोपीय राष्ट्रों ने अब तक एक बहादुर चेहरा पेश किया है और रूस पर प्रतिबंध लगाने के लिए रूस पर प्रतिबंध लगाने के लिए उसे आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया है। हालांकि, उप-ठंड सर्दियों के तापमान, महत्वपूर्ण सर्दियों के महीनों के दौरान सरकार के फैसले के खिलाफ एक सार्वजनिक आक्रोश, पहियों को बहुत अच्छी तरह से बदल सकता है।

इस बीच, रूसी अर्थव्यवस्था ने भी वैश्विक प्रतिबंधों के आर्थिक प्रभाव को महसूस करना शुरू कर दिया है और इसे लंबे समय तक जारी रखना असंभव हो सकता है। दोनों तरफ से चेहरा बचाने की कवायद, एक समझौता फार्मूला, बहुत जरूरी राहत हो सकती है, जिसका दुनिया




इंतजार कर रही है। यह भारत को सीधे युद्ध में ले आता है, जहां प्रारंभिक आलोचना का सामना करने के बाद, इसके स्पष्ट कथन 'आज का युग युद्ध का नहीं है' को जी-20 बाली नेताओं के शिखर सम्मेलन की घोषणा में वर्ष की शुरुआत में प्रमुखता मिली है। ब्रिटेन के विदेश सचिव ने इस सप्ताह राष्ट्र के नाम अपने पहले संबोधन में यूरोप में शांति की दलाली करने की कोशिश में भारत की भूमिका की सराहना की।

भारत ने वर्ष की शुरुआत एक अनिश्चित नोट पर की, क्योंकि यह एक घातक दूसरी लहर से बाहर आ रहा था, जिसने अपने नागरिकों के विशाल झुंड की कमर और मनोबल को तोड़ दिया था। इस बीच, भारत को भारी आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ रहा था, जिसमें रूस से हाइड्रोकार्बन खरीदना बंद नहीं करने पर सीमित प्रतिबंध व्यवस्था में शामिल होने की धमकी भी शामिल थी। भारतीय नीति निर्माताओं, मंत्रियों, नौकरशाहों ने पहली बार मुख्य रूप से अमेरिका और पश्चिमी देशों से लगातार मजाक के लिए एक जवाबी कहानी तैयार करने के लिए एक गठजोड़ किया। उन्होंने यूक्रेन में रूसी आक्रमण को बढ़ावा देने के आरोपों का मुकाबला करने के लिए नीति निर्माताओं के सभी वाक्पटु समूह को सावधानीपूर्वक एक तथ्य पत्रक तैयार किया और एक प्रकार का टूल किट सौंप दिया। इसके साथ ही, भारत ने अपने लगभग तटस्थ रुख से हटकर यूक्रेन में सैन्य आक्रामकता के संबंध में अपने पुराने सहयोगी रूस को दृढ़ और विनम्र संदेश देने का फैसला किया, अपने किसी भी रणनीतिक सहयोगियों और दोस्तों के साथ अपने संबंधों को खराब किए बिना। इसके परिणामस्वरूप 'आज युद्ध का युग नहीं है', संकट पर एक तीखी टिप्पणी, जो लगभग सभी जी-20 देशों को स्वीकार्य है। यह चुस्त नीति निर्माण और कूटनीति है जिसकी भारत को जरूरत है क्योंकि यह अगले साल जी20 की अध्यक्षता में गहराई तक जाता है। 2023 में नई दिल्ली में नेताओं के शिखर सम्मेलन के दृष्टिकोण से निपटने के लिए विवादास्पद मुद्दे, परस्पर विरोधी हित और उन्मादी होंगे। 2023 उसे क्रियान्वित करने और लंबे समय तक चलने वाला प्रभाव छोड़ने का समय है।

## आप की बात

### न्यायिक प्रक्रिया में अन्याय

**यह** सर्वविदित है कि न्याय प्रक्रिया इतनी लम्बी है कि बरसों गुजर जाते हैं और लोगों को न्याय नहीं मिल पाता है। कहीं न कहीं कानूनी प्रक्रिया दोषपूर्ण है या फिर प्रक्रिया को लंबित करने में कानूनी दांव-पैच बाधक बनते हैं. मामले किसी भी तरह के हों उनका निपटान इतना दीर्घ नहीं होना चाहिए कि या तो बरसों बीत जाए या पीढ़ी गुजर जाए. हाल ही में संसद में गूंज हुई कि देश में न्यायाधीशों की कमी या नियुक्ति में देरी से 4.90 करोड़ प्रकरण लंबित हैं। इसी तरह महिलाओं के प्रकरण में एक खबर के अनुसार बताया गया है कि देश में 1,93 महिलायें न्याय की आस में काफी समय से कोर्ट के चक्कर लगा रही हैं। हालांकि बारीकी से जांच और सबूत एकत्रित करने में समय लगता ही है। और बेहतर न्याय के लिए ये प्रक्रियाएं अनिवार्य भी हैं। अगर तारीख पर तारीख और तारीख पर तारीख एवं कानूनी दांव-पेंच में उलझाने वाली प्रक्रियाओं पर न्यायविद और सरकार मनन करके मुवक्किल के समय और धन की बचत करने का कोई रास्ता खोज सकते हैं तो अवश्य न्यायायिक प्रक्रिया को सुलभ और सरल बनाया जा सकता है एवम न्याय के साथ होने वाले अन्याय को रोका जाकर मुवक्किल को शीघ्र न्याय दिलाने में मदद की जा सकती है।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### डॉ आंबेडकर का योगदान

**देश** के सभी राजनीतिक दल संविधान निर्माता डॉ आंबेडकर को आदर्श मानते हैं इसलिए संसद के मौजूदा सत्र में दलों को एकमत होकर डॉ अंबेडकर के नाम पर भारत के नवनिर्मित संसद का नाम रखा जाए। संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर द्वारा भारतीय जनमानस की सुरक्षा, स्वास्थ्य, संवैधानिक एवं न्यायिक अधिकारों के लिए निर्मित भारत के संविधान के महत्व को ध्यान में रखते हुए यह आवाज उठना स्वाभाविक है. यह कार्य बाबा साहब डॉ अंबेडकर के द्वारा किए गए महान योगदान के महत्व को रेखांकित करेगा एवं डॉक्टर अंबेडकर की प्रसंगिकता को बढ़ावा मिलेगा। 14 अप्रैल, बाबासाहेब डॉ अंबेडकर की जयंती पर देशभर के हजारों प्रगतिशील समाज के प्रतिनिधि संसद के प्रांगण में बाबासाहेब डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष एकत्रित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। बाबा साहब की प्रतिमा संसद के प्रांगण में लगे होने के कारण स्वयं को भी गौरवान्वित महसूस करते हैं। इस परंपरा को भारत की संसद में कायम रखने के लिए भी यह बेहद महत्वपूर्ण है कि नवनिर्मित भारत की संसद का नाम बाबासाहेब डॉ अंबेडकर के नाम पर रखा जाए एवं एक आदमकद प्रतिमा संसद के प्रांगण में प्रतिष्ठित की जाए।

– **वींरेंद्र कुमार जाटव**, नई दिल्ली

### बढ़ता देह व्यापार

**देह** व्यापार काफी बड़े स्तर पर फैल चुका है। प्रत्येक शहर में ऐसा कोई होटल नही बचा है जहां नवयुवक एवं नवयुवतियां दिखाई न पड़ते हों , इनमे कई नौजवान युवक युवतियां सिर्फ प्यार के चक्कर मे अपनी जिंदगियां बर्बाद कर रहे है देह व्यापार में कई ऐसे सफेदपोश लोग है जिनके नाम अगर उजागर कर दिए जाएं तो हड़कंप मच जाएगा। कई ऐसे होटल संचालक है जो रुपयो के लालच में इस कदर अपना जमीर बेच चुके है कि उनके प्रतिष्ठानो में नाबालिक बच्चियां भी आ रही है उनको रोकने एवं समझाने की बजाए ऐसे लोग इनसे देह व्यापार का बढ़ावा देकर अपनी जेब गर्म कर रहे है। जब भी ऐसे लोगो के विरुद्ध आवाज उठाई जाती है तो सभ्य मानव समाज कहे जाने वाले लोगों में कुछ लोग विरोध करते है जो हों रहा है उसको होने दो।सबसे ज्यादा शर्मनाक बात इससे ज्यादा क्या हो सकती है जो समाज मे समाज सेवी एवं प्रतिष्ठत व्यक्ति का लबादा ओढ़े है वही लोग देह व्यापार को बढ़ावा दे रहे है। हमारे समाज मे महिलाओं की स्थिति अत्यंत दयनीय एवं मार्मिक है।

– **योगेंद्र गौतम**, उन्नाव

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**हम** चीन से आयात बंद क्यों नहीं कर देते हैं? चीन से आयातित अधिकांश चीजें भारत में बनती हैं।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**रक्षा** मंत्रालय भारत-चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा पर हो रही घटनाओं पर नजर रखे है।

– **पैट राइडर**
पेंटागन के प्रवक्ता



**मैं** इस संगठन को उचित प्रतिभाओं से वंचित कर रहा था। मेरे विचार से हर व्यक्ति को दूसरे के समान अवसर मिलने चाहिए।

– **एन.आर. नारायण मूर्ति**
इन्फोसिस के संस्थापक

# यूपी में बेरोजगारी दर 19 से घटकर लगभग 2 प्रतिशत रह गई है

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● सीएम ने चयनित 1395 प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों को दिया नियुक्ति पत्र

● बिना योग्यता के पुरस्कार पाने वाले हंसी के पात्र बनते हैं



**सीएम** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नवचयनित अभ्यर्थी कई वर्षों से अन्य परीक्षाओं में भी शामिल हुए होंगे। योग्यता होने के बावजूद चयन नहीं हुआ होगा क्योंकि पहले भेदभाव होता था। 2017 के पहले भर्ती में भ्रष्टाचार होता था। भर्ती के साथ ही महाभारत के सभी रिश्ते वसूली के लिए निकल पड़ते थे। पौने छह वर्षों में हमने अपराध व अपराधियों के साथ ही भ्रष्टाचार व भ्रष्टारियों के लिए भी जीरो टालरेंस की नीतियों को अपनाया, इसलिए युवा योग्यता, क्षमता व प्रतिभा के अनुरूप काम पा रहा है। राष्ट्रीय स्तर की एजेंसियां विवेचना करती हैं तो मानती हैं कि यूपी में बेरोजगारी दर 19 प्रतिशत से घटकर लगभग 2 प्रतिशत रह गई है। विगत पौने छह वर्ष में हमारी सरकार ने सभी बैरियर को हटाकर निष्पक्ष बनाने का प्रयास किया है जिसमें हर प्रतिभाशाली युवा को नौकरी व रोजगार मिल सके।

सीएम ने उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में चयनित 1395 प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों को रविवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरित किया। पांचवें चरण के अंतर्गत 123 सहायक अध्यापक व 1272 प्रवक्ता के सपने साकार हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नियुक्ति की प्रक्रिया पारदर्शी व निष्पक्ष होने पर लोकसेवा आयोग की टीम को बधाई दी। कहा कि यह प्रसन्नता का क्षण भी है कि प्रदेश का ऊर्जावान व प्रतिभाशाली युवा प्रदेश में ही योग्यतानुसार सेवाएं देने को तत्पर दिख रहा है। सीएम ने कहा कि यूपी लोकसेवा आयोग की निष्पक्ष कार्यपद्धति, यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा भर्ती की प्रक्रिया, उच्चतर व माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग या अन्य भर्ती बोर्ड द्वारा की गई सभी कार्रवाई निष्पक्ष हो रही है। आज भर्ती में कोई भाई-भतीजावाद, जातिवाद व भ्रष्टाचार की शिकायत नहीं कर सकता। किसी भी सरकार का दायित्व बनता है कि ईमानदारी से प्रक्रिया को बढ़ाकर चयन में सुयोग्यतम पात्र अभ्यर्थियों को मौका मिल सके। भर्ती की हर प्रक्रिया को मिशन रोजगार के तहत बढ़ाया। उसी का परिणाम है कि जिस प्रदेश में वर्षों तक नियुक्ति नहीं हो पाती थी, वहां साढ़े 5 वर्ष में 5 लाख से अधिक सरकारी नौकरी देने में सफलता हासिल की गई। बेहतर कानून व्यवस्था के जरिए दंगामुक्त प्रदेश बनाने का वातावरण दिया उसका परिणाम है कि यहां व्यापक निवेश हुआ। 1.61 करोड़ नौजवानों को निजी क्षेत्र में नौकरी व रोजगार देने में सफलता पाई। कई युवा स्वयं का स्टार्टअप स्थापित करना चाहते थे। बैंकों से जोड़ने की प्रक्रिया में बाधा थी। उन्हें दूर कर 60 लाख से अधिक नौजवानों व उद्यमियों को यूपी में स्वत: रोजगार से जोड़ने में सफलता पाई। आज की प्रक्रिया भी मिशन रोजगार का हिस्सा है जिसे राष्ट्रीय स्तर पर पीएम मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। पीएम की अनुकंपा से 10 लाख से अधिक अग्निवीरों का चयन हो रहा है। केंद्र के विभिन्न विभागों में 10 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी व रोजगार से जोड़ने की कार्रवाई को बढ़ाया जा रहा है। मिशन रोजगार के जरिए देश-प्रदेश के युवाओं के लिए अपने ही राज्य व देश में नौकरी व रोजगार की असीम संभावनाओं को बढ़ाने का कार्य हो रहा है। सीएम ने कहा कि आपका चयन ऐसे समय में हुआ है जब देश व दुनिया कोरोना से लगभग उभरने की ओर अग्रसर हुई है। भारत में पहली बार हमने ऐसी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को स्वीकार किया है जो केवल पुस्तकीय ज्ञान तक छात्र को सीमित नहीं रखेगी। उसमें नवाचार, शोध व विकास की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए भी व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे। आपका चयन भी नया करने के लिए प्रेरित करेंगे। समय की गति के अनुरूप नहीं चल पाए तो पिछड़ जाएंगे। भारत को फिर से पुरातन पहचान दे सकें। विश्वगुरु बोलने से नहीं, उसके अनुरूप रिसर्च व विकास को बढ़ाने के लिए तैयार होना होगा। यह शिक्षण संस्थानों का दायित्व बनता है कि हम उसके अनुरूप खुद को तैयार कर सकें। सीएम ने कहा कि सरकारी नौकरी लगने पर अक्सर व्यक्ति लापरवाह हो जाता है। उससे उबरने की आवश्यकता है। जैसे परिवार के प्रति जवाबदेह बनते हैं, वैसे ही स्कूल, कॉलेज, क्लास, स्वयं व बच्चों के प्रति जवाबदेह बनना होगा। क्योंकि अभिभावक आशा व विश्वास से पाल्यों को आपके पास पढ़ने भेजते हैं लेकिन क्लास नहीं चलती या बिना बताए शिक्षक गायब होते हैं तो छात्र, समाज, अभिभावक व शासन के विश्वास से धोखा होता है। सीएम ने कहा कि शिक्षक व छात्र होने के बावजूद स्कूलों में गंदगी दिखती है। अपना कपड़ा और घर साफरखते हैं तो जो विद्यालय में सफाई भी हमारी जिम्मेदारी है। भवनों पर बड़े-बड़े पेड़ चिपके होते हैं लेकिन उन्हें हटाने पर नजर नहीं जाती। विद्यालय के प्रति वही भाव हो, जो घर, देवालय व धर्मस्थलों के प्रति होता है। व्यावहारिक जीवन में जो हम करते हैं वही संदेश देता है। आपका संदेश पहचान का आधार बनता है। सीएम ने कहा कि डिग्री पाकर नौकरी प्राप्त करने तक ही शिक्षक सीमित नहीं है। आपने जिस फील्ड का चयन किया, वह जितना आसान दिखता है उतना ही चुनौतीपूर्ण है। आसान इसलिए कि लोग आपके प्रति सम्मान का भाव रखते हैं, चुनौती इसलिए कि आपको खुद को साबित करना है। आपका सबसे पहले दायित्व विद्यालय से जुड़े छात्रों के प्रति है। छात्र अच्छे अंक पा सकें, शैक्षणिक माहौल बन सके। तय करें कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप शैक्षिक गुणवत्ताए नवाचार व शोध के अनुरूप कैसे खुद व संस्थान को तैयार कर सकें। देश-दुनिया व समाज को लेकर हमेशा अपडेट रहना होगा। इससे आपकी अलग छवि बनेगी और लोग सम्मान के प्रतीक के रूप में देखेंगे। सीएम ने सीख दी कि शिक्षक बनने के बाद केवल पुरस्कारों के लिए लाइन न लगाएं।

### 'संवाद भी नितांत जरूरी'

सीएम ने कहा कि स्थानीय आवश्यकताओं के लिए भी शिक्षण संस्थानों को तैयार होना होगा। समाजए उद्योगों से संवाद नहीं है। इसलिए जब छात्र निकलता है तो डिप्लोमा व डिग्री पाने के बाद भी असमंजस में होता। इसे दूर करने का दायित्व आपका है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति नया मंच देता है। हम उद्योगों के साथ कैसे संस्था को जोड़ सकते हैं। कैसे नया कर सकते हैं। नए प्रोजेक्ट के लिए सोशल इम्पैक्ट स्टडी करनी होती है। संस्था से केवल लेते रहेंगे और अपना योगदान न दे पाए तो यह सिर्फ औपचारिकता होगी। सीएम ने चयनितों को सीख दी कि ट्रांसफर पोस्टिंग के चक्कर में न पड़ना। छह महीने-साल भर में तमाम बहाने बनने लगते हैं। पिछड़े जनपद में कौन जाएगा यदि वह पिछड़े ही रह गए तो यूपी कैसे बढ़ेगा। प्रदेश बढ़ेगा तो हर प्रदेशवासी के प्रति सम्मान का भाव जागृत होगा। सीएम ने कहा कि पौने छह वर्ष पहले बाहर के लोग यूपी को अच्छे नजरिए से नहीं देखते थे। बहुत जनपदों के नौजवानों को किराये पर कमरे नहीं मिलते थे। होटल व धर्मशाला में कोई रहने नहीं देता था। कई युवाओं को फुटपाथ पर रहने को मजबूर होना पड़ता था। आज पूरी दुनिया में यूपी के लोगों को सम्मान मिल रहा है।

## वक्फबोर्ड पर प्रशासक नियुक्त करने की मांग की

● हज कमेटी के चेयरमैन ने सीएम योगी को लिखा पत्र

**लखनऊ।** यूपी हज कमेटी के चेयरमैन मोहसिन रजा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर शिया एवं सुन्नी वक्फ बोर्ड पर प्रशासक नियुक्त करने की मांग की है। उन्होंने दोनों बोर्ड पर नियमानुसार काम न करने के आरोप लगाए हैं।

मोहसिन रजा ने अपने पत्र में लिखा है कि बोर्ड का कर्तव्य है कि अपनी शक्तियों का प्रयोग वक्फ अधिनियम के अधीन इस प्रकार करे कि उसके अधीक्षण में आने वाले वक्फों को उचित रूप से अनुरक्षितए नियंत्रित और प्रशासित किया जा सके और उसकी आय का उपयोग उन उद्देश्यों अथवा आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के कल्याण के लिए किया जाए जिसके लिए वक्फ स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि परन्तु इसके विपरीत वक्फसंपत्तियों पर अतिक्रमण लगातार बने हुए हैं एवं इसकी आय का दुरुपयोग होने के कारण पसमांदा एवं आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों की मदद अब तक नहीं हो सकी है। उपरोक्त दोनों बोर्डों की हालत भी अत्यंत गंभीर है। उन्होंने कहा कि अनियमितताओं को देखते हुए राज्य सरकार दोनों बोर्डों में किसी उच्च अधिकारी को प्रशासक नियुक्त कर अपने नियंत्रण में संचालित करे।

# जर्मनी, बेल्जियम, स्वीडन के प्रमुख निवेशक यूपीजीआईएस-2023 के जरिये यूपी में रखेंगे कदम

● औद्योगिक विकास मंत्री के नेतृत्व में विदेश दौरे पर गई टीम लौटी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश का ग्रोथ इंजन बन रहे और वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला राज्य बनने की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश में फरवरी 2023 में आयोजित होने वाले ग्लोबल इनवेस्टर समिट में सम्मिलित होने एवं बड़े पैमाने पर निवेश के लिए 9 दिन का विदेश दौरा कर जर्मनी, बेल्जियम और स्वीडन के उद्यमियों व कम्पनियों को आमंत्रित करने के साथ ही हजारों करोड़ के निवेश प्रस्ताव और एमओयू साइन करा कर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी, लोक निर्माण मंत्री जीतिन प्रसाद व अधिकारीगण उत्तर प्रदेश वापस लौट आए हैं। जो नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए तैयार तीनों देशों के निवेशकों के सकारात्मक और जोरदार रिस्पांस से उत्साहित हैं। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी की मानें तो उनके अनुसार ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट.2023 संकल्प से सिद्धि और सिद्धि से समृद्धि का महामहोत्सव साबित होने जा रहा है। नन्दी ने कहा कि ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट 2023 निवेश और रोजगार को लेकर सवाल उठा रहे विपक्ष के हर सवाल का करारा जवाब होगा। जब जर्मनी, बेल्जियम और स्वीडन जैसे विकसित देशों के प्रमुख निवेशक यूपीजीआईएस 2023 के जरिये उत्तर प्रदेश में न सिर्फ कदम रखेंगे। बल्कि हजारों करोड़ रूपए का निवेश करते हुए उत्तर प्रदेश में रोजगार सृजन के साथ ही प्रदेश की आर्थिक मजबूती, तरक्की और विकास के सहभागी बनेंगें। नन्दी ने कहा कि वो सपने देखते थे और सपने ही दिखाते थे, वो केवल वोट की राजनीति करते थे और आज भी वोट की राजनीति कर रहे हैं। इसीलिए जनता ने उन्हें नकारा है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 2017 से लगातार तरक्की और विकास के नए आयाम गढ़ रही भाजपा सरकार को सेवा का मौका दिया है और विश्वास किया है। मंत्री नन्दी ने बताया कि जर्मनी में सैमसन, कांटिनेंटल एजी, इनोप्लेक्सस एजी, जैक टेक्नोलॉजीज, जीएमबीएच जैसी महत्वपूर्ण कम्पनियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया गया है। जर्मनी के निवेशकों ने यूपी में लॉजिस्टिक, टेक्सटाइल, हेल्थकेयर एंड फार्मा, टूरिजम, ऑटोमोटिव आदि क्षेत्र में निवेश में रूचि दिखाई है। बेल्जियम में इलेक्ट्रिक व्हीकल, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, कपड़ा व परिधान, खाद्य प्रसंस्करण आदि क्षेत्र के निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया गया है। बेल्जियम की जेमिनी कारपोरेशन वाराणसी में 200 करोड़ रूपए के लागत से प्लास्टिक रिसाइक्लिंग प्लांट स्थापित करेगी। डिस्टिलरी, बेवरेज और वाइन इंडस्ट्री की स्थापना के लिए बेल्जियम बेवरीज को भी आमंत्रित किया गया है। बेल्जियम की प्रमुख कम्पनी सिंपेट टेक्नोलॉजीस से वेस्ट मैनेजमेंट पर चर्चा हुई। वर्तमान समय में इनवायरमेंट पॉल्यूशन और वेस्ट मैनेजमेंट एक वैश्विक चुनौती है। ऐसे में आधुनिक तकनीकि का इस्तेमाल करते हुए पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बगैर वेस्ट मैनेजमेंट एक महत्वपूर्ण काम है। स्वीडन की आईकेईए कम्पनी ने उतर प्रदेश में रिटेल स्टोर और मॉल खोलने के लिए 4000 करोड़ रूपए के निवेश की इच्छा जताई है। कम्पनी को ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट 2023 में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया गया है। मंत्री नन्दी ने कहा कि रोडशो के दौरान हमें डिफेंस, फिल्म सिटी, आटोमोबाइल्स, वेस्ट मैनेजमेंट के साथ ही अन्य कई सेक्टर्स में बड़े पैमाने पर निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। यह हमारी सरकार के साथ ही प्रदेश के लिए भी अभूतपूर्व उपलब्धि है। यूरोपीय संघ के व्यापारिक समुदाय को उत्तर प्रदेश में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया गया। बताया गया कि उत्तर प्रदेश में एक प्रभावी नीतिगत ढांचा, एक मजबूत कानूनी ढांचा और एक सुरक्षित निवेश का माहौल उपलब्ध है।

# यूपी में 5 हजार एकड़ में बनेगी नॉलेज स्मार्ट सिटी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● अमेरिका में टीम योगी ने आस्टिन यूनिवर्सिटी के साथ साइन किया एमओयू

● नॉलेज स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में दुनिया की बेस्ट यूनिवर्सिटीज का होगा समावेश

**विदेशी** निवेश जुटाने के लिए विदेश गई टीम योगी को बड़े पैमाने पर निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इस क्रम में अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में आस्टिन यूनिवर्सिटी के साथ टीम योगी ने नॉलेज स्मार्ट सिटी के लिए एमओयू साइन किया गया। यह नॉलेज स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट 5 हजार एकड़ की जमीन पर बनाया जाएगा। नॉलेज स्मार्ट सिटी के बारे में फिलहाल ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है लेकिन इतना जरूर कहा गया है कि इसमें दुनिया की बेस्ट यूनिवर्सिटीज का समावेश होगा। इसके अलावा सिंगापुर में भी निवेश के कई प्रस्ताव और एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। स्टार कंसोर्टियम प्रदेश में डाटा सेंटर व लॉजिस्टिक सेवाएं प्रदान करेगा तो एसएलजी कैपिटल डाटा सेंटर बनाएगा। इन निवेश प्रस्तावों व एमओयू से प्रदेश के लोगों को हजारों रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे।

अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में यूएस बेस्ड सलोनी हार्ट फाउंडेशन ने उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार की मौजूदगी में एमओयू साइन किया। वहीं आस्टिन यूनिवर्सिटी ने उत्तर प्रदेश में नॉलेज स्मार्ट सिटी के लिए 42 बिलियन डॉलर का एमओयू साइन किया गया। यह नॉलेज स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को 5 हजार एकड़ की जमीन पर बनाया जाएगा। आस्टिन यूनिवर्सिटी के प्रेसीडेंट अशरफ अली मुस्तफा ने इस एमओयू के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट में बेस्ट यूनिवर्सिटीज आएंगी। उम्मीद है कि इस प्रोजेक्ट से भारत और अन्य जगहों पर उच्च शिक्षा की तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी। वहीं फाल्कन एक्स के सीईओ मुरली चिराला के साथ भी 3 एमओयू साइन हुए। इनमें विशेष रूप से नोएडा में एक सेंटर बनाया जाएगा। इसके साथ ही 20.20 करोड़ के 2 निवेश उत्तर प्रदेश में किए जाएंगे। फाल्कनएक्स एक फिनटेक स्टार्टअप कंपनी है। इसके एंटरप्रेन्योर्स द्वारा इन्वेस्ट यूपी के तहत इंक्यूबेटर्स व एक्सिलरेटर्स यूनिट लगाने में रुचि दिखाई गई है। यह प्रतिनिधिमंडल सैन फ्रांसिस्को में ग्लोबल एंटरप्रेन्योरशिप ऑर्गनाइजेशन टाई के मेंबर्स व सिलिकॉन वैली के निर्माण में योगदान देने वाले भारतीयों से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उनसे यूपी में सिलिकॉन वैली बनाने की अपील की ताकि भारतीय भी इसका लाभ उठा सकें। उधर जापान में रोड शो के दौरान सीको एडवांस लिमिटेड के डायरेक्टर युकीनोरी कोबे ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ गौतम बुद्ध नगर में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने के लिए 850 करोड़ रुपए का एमओयू साइन किया। इस एमओयू के जरिए प्रदेश कलोगों के लिए 200 से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

### सोमवार को फ्रांस में रोड शो करेंगे डिप्टी सीएम

विदेशों में रोड शो व वन टू वन बिजनेस बैठकों का दौर 19 दिसंबर यानी सोमवार को भी जारी रहेगा। नीदरलैंड्स में रोड शो के बाद अब डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के मंत्री योगेंद्र उपाध्याय सोमवार को फ्रांस का दौरा करेंगे और रोड शो के जरिए यहां की दिग्गज कंपनियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित करेंगे। इस अवसर पर कुछ व्यापारिक समुदाय के प्रतिनिधियों से उनकी मुलाकात भी आयोजित की जाएगी। यहां से उत्तर प्रदेश सरकार को बड़े निवेश की संभावना है।

## जापान की सीको कम्पनी के साथ 850 करोड़ का एमओयू साइन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विभिन्न** देशों में निवेश के लिए जानी मानी कम्पनियों को रोड-शो के माध्यम से आमंत्रित करने के क्रम में जापान गये पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह एवं प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल एवं अधिकारियों के दल ने सीको एडवान्स लि. के निदेशक यूकिनोरी कोबे के साथ गौतमबुद्ध नगर में एक मैन्युफैक्चरिंग इकाई स्थापित करने के लिए 850 करोड़ रूपये के समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर सम्पन्न कराये। इस निर्माण इकाई के स्थापित होने पर 200 लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। जयवीर सिंह ने जापानी प्रतिष्ठित कम्पनियों को यूपी की विभिन्न क्षेत्रों में अर्जित की गयी उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के विकास के माडल को पूरी दुनिया में पसंद किया जा रहा है। यूपी एक तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है। देश की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन में यूपी की महत्वपूर्ण भागीदारी है। प्रदेश में उच्च स्तर की कनेक्टिविटी तथा अवस्थापना सुविधायें उपलब्ध हैं। दुनियाभर के निवेशक उत्तर प्रदेश में आना चाहते हैं। आबादी के हिसाब से देश का सबसे बड़ा राज्य होने के कारण विभिन्न उत्पादों के लिए यूपी एक बड़ा बाजार भी है।

मंत्री जयवीर सिंह ने जापानी औद्योगिक घरानों से विभिन्न चरणों में निवेश के लिए बातचीत की। उन्होंने बताया कि यूपी में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए अनुकूल परिस्थितियाॅ सृजित की गयी हैं। पर्यटकों के लिए यूपी में धार्मिक स्थानों में काशी, मथुरा, अयोध्या तथा वृन्दावन विश्व प्रसिद्ध आस्था के केन्द्र हैं। भगवान बुद्ध के संदेश को पूरी दुनिया में पहुंचाने के लिए कुशीनगर सहित अन्य स्थल हैं। इसके अलावा ईको टूरिज्म के लिए कतर्निया घाटए वन्य जीव अभ्यारण के अतिरिक्त कई दर्शनीय एवं मनोहारी प्राकृतिक स्थल भी हैं। जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटकों के स्वागत के लिए पूरी तरह से तैयार है। भारत को जी 20 की अध्यक्षता मिलने के कारण उत्तर प्रदेश एक महत्वपूर्ण रोल अदा करेगा। इसको दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न देशों से आने वाले गणमान्य अतिथियों के लिए अभी से तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए लगभग 22 नीतियाॅ तैयार कराई गयी हैं। इसके साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश नई पर्यटन नीति 2022 जारी की गई है। उन्होंने यूपीजीआईएस 2023 में शामिल होने के लिए जापानी कम्पनियों को न्यौता भी दिया।

# बंदियों को स्वरोजगार के साथ धार्मिक आस्था से भी जोड़ेगी योगी सरकार

● कैदियों के बनाए रामनामी पटके और गमछे धार्मिक स्थलों पर मचाएंगे धमाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ प्रदेश की जेलों में बंद कैदियों को न सिर्फ रोजगार से जोड़ रही है बल्कि उन आस्था के प्रति सम्मान का भाव लाने का भी प्रयास किया जा रहा है। जो कैदी अपने अतीत को भुलाकर आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनना चाहते हैं। सरकार उन्हें हर सुविधा उपलब्ध करा रही है। इस क्रम में फतेहगढ़ कारागार के महिला और पुरुष कैदी ओडीओपी योजना के तहत ब्लॉक प्रिंटिंग कला का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। वह प्रशिक्षण के जरिये रामनामी, राधे-राधे, ओम नम: शिवाय नाम के प्रिंटिंग पटका, दुपट्टे और गमछे तैयार कर रहे हैं जिसे अयोध्या, वाराणसी, मथुरा और चित्रकूट समेत प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों पर बिक्री के लिए सप्लाई किया जाएगा। जेल प्रशासन कैदियों को पटका, दुपट्टा और गमछा बनाने का निर्धारित पारिश्रमिक देने के साथ इससे होने वाली आय को 10 प्रतिशत सरकारी खाते में जमा करने के बाद कैदियों में बांट देगा। इतना ही नहीं इन कैदियों को रोजगार मेले के जरिए रोजगार भी दिलाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के हर वर्ग को रोजगारए स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित हैं। उनका यह संकल्प साकार भी हो रहा है। सीएम योगी के प्रयास का असर ही है कि प्रदेश में बेरोजगार दर वर्ष 2016 में 18 प्रतिशत थी जो घटकर अप्रैल 2022 में 2.7 प्रतिशत ही रह गई है। सीएम योगी प्रदेश के हर वर्ग को रोजगार व स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाओं को भी संचालित कर रहे हैं। उनकी इन्हीं योजनाओं का लाभ उठाकर फतेहगढ़ जेल के महिला और पुरुष कैदी आत्मनिर्भर बनने का गुर सीख रहे हैं। डीजी जेल आनंद कुमार ने बताया कि ओडीओपी योजना के तहत फतेहगढ़ जेल के महिला और पुरुष कैदियों को ब्लॉक प्रिंटिंग का प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है जिसमें वह रामनामी, राधे-राधे, ओम नमरू शिवाय की छाप के छपे पटके, दुपट्टे और गमछे तैयार कर रहे हैं जिसे अयोध्या, मथुरा, वाराणसी और चित्रकूट समेत प्रदेश के अन्य धार्मिक स्थलों पर बिक्री के लिए भेजा जाएगा। इसके साथ ही फर्रूखाबाद में गंगा के तट पर लगने वाले रामनगरिया मेले में भी इनकी बिक्री की जायेगी। वहीं इस कार्य के लिए कैदियों को 40 रुपये प्रतिदिन पारिश्रमिक देने के साथ बाजार में इनकी बिक्री से होने वाली आय के लाभ के 10 प्रतिशत हिस्से को सरकारी खाते में जमा करने के बाद शेष लाभ को आपस में बांट दिया जाएगा। फतेहगढ़ की 12 महिला कैदियों को आईटीआई की ओर से प्रशिक्षण दिया जा रहा है जबकि गौतम बुद्ध डवलपमेंट सोसायटी संस्थान की ओर से 35 पुरुष कैदियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में फतेहगढ़ में 39 महिला कैदी हैं जिसमें से 12 ही महिला कैदी प्रशिक्षण प्राप्त करने के लायक हैं शेष महिला कैदी काफी बुजुर्ग होने की वजह से वह प्रशिक्षण लेने में सक्षम नहीं हैं। इसी तरह 1050 पुरुष कैदी हैं जिनमें से पहले चरण में 35 कैदियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पहले चरण के कैदियों का प्रशिक्षण पूरा होते ही चरणबद्ध तरीके से अन्य कैदियों को प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। कैदियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उन्हे प्रमाण पत्र दिया जाएगा। वहीं आईटीआई की ओर से रोजगार मेले के जरिये कैदियों को रोजगार भी दिलाया जाएगा। इतना ही नहीं स्वरोजगार के लिए कैदियों को प्रमाण पत्र के आधार पर बैंक से रोजगार दिलाने के साथ सरकार की योजना का लाभ दिलाया जाएगा।

# उप्र में कानून व्यवस्था पर किसी का नियंत्रण नहीं रह गया है: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पर किसी का नियंत्रण नहीं रह गया है। पूरी तरह जंगल राज कायम है। व्यापारी लूटे जा रहे हैं। महिलाएं अपमानित हो रही है। बच्चियों से दुष्कर्म की दिल दहलाने वाली घटनाएं हो रही है। अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने अपराध में अव्वल होने का रिकॉर्ड हासिल कर लिया है। 17 दिसम्बर को बदायूं में 10 साल की बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म की घटना विचलित करने वाली है। पीड़िता मेडिकल कॉलेज में अपनी बीमार मां के साथ आई थी। उन्नाव में भी किशोरी से दुष्कर्म की वारदात हुई। भाजपा राज में व्यापारी सबसे ज्यादा प्रताड़ित किए जा रहे हैं। लुटेरे बेखौफहोकर व्यापारियों की जिंदगी से खेल रहे हैं। भाजपा सरकार में व्यापारी अपने को सुरक्षित नहीं महसूस कर रहे है। पुलिस के बड़े अफसर सिर्फ अलर्ट जारी कर शांत बैठे रहते हैं। उन्होंने बताया कि गत गुरूवार की रात एक व्यापारी को असलहा लगाकर लूट लिया गया। सर्राफ से 12 लाख की लूट हुई। एक किराना व्यापारी और दो सर्राफा व्यवसायियों को लुटेरों ने अपना शिकार बनाया। किराना कारोबारी से 15 लाख की लूट हुई तथा सर्राफके ज्वैलरी भरे बैग को छीन लिया गया। लूट की बढ़ती वारदातों के पीछे पिछली घटनाओं का खुलासा न होना भी एक कारण है। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण में पुलिस का रवैया शर्मनाक है। ग्रेटर नोएडा में 12वीं की एक नाबालिग छात्रा के गायब होने पर जब 5 दिन बाद भी सुराग नहीं मिला तो घरवालों का चिंतित होना लाजिमी था। स्थानीय जेवर कोतवाल का जवाब था कि ष्लड़की गायब है तो मेरी जेब में तो नहीं है जो निकाल कर दे दूं ष् अब तो पुलिस कोर्ट के आदेश को भी दबा रही है। उत्तर प्रदेश में आये दिन लोगों को पुलिस और अपराधी दोनों की मार झेलनी पड़ रही है।

कानपुर में पुलिस ने एक व्यापारी को पीट-पीट कर मार डाला। अपराधी कभी भी कहीं भी किसी को लूट रहे हैं। पुलिस की गश्त और चौकसी सिर्फ पुलिस थानों और चौकियों तक सीमित है। बेखौफ बदमाश व्यापारियों का दूर.दूर तक पीछा कर अपना शिकार बना रहे हैं।

# गैंगस्टर मुजीब अहमद की 1 करोड़ 10 लाख रूपए की अवैध सम्पत्ति कुर्क

- महोली पुलिस ने महोली व रामकोट में गैंगस्टर मुजीब की अवैध सम्पत्ति की कुर्क
- रिश्तेदार व नौकर के नाम खरीदी थी सम्पत्ति
- मुजीब के खिलाफसीतापुर व लखनऊ में दर्ज हैं करीब दो दर्जन मुकदमे

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर पुलिस** द्वारा अपराधियों के विरूद्ध आपराधिक कृत्यों से अर्जित की गयी सम्पत्ति के जब्तीकरण अभियान के तहत रविवार को गैंगस्टर मुजीब अहमद की एक करोड़ से अधिक की सम्पत्ति जब्त करने की बड़ी कार्रवाई की गयी। महोली पुलिस द्वारा गैंगस्टर मुजीब अहमद पुत्र सैफू उर्फ इकबाल अहमद निवासी मोहल्ला बट्सगंज सीतापुर, मूल पता ग्राम गजपतिपुर थाना महोली की अपराध से अर्जित एक करोड़ 10 लाख रूपए की सम्पत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की गयी। गैंगस्टर मुजीब अहमद ने यह सम्पत्ति अपने रिश्तेदार, सगे सम्बन्धियों के साथ अपने नौकर तक के नाम से सम्पत्ति खरीदकर छिपाई गयी जिसमें मुजीब अहमद के रिश्तेदार भट्ठा मैनेजर के चाचा की पत्नी जैबुन्निसा निवासी गजपतिपुर थाना महोली की 0.9340 हे. जमीन कीमत 45 लाख रूपए, पोल्ट्री फार्म के नौकर नजर मोहम्मद व उसके सगे भाई स्व. लाल मोहम्मद की पत्नी कलीम बानो व सफीना बानो के नाम से गजपतिपुर में 0.4450 हे. खरीदी गयी जमीन कीमत 65 लाख रूपए शामिल है। महोली पुलिस द्वारा अभियुक्त मुजीब अहमद के खिलाफ यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 1 करोड़ 10 लाख की सम्पत्ति कुर्क की गयी। गैंगस्टर मुजीब अहमद पर कोतवाली नगर सीतापुर, लखनऊ के विकास नगर ठाकुरगंज, गोमतीनगर सहित अन्य थानो में करीब दो दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। जिलाधिकारी सीतापुर अनुज सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में अभियुक्त मुजीब अहमद की 1 करोड़ 10 लाख रूपए की अवैध सम्पत्ति पर जब्तीकरण की कार्रवाई की गयी।

## 62 हिस्ट्रीशीटरों ने अपराध से तौबा करने की ली शपथ

- सीतापुर के पिसावां थाना परिसर में दिलाई गई शपथ
- थानाध्यक्ष अमित सिंह भदौरिया ने हिस्ट्रीशीटरों को दिलाई शपथ
- हिस्ट्रीशीटरों ने अपराध की सूचना देने, अपराधी को गिरफ्तार कराने में मदद का दिया भरोसा

संवाददाता। सीतापुर

**आपने तमाम** तरह की शपथ देखी और सुनी होगी। लेकिन हम आपको उत्तर प्रदेश के सीतापुर जनपद में हिस्ट्रीशीटरों की शपथ को दिखाते है, वह भी थाना परिसर के अंदर की। एक दो हिस्ट्रीशीटर नहीं बल्कि 62 हिस्ट्रीशीटर सीतापुर के पिसावां थाने पहुंचते है और अपराध से तौबा करने की शपथ लेते है। यही नहीं पुलिस को भरोसा दिलाते है कि इलाके में किसी तरह का यदि अपराध होता है, तो वह सूचना के साथ ही अपराधी को गिरफ्तार कराने में पुलिस का सहयोग करेंगे। दरअसल हिस्ट्रीशीटरों में यह बदलाव योगी राज में देखने को मिल रहा है। पुलिस का डर इस कदर हिस्ट्रीशीटरों को सता रहा है कि वह मानों किसी विद्यालय में पढ़ने आए हों और उनके गुरूजी यानी थानाध्यक्ष जो पढ़ा रहे है, वह उसको पढ़ते हुए नजर आ रहे है। पिसावां थाने के थाना प्रभारी अमित सिंह भदौरिया ने हिस्ट्रीशीटरों को चेतावनी भी दी कि यदि कोई अपराध करता है, या किसी की अपराध में संलिप्तता पाई जाती है तो वह उसे जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा देंगे। साथ ही जिन हिस्ट्रीशीटरों की उम्र 60 को पार कर गई है। अपराध के क्षेत्र में गतिविधि में न होने पर उनकी हिस्ट्रीशीट बंद करने का आश्वासन भी दिया। सभी हिस्ट्रीशीटरों को 8 जनवरी को थाने पर फिर हाजिरी लगाने के निर्देश दिए गए। हिस्ट्रीशीटरों के शपथ ग्रहण के दौरान एसआई अवनीश कुमार, धीरेन्द्र सिंह, के अलावा हिस्ट्रीशीटर रमाकांत, भज्जू खां, साकिर, रामपाल, देवेन्द्र सिंह, अशोक मिश्रा, मुंशीलाल, शिव नाथ आदि ने शपथ ली।

## क्विक न्यूज

### तीन माह से कार्डधारकों को नहीं मिला राशन

**सीतापुर** । शासन ने ई-पाश मशीन से राशन वितरण की व्यवस्था भले ही कर दी हो, परन्तु कार्ड धारकों को उनके हिस्से का राशन अभी भी नियमित तौर पर नहीं पा रहा है। आरोप है कि कोटेदार गरीबों के हिस्से का राशन डकार रहे है। ताजा मामला थाना थानगांव क्षेत्र के ग्राम सभा थौरा का प्रकाश में आया है। जहां कार्डधारकों ने कोटेदार पर राशन न देने का आरोप लगाते हुए थाने पर प्रदर्शन किया। कार्ड धारकों ने कोटेदार रामकुमार पुत्र रघुवर के साथ थाने में तहरीर भी सौंपी है। तहरीर में आरोप लगाया है कि कोटेदार रामकुमार कार्ड धारकों का अंगूठा ई-पाश मशीन पर लगवा भी लेते है, लेकिन राशन देने में आनाकानी करते है। आरोप है कि कई कार्डधारकों को तीन माह से राशन नहीं दिया गया। राशन कार्ड धारक रविवार सुबह से ही थाने के बाहर बैठे हैं लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो पाई है। ग्रामीण राजेश, रामरानी, उमेश, रामदेवी, कमलेश, बृजरानी, सुमिरन, मिलन, गोविंद, प्रीतम, दुलारे, घुरू, मेवालाल, ममता, धनीराम, पुत्तीलाल, रामावती, बडको, रामसागर, लालमती, राजू, नीता, प्रभा देवी, देशउ, सन्तरानी आदि ने सामूहिक रूप से तहरीर थानगांव थाने में दी है। इस बाबत थानाध्यक्ष थानगांव अजय कुमार रावत ने बताया कि-थौरा गांव के लोग आए थे। जिनका राशन को लेकर कोटेदार से कुछ विवाद था। खाद्य विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गयी है। जिस पर अधिकारियों ने मामले की जांच की बात कही है।

### बस की टक्कर से घायल युवक ने दम तोड़ा

**बरेली** । सड़क पर जा रहे एक युवक को तेजी से आ रही बस में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला छावनी निवासी 24 वर्षीय टिंकू की बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि टिंकू सीबीगंज थाना क्षेत्र के परसाखेड़ा स्थित एक फैक्ट्री की गाड़ी चलाता था और 6 दिसंबर को रोजाना की तरह शाम के समय अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद पैदल ही घर लौट रहा था लेकिन जब वह कर्मचारी नगर बाईपास के पास पहुंचा तभी अचानक तेजी से आ रही परसाखेड़ा स्थित एक फैक्ट्री की बस ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद बस का चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और उसके घर वालों को सूचना दे दी कई दिनों तक चले इलाज के बाद बीती रात टिंकू की मौत हो गई पुलिस ने बस चालक के विरुद्ध कार्रवाई शुरू करते हुए मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवती की हालत बिगड़ी

**बरेली**। जहरीला पदार्थ खाने से एक युवती की हालत बिगड़ गई उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया । बारादरी थाना क्षेत्र के पुराना शहर के मोहल्ला जगतपुर निवासी एक युवती को आज दोपहर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां युवती के परिजनों ने बताया कि युवती का अपने पड़ोस में रहने वाले एक युवक से लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा है आज सुबह युवती घर वालो की नजरों से बस्ती हुई अपनी छत पर जाने के बाद पड़ोसी प्रेमी की छत पर चली गई लेकिन प्रेमी के घर वालों ने उसको देख लिया जिससे हंगामा खड़ा हो गया उन्होंने युवती के घरवालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और युवती के घर वाले उसे वापस ले आए लेकिन कुछ देर बाद युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई पता चलने पर घरवाले उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है।

### खेत पर गए किसान की चाकू से गोदकर हत्या

**बरेली**। खेत पर गए किसान की रात में किसी ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी उसका शव सुबह होने पर खेत के पास सड़क किनारे पाया गया सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी मृतक के घर वालों ने किसी भी रंजिश से इनकार किया ।भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव सुरला निवासी जगदीश पुत्र बाबूराम की लाश आज सुबह गांव से कुछ ही दूरी पर उसके खेत के पास सड़क किनारे पाई गई उसकी चाकू से गोदकर हत्या की गई थी पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि जगदीश कल शाम को मिर्च का खेत देखने के लिए घर से निकला था क्योंकि अक्सर आवारा जानवर खेत में घुसकर फसल को नुकसान करते है लेकिन जगदीश खेत को देखकर घर वापस नहीं लौटा तब घर वालों ने समझा कि वह खेत की रखवाली करने के लिए वही पर ही सो गया है सुबह होने पर भी जब वो घर वापस नहीं लौटा तो लोगों ने उसे तलाशने की कोशिश शुरू कर दी इसी दौरान गन्ने की छिलाई करने जा रहे हैं गांव के कुछ लोगों ने उसकी लाश को उसके ही खेत से कुछ ही दूरी पर सड़क किनारे खून से लथपथ देखा।

## इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के विशेषज्ञों ने बरेली में किया एक सम्मेलन संबोधित

**बरेली।** कैंसर और कॉस्मेटिक सर्जरी के लिए विशेषज्ञता होना बहुत जरूरी है। कैंसर उपचार के बाद मरीज को पहले जैसा सामान्य जीवन दिलाने के लिए इस तरह की सर्जरी की आवश्यकता पड़ती है। अक्सर लोग इस तरह की प्रक्रिया को लेकर भ्रमित रहते हैं जबकि, हकीकत यह है कि अब पहले से अधिक आधुनिक तकनीकों की मदद से यह प्रक्रिया काफी आसान हुई है। बरेली के होटल ओबरॉय आनंद में आयोजित एक भव्य सम्मेलन में डॉ. कुलदीप ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में प्लास्टिक सर्जरी और कॉस्मेटोलॉजी से संबंधित प्रक्रियाएं उन्नत हुई हैं। हमने कुछ महत्वपूर्ण मामलों में सफलता के परिणामों का अनुभव किया है। इसी श्रृंखला के तहत बरेली में सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें डॉ. कुलदीप सिंह के अलावा सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के वरिष्ठ




सलाहकार डॉ. प्रवीण कुमार गर्ग ने भी लोगों को नई-नई चिकित्सा तकनीकों और उनके जरिए इलाज में आसानी आने की जानकारियां साझा कीं। उन्होने कहा कि अपोलो अस्पतालों में, हम निदान से लेकर इलाज और ठीक होने तक, रोगी की इस पूरी चिकित्सा यात्रा में एक विश्वसनीय साथी बनने का प्रयास करते हैं। हमारा उद्देश्य मरीजों तक पहुंचना और यात्रा करने की आवश्यकता को कम करना है। इस चर्चा का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को कम से कम परेशानी के साथ अपने प्रयासों को सही दिशा में ले जाने में मदद करना है। हम सिर और गर्दन की सर्जरी और उपलब्ध पुनर्निर्माण उपचार विकल्पों में प्रगति के बारे में जागरूकता पैदा करने का प्रयास करते हैं, ताकि प्रत्येक रोगी सामान्य जीवन जी सके। हमारा उद्देश्य रोगियों को समय पर निदान और शीघ्र उपचार का लाभ प्रदान करना भी है।''

## पंप ऑपरेटर राज मिस्त्री पद हो रही अप्रशिक्षित युवाओं को भर्ती

- जल जीवन मिशन के तहत चयनित किए जाने है पंप आपरेटर राज मिस्त्री
- ग्रामीणों ने लगाया 20 हजार रूपए मांगने का आरोप

संवाददाता। सीतापुर

**सरकार की** मंशा है कि हर घर को स्वच्छ जल मिले। इसी के तहत जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव-गांव पानी की टंकियों का निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन सरकार की मंशा साकार हो सकेगी, इसे लेकर अभी से संशय बनने लगा है। वह इसलिए क्योंकि सफल संचालन के लिए प्रशिक्षित एवं योग्य कर्मचारियों की नियुक्त की जानी है। परन्तु तहसील मिश्रिख क्षेत्र में जो कर्मचारी तैनात किए जा रहे है, उन्हें किसी तरह का न तो अनुभव होना बताया जाता है, और न ही उन्होंने कोई प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इन कर्मचारियों की नियुक्ति चोरी से की जा रही है, इससे यह जाहिर हो गया है कि अप्रशिक्षित कर्मचारी ही रखे जा रहे है। बता दें कि पानी की टंकियों पर फिटर, मोटर मैकेनिक, इलेक्ट्रिश्यान, पंप ऑपरेटर, राज मिस्त्री आदि के पदों पर 13 व्यक्तियों का चयन होना सुनिश्चित किया गया है। उजाला वेल फेयर सोसायटी गोरखपुर द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत पर ग्राम प्रधानों द्वारा बिना किसी प्रचार प्रसार के ब्लाक में प्रशिक्षण कराया जा रहा है। आरोप है कि इस मांमले में अभी तक कोई टेंडर व प्रेस विज्ञप्ती का प्रकाशन नहीं कराया गया है। अधिशासी अभियंता खंड कार्यालय जल सिंचाई विभाग ग्रामीण सीतापुर द्वारा एक पत्र विकास खंड मिश्रिख को भेजा गया है प्रशिक्षण ब्लाक में कराया जा रहा है। लोगों की माने तो मैनेजमेंट के आधार पर ही सब कार्य चल रहा है। ग्रामीण सोनू सिंह का आरोप है कि 20 हजार रूपए की मांग की जा रही है। तहसील मिश्रिख क्षेत्र के अनीस, राम भजन, अभिषेक, विजेंद्र ,अमित अखिलेश सोनू सिंह, उदय प्रताप सिंह आदि ने उच्चाधिकारियों को पत्र प्रेषित मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है। उदय राज सिंह, सोनू सिंह ने जिलाधिकारी सीतापुर को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि बीस हजार रुपए की मांग की जा रही है इस संबंध में जब विकास खंड मिश्रिख के जिम्मेदारों से बात की गई तो कोई कुछ भी बताने के लिए तैयार नही हुआ।

## भारतीय विद्यालय की प्रबंध समिति गठित



**मैगलगंज-खीरी।** भारतीय विद्यालय प्रबन्ध समिति का चुनाव जिला विद्यालय निरीक्षक खीरी द्वारा नामित पर्यवेक्षक की देखरेख में सम्पन्न हुआ। जिसमें पदाधिकारी एवं सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव के दौरान श्याम सुन्दर सिंह अध्यक्ष प्रेमचन्द्र गुप्ता उपाध्यक्ष अनित्य अवस्थी प्रबन्धक अशफाक हुसेन उप प्रबन्धक राजेन्द्र प्रसाद मिश्र कोषाध्यक्ष अरविन्द राठौर सदस्य शिवशंकर लाल गुप्ता सदस्य अशेष अवस्थी सदस्य नरवीर सिंह सदस्य अरुण कुमार अवस्थी सदस्य वेद प्रकाश अवस्थी सदस्य इसहाक हुसेन विद्यालय के प्रधानाचार्य व अध्यापक अभिभावक भी उपस्थित रहे।

## अब्बास नकवी अध्यक्ष व हरविंदर सिंह बने महामंत्री





संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**युवा प्रेस** क्लब की वार्षिक बैठक संगठन के अध्यक्ष कमल गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें संगठन के वार्षिक चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी जर्रार खां मनोनीत किए गए। जिसमे सर्वसम्मति से अब्बास नकवी को अध्यक्ष, हरविंदर सिंह को महामंत्री,बनाया गया। आकाश सैनी को कोषाध्यक्ष चुना गया। वही सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया। जिसमें इरफान अहमद को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पंकज मिश्र को उपाध्यक्ष, शावेज खां उर्फ मुन्ना, संगठन मंत्री, रविउल्ला खां मंत्री, राशिद मंसूरी व इंतज़ार को शोशल मीडिया प्रभारी, हरभजन सिंह को एडिटर, विधिक सलाहकार के रूप मे जिला उल्ला खां एडवोकेट और हसन नकवी एडवोकेट वनाऐ गये। वहीं सर्वसम्मति वरिष्ठ पत्रकार जर्रार खां को क्लब का संरक्षक भी मनोनीत किया गया।

बैठक में सदस्य के रूप में फरीद खां, आदेश गुप्ता, शहबाज खान उर्फ साहिल मौजूद रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी ने कहा कि मीडिया के सभी साथियों का मान सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाएगा। संगठन को और मजबूत और गतिशाली बनाने के लिए नये सदस्यों को जोड़ा जाएगा। शीघ्र ही नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिले के प्रमुख अधिकारियों को आमंत्रित करने का प्रस्ताव सभी सदस्यों ने किया। हर माह बैठक करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हुआ। बैठक में बैठक के अध्यक्ष व चुनाव अधिकारी ने सर्वसम्मति से चुने गई कमेटी को बधाई और शुभकामनाएं दी।

## बीस लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अपराध की रोकथाम एवं अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत 18 दिसम्बर को थाना मैगलगंज पुलिस व आवकारी निरीक्षक मितौली क्षेत्र-6 मय पुलिस टीम के मुखबिर की सूचना पर 20 लीटर अवैध कच्ची शराब व एक पुलिन्दा में यूरिया खाद व शराब बनाने के उपकरण बरामद करके अभियुक्त नीरज पुत्र लाखन कश्यप निवासी देवस्थान के पास ग्राम औरंगाबाद थाना मैगलगंज जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में मुकदमा अपराध संख्या 430/22 धारा 272 भादवि व 60(2) पंजीकृत करके अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक जितेन्द्र पाल सिंह थाना मैगलगंज खीरी, कांस्टेबल दीप कुमार वर्मा, कांस्टेबल शिवम मिश्रा, कांस्टेबल प्रदीप कुमार, आबकारी कांस्टेबल राजेश कुमार क्षेत्र-6 मितौली खीरी व आबकारी कांस्टेबल रूपनाथ क्षेत्र-6 मितौली खीरी शामिल रहे।

## पेज एक का शेष

### पूर्वोत्तर के...

प्रबंधन संस्थान (आईआईएम)-शिलांग भी शामिल है। आज सुबह यहां पहुंचे प्रधानमंत्री पहले स्टेट कन्वेंशन सेंटर में एनईसी के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कई अन्य केंद्रीय मंत्रियों तथा गणमान्य लोगों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर पिछले 50 वर्षों में पूर्वोत्तर के विकास में एनईसी के योगदान संबंधी पुस्तिका गोल्डन फुटप्रिंट्स का भी विमोचन किया। एनईसी के 50 साल के सफर पर एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। मोदी ने क्षेत्र के विकास में एनईसी के योगदान की भी सराहना की। क्षेत्र के आठ राज्यों को अष्ट लक्ष्मी बताते हुए उन्होंने कहा कि सरकार को पूर्वोत्तर के विकास के लिए आठ नींव स्तंभ पर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये आठ नींव स्तंभ शांति, ऊर्जा, पर्यटन, 5जी कनेक्टिविटी, संस्कृति, प्राकृतिक खेती, खेल और सामर्थ्य है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पूर्वोत्तर, दक्षिण-पूर्व एशिया का प्रवेश द्वार है और यह पूरे क्षेत्र के विकास का केंद्र बन सकता है। क्षेत्र की इस क्षमता का लाभ उठाने के लिए भारत-म्यांमा-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग और अगरतला-अखौरा रेल जैसी परियोजनाओं पर काम हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कई शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए, अंतर-राज्यीय सीमा समझौते किए गए और चरमपंथ की घटनाओं में कमी आई है। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्ष में क्षेत्र में हवाई अड्डों की संख्या नौ से बढ़कर 16 हो गई है और उड़ानों की संख्या बढ़कर लगभग ।,900 हो गई है जो 2014 से पहले लगभग 900 थी। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के कई राज्य रेलवे के मानचित्र पर आए हैं और जलमार्गों के विस्तार के प्रयास भी किए जा रहे हैं। मोदी ने कहा कि क्षेत्र में 2014 के बाद से राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई 50 फीसदी तक बढ़ाई गई है। उन्होंने पनबिजली और पर्यटन क्षेत्रों की संभावना पर भी बात की। एनईसी पूर्वोत्तर क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए नोडल एजेंसी हैं। इस क्षेत्र में आठ राज्य अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा शामिल हैं। पूर्वोत्तर परिषद का गठन संसद के एक कानून के जरिए 1971 में किया गया था। हालांकि, इसका औपचारिक उद्घाटन सात नवंबर, 1972 को किया गया था।

### कंगना ने...

भी हैं। वह फिल्म में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका भी निभा रही हैं, जिन्होंने 1975 में देश में आपातकाल लगाया था। रनौत ने एक बयान में कहा था, आपातकाल भारतीय राजनीतिक इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण दौर में से एक को दर्शाता है, जिसने सत्ता को देखने के हमारे नजरिए को बदल दिया और इसलिए मैंने यह कहानी बताने का फैसला किया। देश में 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक आपातकाल लागू रहा था। 21 महीने की इस अवधि के दौरान लोगों के मौलिक अधिकारों पर पाबंदियां लगा दी गई थी। आपातकाल के बाद हुए लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को 1947 में भारत के आज़ाद होने के बाद पहली बार हार का सामना करना पड़ा था।

### चीन को...

सवाल किया कि केंद्र और भाजपा की क्या मजबूरी है? वे ऐसा क्यों कर रहे हैं? खिलौने, चप्पल और कपड़े जैसी चीजें चीन से आयात की जाती हैं। हम इन वस्तुओं का निर्माण अपने देश में भी कर सकते हैं। केंद्र लाचार क्यों है। हमें सस्ते चाइनीज सामान की जरूरत नहीं है। अगर ऐसे उत्पाद भारत में बनते हैं तो हम प्रीमियम कीमत चुकाने को तैयार हैं। बैठक में केजरीवाल ने देशवासियों से चीनी उत्पादों का बहिष्कार करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि वे कहते हैं कि चीनी उत्पाद सस्ते हैं। हम सस्ते होने पर भी चीनी उत्पाद नहीं चाहते हैं। हम भारत में बने उत्पादों को खरीदने के लिए तैयार हैं, भले ही इसकी हमें दोगुनी कीमत चुकानी पड़े। केजरीवाल ने बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को लेकर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि जनता को राहत देने का उसका कोई इरादा नहीं है। उन्होंने दावा किया कि लोग केंद्र में भाजपा सरकार में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी से तंग आ चुके हैं।

### झारखंड में...

गया कि शव के ये टुकड़े बोरिया क्षेत्र के डोंडा पहाड़ निवासी 22 वर्षीय महिला के थे। स्थानीय लोग इस घटना से हतप्रभ थे। अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) (साहिबगंज) राजेंद्र कुमार दुबे ने कहा कि पीड़िता के शव के कुछ टुकड़े जिले के एक खाली पड़े घर में मिले हैं। दुबे ने कहा कि शुरुआती जांच के बाद हत्या के सिलसिले में अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया। एसडीपीओ ने कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी इलाके में हैं और मामले की जांच कर रहे हैं। विस्तृत जांच के बाद और जानकारी मिल सकेगी।

### कोविड फिर...

है कि राज्य की डीएमके सरकार का रवैया उदासीन है। ऐसे में केंद्र सरकार ही कुछ सहायता कर सकती है। वह कहते हैं कि बिजली और पानी की दरों में बढ़ोतरी के डीएमके सरकार के फैसले ने कपड़ा उद्योग की कमर तोड़ दी है। तिरुपुर को एक जीवंत शहर के रूप में जाना जाता है। यहां चौबीसों घंटे ऊर्जा और स्फूर्ति का माहौल रहा है, लेकिन ऐसी मंदी छायी है कि अब यह उबासी ले रही सुस्त बस्ती में तब्दील हो गया है। यहां कई भोजनालयों के शटर गिर चुके हैं। कभी गुलजार रहने वाले शॉपिंग सेंटर अब सुनसान नजर आ रहे हैं। कोलकाता में जन्मे कपड़े के सामान के डीलर जितेंद्र पारिख किसी तरह अपनी दुकान में स्टॉक को निकालने की कोशिशों में जुटे हैं। कोई ग्राहक इधर नहीं आता है। वह कहते हैं कि मैं तनाव में हूं। मुझे अपनी दुकान के एक दर्जन कर्मचारियों को वेतन देना है। मैं उन्हें इस मुश्किल समय में नहीं छोड़ सकता, क्योंकि उन्हें दूसरी जगह भी रोजगार नहीं मिलेगा। इसी प्रकार राधाकृष्णन का कहना है कि वाणिज्य, वित्त और उद्योग मंत्रालयों के संयुक्त प्रयास से ही तिरुपुर और यहां बसे आठ लाख घरों को रोशन किया जा सकता है। टीईए के अध्यक्ष के एम सुब्रमण्यन को उम्मीद है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एफटीए समझौता पासा पलट सकता है और नोय्यल नदी के किनारे बसे तमिलनाडु के इस पांचवे सबसे बड़े शहर के दिन बदल सकते हैं।

## दो दर्जनों से अधिक गौवंशों की हत्या, मचा कोहराम

संवाददाता। ओयल-खीरी

**थाना** खीरी क्षेत्र के अंतर्गत रिपोर्टिंग पुलिस चौकी ओयल के ग्राम पंचायत बरतेर के मजरा सरैया के सुंसी मार्ग के समीप राजेन्द्र पुत्र राम खेलावन तथा सुरेश पुत्र राधे श्याम के गन्ने के खेत मे लगभग 15 गायो को काटकर हत्या कर दी गयी। हत्या के पश्चात सिर त्वचा खाल पैर और कान वही पर छोड़कर गांयो का मांस लेकर फरार हो गए। ग्रामीणों की सूचना के पश्चात हरकत में आई ओयल पुलिस की स्थानीय पुलिस जांच में जुट गई और मौके पर डॉक्टर सावेद अंसारी रिजवी को बुलवाया।

चिकित्सक द्वारा लगभग 11 शवो में टैग लगा हुआ था उनको निकाला व 4 शवो में टैग नही निकला।चिकित्सक से वार्ता करने पर बताया गया कि टैग के हिसाब से गाय गौशाला की नही लग रही है। जांच करने के बाद ही स्पष्ट पता चलेगा कि गाय कहाँ की है क्योंकि गांयो की हत्या कर उनके शवों से सूखा भूसा भारी मात्रा में निकला है। उधर दूसरी तरफ उक्त घटना की जानकारी आला अधिकारियों को जैसे ही पता चला वैसे ही एडिशनल एसपी अरुण कुमार,सीओ सिटी सदर संदीप सिंह,खीरी एसओ दिनेश कुमार, संचित यादव, एसडीएम श्रद्धा सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर पहुंचे। उक्त घटना का जायज़ा लिया साथ ही दो जेसीबी बुलाकर गड्ढे खुदवाकर शव दफनाए।

इस घटना की जानकारी हिंदूवादी संगठनों को हुई वैसे ही विश्व हिन्दू परिषद के विपिन मिश्रा, देव जुनेजा भी मौके पर पहुंचे और साथ ही प्रशासन से 24 घण्टे में गौवंश हत्या करने वालो को गिरफ्तार करने की गुहार लगाई। मौके पर एडिशनल एसपी अरुण कुमार ने आश्वासन भी दिया कि 24 घण्टे में अपराधी पकड़े जाएंगे।यह कृत्य बहुत ही गलत हुआ है। विपिन मिश्रा ने यह भी कहा कि यह घटना से हिन्दुओ की आस्था आहत हुई है। हिन्दुओं की भावनाओ से खिलवाड़ हुआ है। अगर अपराधी नही पकड़े गए तो डीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया जाएगा

# जालौन में सात प्रवक्ताओं को नियुक्ति प्रमाणपत्र बांटे

● मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन वितरित किए गए पद स्थापना नियुक्ति प्रमाण पत्र जनपद में देखा गया सजीव प्रसारण

**संवाददाता।** उरई (जालौन)



नव चयनित प्रवक्ताओं के साथ जनप्रतिनिधि व सीडीओ, डीआईओएस पायनियर

**रविवार** को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन स्थित ऑडिटोरियम उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित प्रवक्ताओं एवं सहायक अध्यापकों को एनआईसी द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर के माध्यम से पदस्थापना एवं नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के 1395 प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। जनपद स्तर पर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। मुख्यमंत्री ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित सभी प्रवक्ताओं एवं सहायक अध्यापकों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश का युवा अपनी योग्यता प्रतिभा एवं प्रतिभा से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सभी नवनियुक्त शिक्षकों से कहा कि अपने परिवार की तरह ही अपने स्कूल कॉलेज कक्षा छात्रों के प्रति जवाबदेही के साथ सभी की उम्मीदों पर खरा उतरे। निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत जनपद से नव चयनित 7 प्रवक्ताओं को ऑनलाइन नियुक्ति पत्र कलैक्ट्रेट सभागार में गौरीशंकर वर्मा, विधायक सदर, मूलचन्द्र निरंजन विधायक कोंच, माधौगढ़, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित ने वितरित किये। विधायकगणों द्वारा नवनियुक्त प्रवक्ताओं को उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनायें दी गयी एवं जिला मुख्य विकास अधिकारी द्वारा भविष्य में और तैयारी कर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया। राजकुमार पंडित, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नवचयनित प्रवक्ताओं को कार्यभार ग्रहण करने सम्बन्धी जानकारी देते हुये उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया गया। जनपद से नवचयनित 7 प्रवक्ताओं में से 5 को अन्य जनपदों में एवं 2 को गृह जनपद में पदस्थापित किया गया है।

## स्व. प्रेम सिंह पहलवान की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद।** पूर्व सदर विधायक विजय सिंह के पिता स्वण् प्रेम सिंह पहलवान की छठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन नाला मछरट्टा स्थित शहर के प्रसिद्ध प्रेम सिंह पहलवान के अखाडें में किया। पुण्यतिथि पर श्रद्धाजंलि सभा में जूना अखाड़ा के महामण्डेलश्वर नवल गिरि महाराज मथुरा मुख्य अतिथि केरुप में पधारे। इस कार्यक्रम का आयोजन पूर्व सदर विधायक विजय सिंह के भतीजे करन सिंह समाजसेवी व युवा वरिष्ठ नेता ने किया । जिसमें दलीय सीमाए तोड़करए समाजसेवीए पत्रकार ए व व्यापरियों के साथ भारी संख्या में जनपद से हजारों लोगो ने कार्यक्रम में शिरकत की। पुण्यतिथि एंव श्रद्धाजंलि सभा में आने वाले बड़े बुजुर्गो से करन सिह ने आर्शीवाद भी लिया। वृंदावन से पधारे जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर नवलगिरी जी महाराज ने मां भगवती दुर्गा का यज्ञ हवन कराया।यज्ञ के बाद करन सिंह व समर्थको ने यज्ञों में पूर्ण आहुतियां डाली।संत बच्चा बाबा को करन सिंह ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। महामंडलेश्वर नवलगिरि जी महाराज ने हवन के बाद अपने प्रवचन में कहा कि देश में तेरह अखाड़े है उनमें जूना अखाड़ा सबसे बड़ा है।सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए यह अखाड़े होते हैं।अखाड़े का अर्थ लोगो की सेवा करना।उन्होंने कहा कि मैने अन्न का त्याग कर रखा है। यहां बुजुर्गो की सेवा के लिए वृद्धा आश्रम होना चाहिए। वृंदावन की तरह फर्रुखाबाद को भी स्वचछ व साफ होना चाहिए। मैं प्रेम सिंह अखाड़े को काफी फलने फूलने का वृंदावन काआशीर्वाद देता हू। पूर्व सदर विधायक विजय सिंह के पिता प्रेम सिंह पहलवान की छठवीं पुण्यतिथि एंव श्रद्धाजंलि सभा में पूर्व सदर विधायक विजय सिंह के पुत्र अविनाश सिंह विक्की व सिक्की नजर नही आये। जबकि उनके बाबा की पुण्यतिथि थी। कार्यक्रम में आने से पूर्व महामण्डेलश्वर नवल गिरि महाराज मथुरा का करन सिंह व लोगो ने उनका फूलमलाओं से भव्य स्वागत किया।

## क्विक न्यूज

### आटो रिक्शा पलटने से दो घायल

**घाटमपुर।** रविवार शांम घाटमपुर-गजनेर रोड पर गांव तेजपुर के पास आटो रिक्सा सड़क किनारे खंती में जाकर पलट गया जिससे उसमें सवार कानपुर देहात के जुनिया थाना गजनेर निासी रामकिशोर व नरेश सिंहं घायल हो गये जिन्हे इलाज के लिए घाटमपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है उक्त आटो रिक्सा सवारी लेकर गजनेर की तरफजा रहा था और जैसे ही तेजपुर के पास नाले पर पंहुचा कि तभी अनियंत्रित होकर खड्ड में जाकर पलट गया, आटो रिक्सा में दबे लोगों को ग्रामीणों ने निकाल कर पुलिस को सूचना दी, दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरो ने उर्सला रिफर कर दिया है

### बुजुर्ग का शव तालाब में उतराता मिला

घाटमपुर। रविवार सुबह साढ थाना क्षेत्र के गांव मुल्लीपुर में एक बुजुर्ग का शव तालाब में उतराता मिला है। परिजनों की सूचना पर साढत्र थाना पुलिस मौके पर पहुची और शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिये भेजा। गांव निवासी रमेश च्रद सचान शनिवार शांम जंगली औषधि लेने की बात कह कर घर से चले आयेथे और आज सबेर उनका शव गांव बाहर तालाब में पड़ा मिला।

### किशोरी ने फांसी लगाकर जान दी

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली के बसेला गांव में अज्ञात कारणों के चलते किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बसेरा गांव निवासी अमरचंद पाल ने बताया कि वह खेती कर वह परिवार का भरण पोषण करता है। रविवार की सुबह अपनी पत्नी मिथलेश के साथ खेत पर मटर की सिंचाई के लिए गया था। उसकी सातों पुत्री और पुत्र थे। उसकी पुत्री 17 वर्षीय शालिनी ने भूसा वाले कमरे में जाकर रस्सी से फांसी लगा ली। शाम को जब उसकी मां खेत से घर आई और जानवरों को गुस्सा निकालने के लिए कमरे में गई तो पुत्री को फांसी पर लटका देख चीख पड़ी। पुत्री की मौत पर मां और स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### नशेड़ी पति बच्चों व पत्नी के साथ करता है मारपीट

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी प्रियंका सोनी ने बताया कि उसका पति धर्मेंद्र सोनी शराब के नशे का लती है। जो आए दिन नशे में धुत होकर उसके व उसके दोनों बच्चों के साथ मारपीट करता है। बताया कि शराब के लिए रुपया न होने पर घर में रखा सामान बेच देता है। पति के इस कार्य में उसके ससुर व देवर भी सहयोग कर रहे हैं। महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। महोबकंठ थाने के रिवई गांव निवासी 33 वर्षीय जयपाल पुत्र मुकुंदी अपने 13 वर्षीय पुत्र के साथ अपनी ससुराल पहाड़ी आया हुआ था। शाम को वापस घर लौटते समय पनवाड़ी मार्ग स्थित गिरवर मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई। जिससे दोनों पिता-पुत्र घायल हो गए। घायलों को रात सीएचसी में भर्ती कराया गया। अधीक्षक डॉ अखिलेश कुमार ने बताया कि दोनों को मामूली चोटें आई हैं। जिनका इलाज कर दिया गया है।

### सरकार की योजनाओं पर विस्तार से दी गयी जानकारी

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर के मदरसा यादगार मोहम्मदी हुसैनी में रविवार को अल्प संख्यक अधिकार दिवसपर एक कार्यक्रम का आयोजन कर शासन की योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अल्प संख्यक अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने की। इस मौके पर मदरसा रहमानिया अनवारूल उलूम के प्रधानाचार्य अताउर रहमान, यादगार मोहम्मदी के प्रधानाचार्य नसीम आलम, मौलाना महबूब, शहर इमाम करामत उल्ला,हाजी जहांगीर, हाफिज रफीक व हाफिज गफूर ने अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर चर्चा करते हुए अल्पसंख्यकों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में प्रकाश डाला गया,वही जिला अल्पसंख्यक अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष रामकिशोर वह वरिष्ठ सभासद कुतुबुद्दीन उर्फजुम्मु के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

### सोनू चौधरी बने निर्विरोध अध्यक्ष,सौंपा गया प्रमाणपत्र

**मौदहा (हमीरपुर)।** मौदहा प्रेस क्लब के हुए वार्षिक चुनाव में नगर के समसुद्दीन ( सोनू चौधरी) को प्रेस क्लब का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया।नगर के मौदहा प्रेस क्लब के वार्षिक चुनाव में तस्वीर आजकल के जिला संवाददाता समसुद्दीन उर्फसोनू चौधरी को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया जिसके चलते रविवार को विकास खंड कार्यालय के सभागार भवन में नवनिर्वाचित अध्यक्ष सोनू चौधरी को प्रेस क्लब के संस्थापक अरुण शुक्ला व चुनाव अधिकारी मनोज त्रिपाठी ने प्रमाण पत्र सौंपा। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष आदित्य त्रिपाठी द्वारा अपने एक वर्ष के कार्यकाल में किए गए कार्यों के लिए नवनिर्वाचित अध्यक्ष सम्मानित किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सोनू चौधरी ने कहा कि वह अपनी दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारी से करेगे। पत्रकारों के हित की लड़ाई सदैव पदाधिकारियों के साथ मिलकर लडी जायेगी। इस मौके पर प्रेस क्लब के संरक्षक राकेश निगम दद्दा, रईस अहमद, रमैया प्रजापति, सुबोध गुप्ता, शाहिद मसरूर व रमेश कुमार समेत एक दर्जन से अधिक पत्रकार मौजूद रहे।

### 64 ओवरलोड ट्रकों का किया गया चालान,बीस लाख की वसूली

**हमीरपुर।** बीती रात टास्टफोर्स टीम ने अलग अलग क्षेत्र में 64 ओवरलोड ट्रकों का आन लाइन चालान कर वाहनों को सीज कर दिया गया,जिसमें बीस लाख 48 हजार रुपये का राजस्व वसूला गया। पुलिस के अनुसार जिले में मौरंग का हो रहा अवैध खनन को लेकर बीती रात टास्क फोर्स ने ओवरलोडिंग के हमीरपुर तहसील में 41 वाहन,सरीला में 23 वाहनों के अलावा कई ट्रैक्टरों का चालान किया गया। इसमे कई वाहनों के पास रायल्टी नही पायी गयी। जांच के दौरान वाहनों से 20 लाख 48 हजार रुपये की वसूली की गयी। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### सडक में खडे ट्रैक्टर से मोटरबाइक भिड़ी, दो घायल

**चित्रकूट।** मानिकपुर थाना क्षेत्र में सडक में खडे ट्रैक्टर से बेकाबू बाइक के भिडने से दो युवक गम्भीर रुप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को मानिकपुर सीएचसी में भर्ती कराया है। ये हादसा शनिवार को देर शाम सरैंया पुलिस चौकी क्षेत्र के गर्गनपुरवा में हुआ। बताया गया कि बाइक सवार मानिकपुर से कर्वी की ओर जा रहे थे। कालीघाटी उतरने के बाद गर्गनपुरवा के पास लइट की चमक से सडक पर बेडा खडे ट्रैक्टर से मोटरबाइक टकरा गई। दोनों बाइक सवार गिरकर घायल हो गये। घायल बलबीर (35) निवासी करनपुर थाना कल्याणपुर जिला फतेहपुर ने बताया कि वह मशीन आपरेटर है। मानिकपुर में एक घर में लेंटर डालने के बाद सहयोगी संतराम (35) निवासी अरवारा जिला चित्रकूट के साथ कर्वी आ रहा था। मोटरबाइक बलबीर चला रहा था। उसका बाया पैर घुटने के नीचे टूट गया है। शरीर में गम्भीर चोटें आई हैं। पीछे बैठे संतराम के माथे और शरीर में कई जगह चोंट के निशान हैं। मौजूद लोगों ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद बलबीर की हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

## शिक्षा सर्वोपरि, इससे स्वाभिलम्बी बनता है मनुष्य : मुख्य विकास अधिकारी

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**जनपद** कानपुर देहात के तहसील सिकंदरा क्षेत्र के अन्तर्गत कस्बा सिकंदरा के मदरसा निजामिया पब्लिक हाई स्कूल में आयोजित अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडे ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नौनिहालों ने सांस्कृतिक गान से सभी का दिल मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने स्कूल के छात्र और छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा सर्वोपरि है जिससे इंसान शिक्षित होता है। 'बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ' विषय पर बोलते हुए मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने बताया कि आज की नारी शिक्षित होकर जनपद के साथ साथ देश का भी नाम रोशन कर रही है। महिलाएं स्वयं सहायता समूह संचालित करके घर परिवार के साथ साथ जनपद का भी नाम रोशन कर रही है। बेटी अगर घर में जन्म लें तो भेदभावपूर्ण व्यवहार ना करके बेटी को शिक्षित बनाओं यही आगे चलकर डीएमए एसपीए मुख्यमंत्रीए राष्ट्रपति आदि बनेंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय विशिष्ट अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी डॉ प्रियंका अवस्थीए आर के तिवारीए भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष परवेश कटियारए मदरसा मदार शाह एकेडमी खोजाफूल के डायरेक्टर असरफ अलीए मदरसा निजामिया पब्लिक हाई स्कूल के डायरेक्टर मोहम्मद मारुफ, प्रबन्धक अब्दुल रज्जाकएसुदामा प्रसाद अकेला की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

## एफपीओ के अनुबंध से मटर उत्पादन करने वाले किसानों को मिलेगा लाभ

● प्रदेश में इकलौता जनपद जहां सबसे अधिक होता मटर का उत्पादन

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**जनपद** जालौन में हरी मटर का क्षेत्रफल लगभग 85 हजार हैक्टेयर है, जिसमें 120-140 कुंटल प्रति हैक्टेयर हरी मटर का फली के रूप में पैदावार होती है। जिलाधिकारी चाँदनी सिंह की पहल किसानों की मटर फसल के उचित मूल्य मिलने से किसान होंगे खुशहाल, इसके लिये जनपद में विकास खण्ड डकोर व विकास खण्ड जालौन पर दो किसान उत्पादक संगठन एफपीओ सक्रिय किये गये हैं। जिसमे विकास खंड डकोर के कृषक उत्पादक संगठन डकोर मटर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से 307 कृषक तथा विकास विकास खंड जालौन के कृषक उत्पादक संगठन जालौन पीस प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से 301 कृषक जुड़े हैं। प्रदेश में पहला ऐसा जनपद जालौन है जहां पर मटर फसल का उत्पादन सबसे अधिक होता है। जिला प्रशासन ने किसान कैसे समृद्ध हो इसके लिये कम्पनी आईटीसी, मैसर्स शान्ती शीत गृह प्राइवेट लिमिटेड, राजफ्रोजन, सोनू ट्रेडर्स लखनऊ, भूक्रान्ति आदि से एफपीओ का अनुबन्ध कराया गया। पिछली वर्ष यह देखने को मिला कि किसानों को मटर फसल के उचित दाम नही मिले, साथ ही किसानों का बिचौलियों द्वारा शोषण किया गया जैसे धर्मकांटों पर मटर की फसलों पर अधिक कटौती, कुछ फर्मों द्वारा किसानों की फसल का पैसा लेकर भाग जाना, साथ ही किसानों को अपनी फसल के लिये अपने पास से पल्लेदारी भी देना, किसानों के साथ घटतौली, किसानों को अपनी मटर की फसल के के नगद भुगतान पर 2 प्रतिशत कटौती से जूझना पड़ता था। जिला प्रशासन ने ऐसे सभी प्रथा को समाप्त करने के लिये एफपीओ के साथ कम्पनियों का अनुबन्ध कराया। किसान अपनी मटर फसल एफपीओ के माध्यम से विक्रय करे ताकि बिचौलियों से बचा जा सके। किसानों का हक बिचौलिया को को मिलता था अब ऐसा न होकर सीधे किसानों को दो हेक्टेयर जमीन पर लगभग 15 हजार रुपये का अतिरिक्त मुनाफा होगा। किसानों को एफपीओ के माध्यम से अपनी मटर फसल को विक्रय करने से बिचलियों व घटतौली, अधिक कटौती किसानों को नगद भुगतान पर 2 प्रतिशत की कटौती व पल्लेदारी जैसी सभी समस्याओं से निजात किसानों को मिलने जा रही हैं साथ ही किसानों का 24-72 घंटे में भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

## मानिकपुर एसडीएम ने दबंगों से खाली कराई बंजर भूमि

**चित्रकूट।** जिले में गांव समाज की बंजर भूमि पर दबंगों के अवैध कब्जा करने पर तहसील प्रशासन ने बुलडोजर चलवाकर बंजर भूमि को खाली करवाया। ये मामला है मानिकपुर तहसील के मनगवां गांव का। बताया गया कि गांव समाज की बंजर भूमि पर आधा दर्जन से ज्यादा लोगों ने अवैध कब्जे कर लिए थे। एसडीएम मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव के निर्देश पर प्रभारी तहसीलदार विवेक कुमार ने बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने बुलडोजर से बंजर जमीन से अवैध कब्जे को हटवा दिया। एसडीएम मानिकपुर प्रमेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मनगवां गांव में कुछ लोगों के गांव समाज की भूमि पर अवैध कब्जे की जानकारी मिली थी। प्रभारी तहसीलदार विवेक कुमार व नायब तहसीलदार तथा क्षेत्रीय लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता को मौके पर भेजकर मनगवां गांव की बंजर पर दर्ज भूमि गाटा संख्या 179 को नपवाकर खाली करवा दिया गया है।

## जनकल्याणकारी योजनाओं का गरीबों को मिले लाभः शिवशंकर

● शीतलहर को देखते हुए कम्बलों का वितरण शुरू

**संवाददाता।** राजापुर(चित्रकूट)



गरीबों को कम्बल बांटते भाजपा नेता शिवशंकर सिंह पायनियर

**शीतलहर** को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दैवीय आपदा राहत कोष से प्रदत्त कम्बल वितरण कार्यक्रम राजापुर तहसील के विशाल प्राँगण में एसडीएम प्रमोद झां के निर्देशन एवं भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य शिवशंकर सिंह की मौजूदगी में किया गया। कार्यक्रम के दौरान लगभग एक सैकड़ा कम्बलों का वितरण गाँव के गरीब, असहाय, विधवा, विकलांग पात्रों को वितरण किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजना रविवार को तहसील के विशाल प्रांगण में भाजपा के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य शिवशंकर सिंह की मौजूदगी व उपजिलाधिकारी प्रमोद झाँ के निर्देशन में तहसीलदार संजय अग्रहरि द्वारा कैम्प लगाकर लगभग एक सैकड़ा कम्बलों का वितरण पराकों, खटवारा, मझगवाँ के पात्र लोगों को वितरण किया गया। भाजपा के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य शिवशंकर सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार गरीबों के लिए हर सम्भव मदद करने के लिए तत्पर है। गांव के अंतिम पंक्ति पर खड़े उस गरीब, मजलूम, असहाय, वृद्धा, दिव्यांग, बेवा लोगों के विकास के लिए संगठन के माध्यम से प्रयत्नशील रहते हुए कार्य कर रही है और सौभाग्य योजना एवं सुगम योजना के अंतर्गत छोटे छोटे मजरों में विद्युत कनेक्शन लेने के लिए इस्टीमेट के अनुसार लगने वाले खम्भों में एकमुश्त भुगतान न कर पाने की वजह से उत्तर प्रदेश सरकार ने 12किश्तों में उपभोक्ता द्वारा भुगतान का प्रावधान रखा गया है। प्रदेश में शीतलहर को देखते हुए दैवीय आपदा राहत कोष से पूरे प्रदेश में कम्बलों का वितरण शुरू कर दिया गया है। कोई भी व्यक्ति ठण्ड और भूंख से नहीं मरने पाएगा। केंद्र तथा प्रदेश सरकार की अनेकों प्रकार की कल्याणकारी योजनाएँ गरीबों के लिए चलाई जा रही हैं जो बूथ अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक से लेकर एक एक कार्यकर्ता के माध्यम से गाँव की तथा जन समस्याओं का निराकरण कराए जाने के लिए लगा दिया गया है। राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद वितरण कार्यक्रम के बाद जन समस्याएं सुनते हुए तुरन्त निराकरण करने की बात कही गई है। इस अवसर पर तहसीलदार संजय अग्रहरि ने कहा कि गरीब और असहाय लोगों की पात्रता के लिए लेखपालों, राजस्व निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि पात्र व्यक्तियों की सूची तैयार कर गाँव गाँव कम्बलों का वितरण कराया जाएगा और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कम्बल वितरण का कार्यक्रम अनवरत चलता रहेगा और कोई भी पात्र व्यक्ति ठण्ड से परेशान नहीं होगा।

## मुठभेड़ में ईनामी बदमाश देवेन्द्र उर्फ पिंकू यादव ढेर, पुलिसकर्मी भी हताहत

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**जनपद में** एसपी अशोक कुमार मीणा के नेतृत्व में अपराध व अपराधियों के सफाये में जुटी पुलिस की गोलियों से ईनामी बदमाश पिंकू यादव ढेर हो गया। मुठभेड़ में एक पुलिस कर्मी भी हताहत हुआ है। लोहिया अस्पताल में पुलिस तैनात है। बदमाश की गोली से एसओजी का सिपाही सचिन चौहान व पुलिस सिपाही राजेश घायल हैं। दोनों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बदमाश देवेंद्र उर्फपिंकू यादव रविवार सुबह पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। कायमगंज कोतवाली पुलिसए एसओजी टीम व सर्विलांस टीम की रविवार तडक़े तेड़ीकोन के निकट पिंकू यादव से सामना हो गया। इसी दौरान पुलिस की जवाबी फायरिंग में गोली लगने से पिंकू गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस गंभीर घायल पिंकू को सीएससी कायमगंज ले गई। डॉ विपिन कुमार ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर घायल पिंकू को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में डॉक्टर मनोज पांडेय ने घायल का उपचार किया। इसी दौरान बदमाश पिंकू यादव की मौत हो गई। बताया गया की पिंकू की गोली से कोतवाली कायमगंज के उप निरीक्षक राजेश कुमार एवं एसओजी का सिपाही सचिन चौहान घायल हुए हैं। दोनों को लोहिया अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

## पुलिस टीम की बदमाशों से मुठभेड़, दो घायल

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना व स्वाट टीम-1 की संयुक्त टीम के साथ हाजीपुर गंग मोड़ पर बदमाशों के साथ हुई मुठभेड़ में दो बदमाश घायल हो गये। जिन्हें हिरासत में ले लिया गया। टीम को दोनों बदमाशों के पास से तमंचा-कारतूस व एक बाइक भी बरामद हुई है। पकड़े गये दोनों बदमाश शातिर किस्म के अपराधी हैं। जो कई मुकदमों में वांछित थे। एसपी ने मुठभेड़ करने वाली पुलिस टीम को पच्चीस हजार रूपये का ईनाम दिये जाने की घोषणा की है। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि हुसैनगंज थाना पुलिस व स्वाट टीम-1 क्षेत्र में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने के उद्देश्य से गश्त कर रही थी। तभी हाजीपुरगंग मोड़ पर एक बाइक पर सवार तीन युवक आते दिखाई दिये। पुलिस ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लग गई और घायल हो गये। पकड़े गये बदमाशों ने अपने नाम पप्पू यादव पुत्र मान सिंह निवासी रहमालन का पुरवा थाना हुसैनगंज व मुकीम पुत्र ज्ञान अली निवासी सातोधरम का पुरवा थाना असोथर बताया। बदमाशों को इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया। एक अन्य बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। फरार बदमाश की गिरफ्तारी के लिए स्थानीय पुलिस द्वारा कॉम्बिंग की जा रही है। एसपी ने बताया कि घटनास्थल से दो तमंचा, ढेर सारे कारतूस, अपाचे गाड़ी बिना नंबर प्लेट, चार हजार रुपये नगद व एक की-पैड मोबाइल बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि अभियुक्त पप्पू के विरुद्ध लगभग बीस मुकदमें दर्ज हैं। जो जनपद हमीरपुर के थाना भरुआ सुमेरपुर से गैंगेस्टर का वांछित है। मुकीम के विरुद्ध भी गौकशी आदि के विभिन्न मुकदमे दर्ज हैं। दोनों थाना हुसैनगंज पर पंजीकृत अभियोग में 376 और 394 आईपीसी में वांछित अभियुक्त भी हैं।

## कांग्रेस की नफरत छोड़ो भारत जोड़ो यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

● पार्टी ने चुनाव हारा है हौसला नहीं: अनिल

● शहर के प्रमुख मार्गो पर घूमी यात्रा महापुरूषों की प्रतिमाओं पर किया माल्यर्पण

**संवाददाता।** फतेहपुर




**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी द्वारा देश भर में निकाली जा रही भारत जोड़ों यात्रा के क्रम में बुंदेलखंड-कानपुर के प्रांतीय अध्यक्ष अनिल यादव के नेतृत्व में प्रांतीय यात्रा के हमीरपुर जिले से जनपद पहुंची। सदर विधान सभा प्रभारी एवं शहर अध्यक्ष मोहसिन खान के नेतृत्व में शहर के विभिन्न स्थानों में यात्रा का स्वागत किया गया। शनिवार की देर शाम बुंदेलखंड-कानपुर जोन के अध्यक्ष अनिल यादव के नेतृत्व में प्रांतीय यात्रा हमीरपुर जिले से जनपद पहुंची। रात्रि विश्राम के पश्चात रविवार को कांग्रेस पार्टी की नफरत छोड़ो भारत जोड़ो यात्रा शहर के विभिन्न स्थानों पर निकाली गई। यात्रा से पूर्व जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय के साथ संयुक्त पत्रकार वार्ता के दौरान प्रांतीय अध्यक्ष अनिल यादव ने बताया कि कांग्रेस केवल पार्टी नहीं बल्कि एक विचारधारा है। जो देश मे रहने वाले नागरिकों को उनके समूचे मौलिक अधिकारों व लोकतात्रिंक अधिकारों की बहाली के लिये संघर्ष कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा देश में निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा के सापेक्ष कानपुर बुंदेलखंड प्रांतीय स्तर पर यात्रा निकाल कर लोगों से देश में बढ़ती नफरत के खिलाफएकजुट होकर खड़े होने का आह्वान किया गया है। उन्होंने कहा कि अच्छे दिन का सपना दिखाया गया जबकि देश मे कानून व्यवस्था खराब है। बाद में भारत जोडो यात्रा शहर के बाकरगंज, रोडवेज बस स्टॉप, ज्वालागंज चौराहा से होते हुए अरबपुर तिराहा पहुँची। जहां स्वतंत्रता संग्राम के योद्धा ठाकुर दरियाव सिंह के स्मारक में माल्यर्पण कर पीरनपुर, वर्मा चौराहा, अटल चौराहा होते हुए आईटीआई रोड से पटेलनगर चौराहा पहुँची। जहाँ सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तत्पश्चात यात्रा बहुआ कस्बा पहुंची जहां विभिन्न स्थानों पर यात्रा का स्वागत कर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद यात्रा प्रभारी व शहर अध्यक्ष मोहसिन खान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के नेतृत्व में देश के लोगो के बीच जाकर नफरत छोड़ो भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से जनता के बीच जाकर देश के विकास के लिये आपसी सौहार्द बनाये रखने एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बनाये रखने के लिये एकजुट करने का काम कर रही है। इस मौके पर एआईसीसी सदस्य रियासत अली, हुसैनगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी शिवकांत तिवारी, बिंदकी विधान के पूर्व प्रत्याशी अभिमन्यु सिंह, वीरेंद्र सिंह चौहान, राजन तिवारी, सईद अहमद, ओम प्रकाश गिहार, राजीव लोचन निषाद, सुधाकर अवस्थी, मिस्बाहुल हक़, जगत पाल पासवान, अजलाल अहमद, संतोष कुमारी शुक्ला, रामनरेश महाराज, मनोज घायल, नरिंदर सिंह रिक्की आदि रहे।

# सुरंग में तेल टैंकर में विस्फोट कम से कम 19 की मौत

**एपी। काबुल**



**अफगानिस्तान में** राजधानी काबुल की एक सुरंग में तेल के टैंकर में विस्फोट होने की घटना में कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 32 लोग जख्मी हो गए हैं। सालंग सुरंग देश के उत्तरी हिस्से को दक्षिण से जोड़ने के लिए अहम मार्ग है। इसका निर्माण 1960 के दशक में सोवियत संघ को हमला करने में मदद करने के लिए किया गया था। परवान प्रांत के प्रवक्ता सईद हिमतुल्लाह शमीम के मुताबिक, शनिवार रात को सुरंग में हुए विस्फोट की वजह से कम से कम 19 लोगों की जान चली गई। मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित मलबे में फंसे हुए हैं और हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। यह फिलहाल साफ नहीं हो सका है कि घटना की वजह क्या थी। यह विस्फोट रात करीब साढ़े आठ बजे हुआ। स्थानीय अधिकारी डॉ अब्दुल्लाह अफगान के मुताबिक, परवान के स्वास्थ्य विभाग को अबतक 14 शव मिले हैं और 24 लोग जख्मी हैं। उन्होंने कहा कि मृतकों में पांच महिलाएं और दो बच्चे हैं, बाकी पुरुष हैं, जो गंभीर रूप से झुलसे हुए हैं और उनकी पहचान नहीं हो पा रही है। लोक निर्माण मंत्रालय के प्रवक्ता मौलवी हमीदुल्लाह मिस्बाह ने रविवार को कहा कि आग बुझा दी गई है और सुरंग को साफ करने के लिए दल अब भी काम कर रहे हैं।

## स्वीडन में चिड़ियाघर से भागे तीन चिम्पैंजी पकड़े गए, चार को गोली मारी गई

**स्टॉकहोम।** स्वीडन के एक चिड़ियाघर के अधिकारियों ने बाड़े से बाहर निकल आए तीन चिम्पैंजी को वापस सुरक्षित जगह पर पहुंचा दिया, लेकिन इस दौरान चार अन्य चिम्पैंजी को गोली मार दी गई। फुरुविक चिड़ियाघर ने शनिवार को एक बयान में कहा कि जीवित बचे हुए चिम्पैंजी की अब देखभाल की जा रही है और जो घायल हो गए हैं, उन्हें पशु चिकित्सा संबंधी देखभाल मिल रही है। चिम्पैंजी बुधवार को अपने बाड़े से भाग गए थे। चिड़ियाघर घूमने जाने वाले लोगों को खतरे के कारण अधिकारियों को चिम्पैंजी को गोली मारने के लिए मजबूर होना पड़ा। दो चिम्पैंजी को चिड़ियाघर के मैदान में गोली मारी गई और एक की मंकी हाउस के अंदर मौत होने की पुष्टि हुई। शनिवार को चौथे चिम्पाजी का शव मिला। फुरुविक चिड़ियाघर ने फेसबुक पर एक बयान जारी कर कहा, जो हुआ वह एक बड़ी त्रासदी है और हमारी बहुत बड़ी विफलता है।

# ईरान सरकार ने ऑस्कर विजेता फिल्म की अभिनेत्री को गिरफ्तार किया

**एपी। काहिरा**

**ईरान के** अधिकारियों ने देश की सबसे प्रसिद्ध अभिनेत्रियों में से एक को देश भर में हो रहे प्रदर्शनों के बारे में झूठ फैलाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी इरना की खबर में कहा गया है कि ऑस्कर विजेता फिल्म द सेल्समैन की अभिनेत्री तारानेह अलीदूस्ती को शनिवार को हिरासत में लिया गया। एक हफ्ते पहले उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया था जिसमें विरोध प्रदर्शनों के दौरान कथित रूप से किए गए अपराधों के लिए हाल में मृत्युदंड पाने वाले पहले व्यक्ति के साथ एकजुटता व्यक्त की गई थी। सरकारी मीडिया के आधिकारिक टेलीग्राम पर प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, सरकार विरोधी प्रदर्शनों का खुलकर समर्थन करने को लेकर मशहूर हस्तियों की

**● एक हफ्ते पहले उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया था जिसमें विरोध प्रदर्शनों के दौरान कथित रूप से किए गए अपराधों के लिए हाल में मृत्युदंड पाने वाले पहले व्यक्ति के साथ एकजुटता व्यक्त की गई थी**

गिरफ्तारी की श्रृंखला में यह नई घोषणा है, जिसमें फुटबॉल खिलाड़ी, अभिनेता और प्रभावशाली लोग शामिल हैं। सरकारी मीडिया के आधिकारिक टेलीग्राम चैनल पर प्रकाशित खबर के अनुसार, अलीदूस्ती को गिरफ्तार कर लिया गया है क्योंकि उन्होंने अपने दावों के अनुरूप कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए। उसने कहा कि कई अन्य ईरानी हस्तियों को भी भड़काऊ सामग्री प्रकाशित करने के लिए न्यायपालिका ने समन भेजा था और इनमें से कुछ को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, इसमें कोई और विवरण नहीं दिया गया। अपने पोस्ट में, 38 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा था, उसका नाम मोहसिन शेखरी था। हर अंतरराष्ट्रीय संगठन जो इस खूनखराबे को देख रहा है और कार्वाई नहीं कर रहा है, मानवता के लिए एक अपमान है। शेखरी को नौ दिसंबर को ईरान की एक अदालत ने तेहरान में एक सड़क को अवरुद्ध करने और देश के सुरक्षा बलों के एक सदस्य पर हथियार से हमला करने के आरोप में मृत्युदंड सुनाया था। नवंबर में दो अन्य प्रसिद्ध ईरानी अभिनेत्रियों हेंगामेह गज़ियानी और कातायुन रियाही को अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर प्रदर्शनकारियों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के कारण गिरफ्तार किया था।

# पति पर भारतीय नर्स और दो बच्चों की हत्या के आरोप

**भाषा। लंदन**

**ब्रिटेन में** एक भारतीय नर्स और उसके दो बच्चों की हत्या के मामले में महिला के पति पर तीन आरोप दर्ज किए गए हैं तथा आरोपी को सोमवार को अदालत में पेश किया जाएगा। नॉर्थम्पटनशायर पुलिस ने शनिवार रात 52 वर्षीय सजू चेलावलेल पर उसकी पत्नी अंजू अशोक (35), उसके छह वर्षीय बेटे जीवा सजू और चार वर्षीय जानवी सूज की हत्या का आरोप दर्ज किया। पुलिस ने यह भी बताया कि महिला और दोनों बच्चों की मौत दम घुटने की वजह से हुई थी। मामले के वरिष्ठ जांच अधिकारी डिटेक्टिव इंस्पेक्टर साइमन बार्न्स ने कहा, हमारी संवेदनाएं अंजू, जीवा और जानवी के परिजनों के साथ हैं, जिन्हें हम इंसाफ दिलाने के लिए दृढ़ हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना परेशान करने वाली है। उन्होंने उन सभी लोगों का आभार जताया, जिन्होंने बृहस्पतिवार को घटना की सूचना पुलिस को दी या जांच में शामिल हुए। चेलावलेल को नॉर्थम्प्टन मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया जाएगा। आरोपी को नॉर्थहैम्पटनशायर पुलिस ने बृहस्पतिवार सुबह गिरफ्तार किया था। केटरिंग स्थित उनके आवास पर बृहस्पतिवार को उसकी पत्नी और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल स्थिति में पाए गए थे। पुलिस ने कहा कि अस्पताल में अशोक, जीवा और सजू की जान बचाने की पूरी कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने दम तोड़ दिया। बयान के मुताबिक, बाद में लेस्टर रेयल इंफर्मेरी में किए गए फॉरेंसिक पोस्टमार्टम में यह पता चला कि महिला और दोनों बच्चों की मौत का कारण दम घुटना है। अशोक मूल रूप से केरल के कोट्टायम की रहने वाली थी और 2021 से राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) में नर्स थी तथा केटरिंग जनरल अस्पताल में काम कर रही थी। अस्पताल ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और एक समर्पित कर्मचारी बताया।

# देउबा से मिले प्रचंड, नेपाल का अगला प्रधानमंत्री बनने की इच्छा जताई

**भाषा। काठमांडू**

**सीपीएन-माओइस्ट** सेंटर के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल प्रचंड ने नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा से मुलाकात की और देश का अगला प्रधानमंत्री बनने की कथित तौर पर इच्छा जताई है। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने सत्तारूढ़ गठबंधन को आगे ले जाने के तौर तरीकों और नई सरकार के गठन पर चर्चा की। शनिवार को हुई बैठक इसलिए महत्वपूर्ण है कि राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी सरकार बनाने के लिए राजनीतिक दलों को अपना दावा पेश करने के लिए बुलाने पर विचार कर रही हैं। राष्ट्रपति भंडारी के प्रेस विशेषज्ञ टीका ढकाल ने द काठमांडू पोस्ट अखबार को बताया, राष्ट्रपति ने अभी तक कोई विशेष दिन निर्धारित नहीं किया है। हालांकि, वह बहुत जल्द राजनीतिक दलों को दावा पेश करने के लिए बुलाएंगी। किसी पार्टी या गठबंधन को स्पष्ट बहुमत के लिए 275 सदर्सईय हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में 138 सीट की जरूरत है। लेकिन किसी भी पार्टी के पास सरकार बनाने के लिए पर्याप्त संख्या में सीट नहीं है। सत्तारूढ़ गठबंधन के पास सीट सदन में बहुमत के आंकड़े के आसपास है, लेकिन अब भी इस बारे में फैसला नहीं हुआ है कि मंत्रिमंडल का नेतृत्व कौन करेगा। देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस (एनसी) नवंबर में हुए चुनाव में 89 सीट के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। सत्तारूढ़ गठबंधन के अन्य सहयोगियों ने मिलकर 47 सीट हासिल की है। इनमें सीपीएन-माओइस्ट सेंटर (32), सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट (10), लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी (4)



और राष्ट्रीय जनमोर्चा का एक सदस्य है। नवगठित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने भी सरकार गठन में नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले पांच दलों के गठबंधन को समर्थन देने की पेशकश की है। 20 नवंबर को हुए चुनाव में आरएसपी 20 सीट के साथ चौथी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। अखबार के मुताबिक, नेपाली कांग्रेस के प्रवक्ता प्रकाश शरण महत ने कहा कि प्रचंड ने प्रधानमंत्री देउबा के साथ बैठक में पांच वर्षीय कार्यकाल के शुरूआती ढाई साल के लिए नेपाली कांग्रेस से प्रधानमंत्री बनने के लिए औपचारिक रूप से समर्थन मांगा। नेपाल में 20 नवंबर को हुए चुनाव से पहले गठबंधन बनाते समय, देउबा और प्रचंड ने कथित तौर पर बारी-बारी से सरकार का नेतृत्व करने के लिए एक समझौता किया था। महत ने कहा कि यह अधिक स्वाभाविक होगा कि चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी नेपाली कांग्रेस सरकार का नेतृत्व करे। हिमालयन टाइम्स अखबार की खबर के अनुसार, यह पूछे जाने पर कि क्या प्रचंड ने नया प्रधानमंत्री बनने के लिए देउबा से समर्थन मांगा है, सीपीएन-माओइस्ट सेंटर के नेता नारायण काजी श्रेष्ठ ने कहा कि उन्होंने देउबा से जानना चाहा है कि वह कैसे आगे बढ़ना चाहते हैं।

## क्विक न्यूज

### भारत, श्रीलंका अगले महीने कांकेसंतुरई से पुडुचेरी के बीच शुरू करेंगे नौका सेवा

**कोलंबो।** श्रीलंका और भारत अगले महीने कांकेसंतुरई बंदरगाह और पुडुचेरी के बीच यात्री नौका सेवा शुरू करेंगे। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। समाचार पत्र कोलंबो पेज की एक रिपोर्ट के अनुसार श्रीलंका के बंदरगाह, नौवहन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री निमल सिरिपाल डी सिल्वा ने कहा कि अगले साल जनवरी के मध्य में यह नौका सेवा शुरू करने की व्यवस्था की गई है। इसके तहत जाफना में स्थित कांकेसंतुरई और पुडुचेरी के बीच नौका चलाई जाएगी। डेली मिरर के मुताबिक, डी सिल्वा ने कहा कि भारत सरकार ने भी इस नौका सेवा पर अपनी सहमति दे दी है। उन्होंने कहा, बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक जाफना में व्यावसायिक गतिविधियों में लगे है। इस तरह के संपर्क से विदेशी राजस्व में बढ़ोतरी होगी। इससे बौद्ध तीर्थयात्रियों को भी सुविधा होगी। मंत्री ने कहा कि दक्षिण भारत से श्रीलंका के त्रिंकोमाली और कोलंबो तक यात्री परिवहन सेवाएं भी शुरू की जाएंगी। उन्होंने बताया कि अब तक तलाइमन्नार और भारत के बीच नौका सेवा शुरू करने के बारे में कोई ठोस निष्कर्ष नहीं निकल पाया है।

### रियल एस्टेट में पीई निवेश 17 प्रतिशत घटकर 5.13 अरब डॉलर रहा

**नई दिल्ली।** मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं और भू-राजनीतिक स्थितियों की वजह से निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से रियल एस्टेट क्षेत्र में निजी इक्विटी (पीई) निवेश इस वर्ष 17 फीसदी गिरकर 5.13 अरब डॉलर रह गया। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रियल एस्टेट सलाहकार फर्म नाइट फ्रैंक इंडिया के अनुसार, आवास, कार्यालय और खुदरा क्षेत्रों में वर्ष 2022 में पीई निवेश घटा है जबकि पिछले वर्ष की तुलना में गोदाम परिसंपत्तियों में यह बढ़ा है। आंकड़ों के मुताबिक, गोदामों में पीई निवेश पिछले वर्ष के 131.3 करोड़ डॉलर से 45 फीसदी बढ़कर इस वर्ष 190.7 करोड़ डॉलर हो गया। वहीं कार्यालय परिसंपत्तियों में पीई निवेश 19 फीसदी गिरकर 233.1 करोड़ डॉलर पर आ गया जो 2021 में 288.2 करोड़ डॉलर था। आवासीय श्रेणी में पीई निवेश 2021 में 118.7 करोड़ डॉलर था जो 2022 में 50 फीसदी घटकर 59.4 करोड़ डॉलर रह गया। खुदरा परिसंपत्तियों में भी यह 63 फीसदी घटकर 30.3 करोड़ डॉलर रह गया जो 2021 में 81.7 करोड़ डॉलर था। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, ब्याज दरों और मुद्रास्फीति के बढ़ने को लेकर उपजी चिंता और अंतरराष्ट्रीय तनाव में बढ़ोतरी की वजह से निवेशक और सतर्क हो गए हैं इसलिए 2022 में भारत में निवेश माहौल नरम हुआ है।

### समाधान प्रक्रिया के समय को कम करने के लिए दिवाला कानून में संशोधन की तैयारी

**नई दिल्ली।** सरकार तनावग्रस्त संपत्तियों की समाधान प्रक्रिया में लगने वाले समय को कम करने के लिए दिवाला कानून में संशोधन करने की तैयारी कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।अधिकारी ने कहा कि समाधान प्रक्रिया में देर होने से इन संपत्तियों के मूल्य में गिरावट आ जाती है, जिसे रोकने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला संहिता (आईबीसी) में संशोधन प्रस्ताव को अगले साल की शुरुआत में संसद के बजट सत्र में पेश किए जाने की संभावना है। आईबीसी कानून को 2016 में तनावग्रस्त संपत्तियों के समाधान के लिए लागू किया गया था। कानून में संशोधन करने के लिए कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय का यह कदम विभिन्न पक्षों द्वारा जताई गई चिंताओं के बाद उठाया गया है। इन चिंताओं में कहा गया था कि कई कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रियाएं मुकदमों और अन्य मुद्दों के कारण निर्धारित समयसीमा से अधिक समय ले रही हैं। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि बैंकरों और वकीलों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ विचार-विमर्श चल रहा है और आने वाले हफ्तों में बदलावों को अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि समाधान प्रक्रिया को तेज करने और इसमें लगने वाले समय को कम करने पर ध्यान दिया जा रहा है।

### पेट्रोकेमिकल की वैश्विक मांग वृद्धि में भारत की हिस्सेदारी दस फीसदी होगी: पुरी

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि वैश्विक पेट्रोकेमिकल मांग में होने वाली वृद्धि में दस फीसदी योगदान भारत का होगा। हालांकि देश में प्रति व्यक्ति खपत विकसित देशों की तुलना में उल्लेखनीय रूप से कम है।तेल और गैस को दैनिक उपयोग की वस्तुएं मसलन प्लास्टिक, उर्वरक, पैकेजिंग, कपड़ा, डिजिटल उपकरण, चिकित्सा उपकरण, डिटर्जेंट या टायर में बदलने में इस्तेमाल होने वाले पेट्रोकैमिकल वैश्विक तेल खपत में बड़ी हिस्सेदारी रखते है। अंततराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के मुताबिक, 2050 तक तेल की मांग में होने वाली वृद्धि में इनकी हिस्सेदारी आधी से अधिक होगी। पुरी ने यहां सातवें पेट्रोकेमिकल सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, भारत में पेट्रोकेमिकल बाजार का मौजूदा आकार करीब 190 अरब डॉलर है जबकि इनकी प्रति व्यक्ति खपत विकसित अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बहुत कम है।

# अगले साल भी वृद्धि की रफ्तार बने रहने की वाहन उद्योग को उम्मीद

**भाषा। नई दिल्ली**

**कोविड-19** के आघात से उबरने के बाद भारतीय वाहन उद्योग ने नए उत्सर्जन एवं सुरक्षा मानकों की वजह से बढ़ती लागत और ब्याज दरों में हो रही बढ़ोतरी के बावजूद वर्ष 2023 में सतत विकास की रफ्तार बनाए रखने की उम्मीद लगाई हुई है।

कुछ दिनों में खत्म होने वाला साल 2022 भारतीय वाहन उद्योग के लिए बेहतरीन साबित हुआ है। आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं और सेमीकंडक्टर की कमी का असर होने के बावजूद वर्ष 2022 में यात्री वाहन (पीवी) खंड में रिकॉर्ड बिक्री दर्ज किए जाने की संभावना दिख रही है। लेकिन दोपहिया वाहनों की बिक्री में साल के अधिकांश समय तक उछाल नहीं देखी गई है।वाहन उद्योग के मुताबिक, इस साल यात्री वाहनों की बिक्री करीब 38 लाख इकाई तक पहुंच सकती है। तिपहिया और वाणिज्यिक वाहन खंड में भी पिछले साल की तुलना में अच्छी वृद्धि देखी गई है। वाहन विनिर्माता इस गति को अगले साल में भी जारी रखने के लिए उत्सुक होंगे। उद्योग पर्यवेक्षकों के मुताबिक, वर्ष 2023 में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में भी तेजी देखने को मिलेगी। वर्ष 2022 में भी इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में तेजी देखी गई है खासकर दोपहिया खंड में।हालांकि नए साल में वाहन खरीदने की इच्छा रखने वालों के लिए खबर शायद अच्छी न हो। इसकी वजह यह है कि अगले साल वाहन की कीमतें बढ़ने वाली हैं। कंपनियां एक अप्रैल, 2023 से सख्त उत्सर्जन मानदंडों के अनुरूप खुद को ढालने और प्रौद्योगिकी को अपनाने पर आने वाली लागत का बोझ खरीदारों पर ही डालेंगे।मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स और हुंदै जैसी कई कंपनियां पहले ही कह चुकी हैं कि वे जनवरी से कीमतें बढ़ाने जा रही हैं। इसके अलावा, बढ़ती ब्याज दरों और बिगड़ती वैश्विक आर्थिक स्थिति का आने वाले दिनों में भारत पर पड़ने वाला असर भी भारतीय वाहन उद्योग को सतर्क रहने को मजबूर किए हुए है। मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आर सी भार्गव ने कहा, "कीमत में वृद्धि का हमेशा बिक्री पर एक निश्चित नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। लेकिन हमें अभी नहीं मालूम है कि कीमतें कितनी बढ़ेंगी और इनपुट लागत और विदेशी मुद्रा विनिमय की क्या स्थिति होगी। ऐसी अनिश्चितताएं हमेशा बनी रहेंगी। हालांकि उन्होंने कहा कि घरेलू कार उद्योग में पिछले कुछ महीनों में नई जान आई है और सेमीकंडक्टर की किल्लत भी 2023 में समाप्त होने जा रही है। भार्गव ने कहा, "हमारा अनुमान होगा कि अगला साल शायद उद्योग के लिए काफी अच्छा साल होगा। हमें अगर 2022 से बेहतर नहीं तो कम-से-कम इतना अच्छा प्रदर्शन करना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि मारुति सुजुकी ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिए कारों, विशेष रूप से अधिक एसयूवी मॉडल पेश करती रहेगी।वाहन उद्योग के निकाय सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि यात्री वाहन उद्योग ने अप्रैल 2022 से ईंधन दक्षता नियमों के दूसरे चरण को अपनाया था।

# व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्धः सीतारमण



चेन्नई के कस्टम्स हाउस में नए कार्यालय वैगई की आधारशिला रखने के अवसर पर केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण

**भाषा। चेन्नई**

**केंद्रीय वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार सीमा-शुल्क विभाग के अधिकारियों और व्यापार समुदायों समेत प्रत्एक हितधारक के लिए व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।
सीतारमण ने यहां कस्टम्स हाउस में नए कार्यालय वैगई की आधारशिला रखने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि व्यापार से जुड़ी गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने पर सरकार काफी ध्यान दे रही है और इस दिशा में प्रगति भी देखी गई है। उन्होंने कहा कि नई इमारत के निर्माण के अलावा इन दिनों इस बात पर भी ध्यान दिया जा रहा है कि इमारतों को बिजली की कम खपत करने वाला कैसे बनाया जाए। सीतारमण ने कहा, एक समय था जब हम सोचते थे कि हमें कार्यालय अधिकारियों, कर्मचारियों और जरूरतों को देखते हुए बनाने हैं। आजकल हम देखते हैं कि हमारी इमारतें कैसे हरित और ऊर्जा की कम खपत करने वाली बनेंगी। उन्होंने कहा, आज जब हम कार्यालय बनाते हें तो आयात-निर्यात एजेंट, महिला अधिकारियों और उनके बच्चों को भी ध्यान में रखते हैं।

# दो साल बाद क्रिसमस-नए साल के मौके पर होटल, रिसॉर्ट के कमरे पूरी तरह बुक हुए

**भाषा। नई दिल्ली**

**घरेलू आतिथ्य** उद्योग इस बार क्रिसमस और नए साल के मौके पर भरपूर फायदा उठाने के लिए तैयार है। महामारी के चलते पिछले दो वर्षों में कारोबार बुरी तरह प्रभावित होने के बाद इस बार कई होटलों और रिसॉर्ट के कमरे पूरी तरह बुक हो गए हैं।

आतिथ्य कारोबार से जुड़े लोगों के मुताबिक इस बार गोवा, केरल और शिमला जैसे पारंपरिक लोकप्रिय स्थानों के अलावा लोनावाला, विशाखापट्टनम, धर्मशाला, उदयपुर, मनाली और गिर जैसे गंतव्यों के लिए अच्छी मांग देखी जा रही है। एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विजय दीवान ने ई-मेल के जवाब में पीटीआई-भाषा से कहा, साल के अंत में त्योहारी सीजन काफी सकारात्मक नजर आ रहा है और यह साल आतिथ्य क्षेत्र के लिए अब तक के सबसे अच्छे वर्षों में से एक होगा। महिंद्रा हॉलीडेज एंड रिसॉर्ट इंडिया लिमिटेड (एमएचआरआईएल) के प्रबंध निदेशक और सीईओ कविंदर सिंह ने कहा, वास्तव में यह 2020 के बाद पहला सही क्रिसमस और नया साल होगा... हमारे कुछ रिसॉर्ट में दिसंबर में एक भी कमरा उपलब्ध नहीं है, क्योंकि लोगों ने सभी को बुक कर लिया है। सिंह ने कहा कि लोग गोवा जैसे लोकप्रिय स्थलों के अलावा कूर्ग, गिर, शिमला और मनाली जा रहे हैं, जबकि कुछ सिंगापुर और दुबई जैसे स्थानों की यात्रा भी कर रहे हैं।

होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष के बी काचरू ने कहा कि कमरों की एडवांस बुकिंग बहुत तेज है और लोगों में काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि आगामी शादी के सीजन के लिए भी मांग में तेजी है।

# भारत, श्रीलंका अगले महीने कांकेसंतुरई से पुडुचेरी के बीच शुरू करेंगे नौका सेवा

**भाषा। कोलंबो**

**श्रीलंका और** भारत अगले महीने कांकेसंतुरई बंदरगाह और पुडुचेरी के बीच यात्री नौका सेवा शुरू करेंगे। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। समाचार पत्र कोलंबो पेज की एक रिपोर्ट के अनुसार श्रीलंका के बंदरगाह, नौवहन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री निमल सिरिपाल डी सिल्वा ने कहा कि अगले साल जनवरी के मध्य में यह नौका सेवा शुरू करने की व्यवस्था की गई है। इसके तहत जाफना में स्थित कांकेसंतुरई और पुडुचेरी के बीच नौका चलाई जाएगी। डेली मिरर के मुताबिक, डी सिल्वा ने कहा कि भारत सरकार ने भी इस नौका सेवा पर अपनी सहमति दे दी है। उन्होंने कहा, बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक जाफना में व्यावसायिक गतिविधियों में लगे हैं। इस तरह के संपर्क से विदेशी राजस्व में बढ़ोतरी होगी। इससे बौद्ध तीर्थयात्रियों को भी सुविधा होगी। मंत्री ने कहा कि दक्षिण भारत से श्रीलंका के त्रिंकोमाली और कोलंबो तक यात्री परिवहन सेवाएं भी शुरू की जाएंगी। उन्होंने बताया कि अब तक तलाइमन्नार और भारत के बीच नौका सेवा शुरू करने के बारे में कोई ठोस निष्कर्ष नहीं निकल पाया है।

### समाधान प्रक्रिया के समय को कम करने के लिए दिवाला कानून में संशोधन की तैयारी

**नई दिल्ली।** सरकार तनावग्रस्त संपत्तियों की समाधान प्रक्रिया में लगने वाले समय को कम करने के लिए दिवाला कानून में संशोधन करने की तैयारी कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।अधिकारी ने कहा कि समाधान प्रक्रिया में देर होने से इन संपत्तियों के मूल्य में गिरावट आ जाती है, जिसे रोकने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है।ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला संहिता (आईबीसी) में संशोधन प्रस्ताव को अगले साल की शुरुआत में संसद के बजट सत्र में पेश किए जाने की संभावना है। आईबीसी कानून को 2016 में तनावग्रस्त संपत्तियों के समाधान के लिए लागू किया गया था। कानून में संशोधन करने के लिए कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय का यह कदम विभिन्न पक्षों द्वारा जताई गई चिंताओं के बाद उठाया गया है। इन चिंताओं में कहा गया था कि कई कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रियाएं मुकदमों और अन्य मुद्दों के कारण निर्धारित समयसीमा से अधिक समय ले रही हैं।

# सितंबर तिमाही में सूक्ष्म वित्त कर्ज 11 फीसदी बढ़कर 71,916 करोड़ रुपए रहा

**भाषा। नई दिल्ली**

**देश में सूक्ष्म**-वित्त कर्ज चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में करीब 11 फीसदी बढ़कर 71,916 करोड़ रुपए हो गया जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 64,899 करोड़ रुपए था। उद्योग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशंस नेटवर्क (एमएफआईएन) की एमएफआईएन माइक्रोमीटर रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में कुल 1.81 करोड़ कर्ज आवंटित किए गए जबकि 2021-22 की दूसरी तिमाही में दिए गए कर्ज की संख्या 1.85 करोड़ थी। इस रिपोर्ट में कहा गया कि सितंबर 2022 के अंत तक देश का कुल सूक्ष्मवित्त कर्ज पोर्टफोलियो तीन लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा। ए कर्ज 6.2 करोड़

**● लघु वित्त बैंकों का कुल कर्ज आवंटन 50,029 करोड़ रुपए यानी कुल कर्ज का 16.6 फीसदी है**

कर्जदारों को 12 करोड़ कर्ज खातों में दिए गए। रिपोर्ट के मुताबिक, सूक्ष्म वित्त उद्योग का मौजूदा कुल सकल कर्ज पोर्टफोलियो 30 सितंबर 2022 तक 3,00,974 करोड़ रुपए रहा है जो पिछले वर्ष के 2,43,737 करोड़ रुपए की तुलना में सालाना आधार पर 23.5 फीसदी अधिक है। सूक्ष्म कर्ज आवंटन में से सर्वाधिक 37.7 फीसदी की हिस्सेदारी 13 बैंकों की है जिन्होंने।,13,565 करोड़ रुपए के कर्ज बांटे। दूसरे स्थान पर गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियां एवं सूक्ष्म वित्त संस्थान हैं जिन्होंने।,10,418 करोड़ रुपए का कर्ज दिया जो इस उद्योग के कुल कर्ज का 36.7 फीसदी है। लघु वित्त बैंकों का कुल कर्ज आवंटन 50,029 करोड़ रुपए यानी कुल कर्ज का 16.6 फीसदी है। रिपोर्ट में कहा गया कि समीक्षाधीन तिमाही में प्रति खाता औसत कर्ज वितरण 40,571 रुपए है और यह सालाना आधार पर 12 फीसदी अधिक है। सूक्ष्म वित्त के सक्रिय कर्ज खाते 30 सितंबर तक, बीते 12 महीनों में 14.2 फीसदी बढ़कर 12 करोड़ हो गए। सूक्ष्म-वित्त कर्ज वितरण के मामले में तमिलनाडु सबसे आगे रहा जिसके बाद बिहार और पश्चिम बंगाल का स्थान है। इस रिपोर्ट पर एमएफआईएन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं निदेशक आलोक मिश्रा ने कहा कि सूक्ष्म-वित्त की वृद्धि की रफ्तार और बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि अनुमानित कर्ज मांग 2025 तक 17-20 लाख करोड़ रुपए हो जाने का अनुमान है।

# प्रधानमंत्री चीन का नाम तक नहीं लेते, राजनाथ के बजाय उन्हें संसद में जवाब देना चाहिए: कांग्रेस

**दौसा (राजस्थान)।** कांग्रेस ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाया कि वह भारत-चीन सीमा पर स्थिति के बारे में संसद में चर्चा करने से भाग रहे हैं। विपक्षी दल ने कहा कि रक्षा मंत्री को नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री को इस मुद्दे पर जवाब देना चाहिए। कांग्रेस ने भारत चीन सीमा मुद्दे पर सरकार के समक्ष कुछ सवाल रखे और कहा कि देश इनका जवाब मांगने का हक रखता है। पार्टी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी चीन का नाम तक नहीं लेते। देश की सबसे पुरानी पार्टी ने यह भी सवाल किया कि क्या सरकार उस देश (चीन) के साथ अपने नजदीकी संबंधों के कारण खामोश है। अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़प के कुछ दिनों बाद सरकार पर यह प्रहार किया गया है।

एक बयान में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पूछा कि दो साल लंबे विराम के बाद तवांग के यांग्त्से क्षेत्र की भारतीय चौकियों पर कब्जा करने के लिए चीन को किस चीज ने उकसाया। वर्ष 1986 में सुमदोरोंग चू में हुए टकराव के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की ओर से सैनिकों की तैनाती के बाद से भारत का यांग्त्से क्षेत्र में दबदबा था। रमेश ने पूछा कि चीन ने नया मोर्चा खोलने की हिमाकत कैसे की?

भारत जोड़ो यात्रा के तहत सुबह की पदयात्रा के बाद यहां पत्रकार वार्ता में रमेश ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी 1988 में चीन गए थे, तब हम सीमाओं पर मजबूत स्थिति में थे तथा इस दौरे के बाद द्विपक्षीय संबंध और मजबूत हुए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि अप्रैल 2020 में यह सब खत्म हो गया और एक नया अध्याय खुल गया। उन्होंने दावा किया, (मौजूदा)प्रधानमंत्री ने उसे (चीन को) यह कहकर क्लीन चिट दे दिया कि कोई ना आया और ना ही कोई हमारे क्षेत्र के अंदर है। इस क्लीन चिट के कारण सौदेबाजी करने के लिहाज से हमारा पक्ष कमजोर हो गया। उन्होंने कहा कि संसद में इस (सीमा) मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए और प्रधानमंत्री को इस मुद्दे पर जवाब देने के साथ विपक्ष के साथ इस पर चर्चा करनी चाहिए। रमेश ने कहा, लोकसभा और राज्यसभा में चर्चा होनी चाहिए और इसमें प्रधानमंत्री को जवाब देना चाहिए, ना कि रक्षा मंत्री, या विदेश मंत्री को। कई पूर्व प्रधानमंत्रियों ने संसद में जवाब दिया है। वह (मोदी) पहले प्रधानमंत्री हैं जो चर्चा से भाग रहे हैं और वह चीन का नाम तक नहीं लेते। रमेश ने कहा, रणनीतिक रूप से इस अहम इलाके में भारतीय सैनिक कई सौ वर्ग किलोमीटर क्षेत्र तक पहुंचने में सक्षम नहीं है। इस बारे में प्रधानमंत्री मोदी का क्या कहना है? बढ़ते चीनी खतरे के बावजूद हमारी क्षमताओं में अब भी अहम अंतर क्यों है?

रमेश ने कहा, कुछ समय अपने आपने (मोदी) ने राष्ट्रपति शी चिनफिंग के प्रति भाईचारा और नजदीकी दिखाई थी और अपने संबंधों को प्लस-वन करार दिया था। आपने कहा था कि शी ने अध्ययन करके रखा था कि आखिर मोदी चीज क्या है। क्या चीन की नई आक्रामकता उस गहन अध्ययन का परिणाम है? क्या यह वही हो सकता है, जो आपने वर्ष 2013 में कहा था कि, समस्या सीमा पर नहीं है, समस्या दिल्ली में है। कांग्रेस महासचिव ने चीन पर चुप्पी तोड़ो, भारत जोड़ो का नारा लगाया। प्रेस वार्ता में कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने भी कहा कि प्रधानमंत्री चीन पर जवाब देने से इनकार करते हैं और चीन पर चर्चा नहीं चाहते।

## मोदी ने रूस-यूक्रेन युद्ध में मध्यस्थता की, पर महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद को नजरअंदाज कर रहे: राउत

**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक तरफ तो रूस-यूक्रेन युद्ध में मध्यस्थता करते हैं, दूसरी ओर वह महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद को पूरी तरह से नजरअंदाज कर रहे हैं, जो एक अच्छे नेता की निशानी नहीं है। राउत ने पार्टी के मुखपत्र सामना में प्रकाशित अपने साप्ताहिक स्तंभ रोकटोक में लिखा कि महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच सीमा विवाद दो राज्यों के लोगों एवं सरकारों के बीच लड़ाई नहीं, बल्कि मानवता के लिए संघर्ष है। भाषाई आधार पर राज्यों का पुनर्गठन किए जाने के बाद 1957 से सीमा विवाद का मुद्दा बरकरार है। महाराष्ट्र बेलगावी पर दावा करता है, जो तत्कालीन बॉम्बे प्रेसीडेंसी का हिस्सा था, क्योंकि यहां मराठी भाषी आबादी का एक बड़ा हिस्सा है। महाराष्ट्र 814 मराठी भाषी गांवों पर भी दावा करता है।



चण्डीगढ़ में तीन बार माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली हरियाणा पुलिस इंस्पेक्टर अनीता कुण्डू।

# देश की सुरक्षा में नौसेना की भूमिका बताने के लिए राजनाथ ने पुराणों का हवाला दिया

**मुंबई।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को देश की समुद्री सुरक्षा में भारतीय नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करने के लिए पुराणों का हवाला दिया। मुंबई में, निर्देशित मिसाइल से लैस विध्वंसक पोत मोरमुगाओ को नौसेना में शामिल करने के बाद अपने संबोधन में सिंह ने पुराणों (हिंदू धर्म ग्रंथ) का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पुराण केवल कल्पना मात्र हैं, लेकिन उनके पीछे जो सच है, वह हमारे लिए महत्वपूर्ण है।



रक्षा मंत्री ने कहा, मैं यह सब आपके समक्ष कह रहा हूं, क्योंकि पुराणों में समुद्र के महत्व का वर्णन है। शायद ही कोई कहानी हो, जिसमें समुद्र का वर्णन ना हो। पुराणों में कुछ स्थानों पर भगवान विष्णु के क्षीर सागर (दूध का सागर) का वर्णन है, कुछ स्थानों पर राक्षसों के अत्याचार के कारण धरती के समुद्र से आश्रय मांगने का जिक्र है। सभी लोग रामायण में समुद्र की भूमिका से भलीभांति परिचित होंगे। राजनाथ सिंह ने कहा कि वह समुद्र मंथन का उल्लेख करना चाहेंगे, जिसमें समुद्र से 14 रत्न निकले थे।

पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान विष्णु ने एक विशाल कछुए के रूप में अवतरित होकर समुद्र मंथन में देवों और राक्षसों की मदद की थी। उन्होंने कहा कि इन रत्नों में से एक देवी लक्ष्मी भी हैं, जिन्हें धन की देवी कहा जाता है। यही वजह है कि समुद्र समृद्धि और संपदा का स्रोत है। रक्षा मंत्री ने नौसैनिकों से कहा, आप हमारे समुद्र की रक्षा करते हैं, इसलिए आप देश की संपदा और समृद्धि की भी रक्षा करते हैं।

# विपक्ष कृषि संकट, निवेश के नुकसान को लेकर सरकार को घेरेगा: अजित पवार

**नागपुर।** महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अजित पवार ने रविवार को कहा कि विपक्ष सोमवार से शुरू हो रहे विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली राज्य सरकार को कृषि संकट और राज्य के हाथ से निवेश परियोजनाएं निकलने के मुद्दे पर घेरेगा। पवार ने यह भी कहा कि विपक्ष ने आज शाम मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा आयोजित की जाने वाली पारंपरिक चाय पार्टी का सर्वसम्मति से बहिष्कार करने का फैसला किया है। शिवाजी महाराज पर राज्यपाल बी.एस. कोश्यारी की टिप्पणी और कर्नाटक के साथ जारी सीमा विवाद जैसे अन्य मुद्दे भी शीतकालीन सत्र में हावी रहने की संभावना है। पूर्व उपमुख्यमंत्री पवार ने पत्रकार वार्ता में कहा, विपक्ष बड़े निवेश वाली परियोजनाओं के महाराष्ट्र की तुलना में अन्य राज्यों को तरजीह देने और कृषि संकट के मुद्दे पर सरकार को घेरेगा।

प्रेसवार्ता में पवार के साथ विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे (शिवसेना यूबीटी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले भी मौजूद थे। पवार ने कहा, राज्य सरकार को सत्ता में आए करीब छह महीने हो गए हैं, लेकिन वह लोगों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई है। वेदांता-फॉक्सकॉन के महत्वाकांक्षी सेमी कंडक्टर संयंत्र स्थापित करने के लिए गुजरात को चुनने के बाद से ही विपक्ष एकनाथ शिंदे-भाजपा सरकार को निशाना बना रहा है।

## महाराष्ट्र विधान परिषद के शीतकालीन सत्र में भाग लेंगे उद्धव ठाकरे: पवार

**नागपुर।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और विधान पार्षद उद्धव ठाकरे सोमवार से यहां शुरू हो रहे विधान परिषद के शीतकालीन सत्र में भाग लेंगे। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अजित पवार ने यह जानकारी दी। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) गुट के प्रमुख ठाकरे मुंबई में राज्य विधान परिषद के मॉनसून सत्र में शामिल नहीं हुए थे। पवार ने पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, उद्धव ठाकरे (महाराष्ट्र विधान परिषद के) शीतकालीन सत्र में मौजूद रहेंगे। इस साल जून में मुख्यमंत्री पद छोड़ने की घोषणा के बाद ठाकरे ने कहा था कि वह राज्य विधान परिषद की सदस्यता से भी इस्तीफा दे देंगे। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में कई विधायकों के विद्रोह के बाद ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार गिर गई थी। इसके बाद, शिंदे मुख्यमंत्री और भाजपा के नेता देवेंद्र फडणवीस उपमुख्यमंत्री बने थे।

# भारत की सरगम कौशल को मिसेज वर्ल्ड 2022 का ताज, 21 साल बाद भारत लौटा खिताब

भाषा। नई दिल्ली

**सरगम कौशल** ने मिसेज वर्ल्ड 2022 का खिताब जीता है, जो 63 देशों की प्रतियोगियों के बीच विजेता बनी हैं। यह खिताब 21 साल बाद भारत लौटा है। अमेरिका की मिसेज वर्ल्ड 2021 शायलिन फोर्ड ने शनिवार शाम वेस्टगेट लास वेगास रिजॉर्ट एंड कसीनो में आयोजित एक कार्यक्रम में मुंबई की कौशल को ताज पहनाया। मिसेज पोलिनेशिया को फर्स्ट रनर-अप (प्रथम उपविजेता) और उसके बाद मिसेज कनाडा को सेकेंड रनर-अप (दूसरी उपविजेता) घोषित किया गया। मिसेज इंडिया पेजेंट ने रविवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर विजेता की घोषणा की। पोस्ट में कहा गया, लंबा इंतजार खत्म हो गया है, 21 साल बाद हमारे पास खिताब वापस आ गया है।

कार्यक्रम के बाद एक वीडियो में जम्मू कश्मीर की रहने वाली मिसेज वर्ल्ड ने कहा, हमें 21-22 साल बाद ताज वापस मिला है। मैं बहुत उत्साहित हूं। लव यू इंडिया, लव यू वर्ल्ड।

वर्ष 2001 में मिसेज वर्ल्ड का खिताब जीतने वाली अदाकारा-मॉडल अदिति गोवित्रिकर ने भी मिसेज वर्ल्ड प्रतियोगिता के इंस्टाग्राम पेज पर एक बधाई संदेश साझा किया। सरगम कौशल को टैग करते हुए गोवित्रिकर ने लिखा, बहुत खुश हूं...सफर का हिस्सा बनने के लिए हार्दिक बधाई कौशल। ताज 21 साल बाद वापस आया है। अंतिम दौर के लिए, कौशल ने भावना राव द्वारा डिजाइन किया गया एक गुलाबी स्लिट चमकदार गाउन पहना था और प्रतियोगिता विशेषज्ञ और मॉडल एलेसिया राउत ने उनका मार्गदर्शन किया था। मिसेज वर्ल्ड विवाहित महिलाओं के लिए पहली सौंदर्य प्रतियोगिता है, जिसे 1984 में शुरू किया गया था।

## तेजस्वी यादव का बिहार जहरीली शराब त्रासदी की तुलना अन्य राज्यों से करना शर्मनाक: अनिल विज

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने रविवार को कहा कि बिहार के उपमुख्यमंत्री द्वारा अपने राज्य में जहरीली शराब से होने वाली मौतों की तुलना भाजपा शासित राज्यों में अन्य जहरीली शराब त्रासदियों से करना शर्मनाक है। विज ने कहा, बिहार के उपमुख्यमंत्री बहुत ही शर्मनाक बात कह रहे हैं। यदि आपने शराब पर प्रतिबंध लगा दिया है तो यह अच्छी बात है। यह आपकी जिम्मेदारी है कि किसी भी राज्य से आपके राज्य में आने वाली शराब को रोका जाए। वह हरियाणा और उत्तर प्रदेश से बिहार में की जाने वाली नकली शराब की आपूर्ति के मुद्दे पर तेजस्वी यादव के बयान के बारे में रविवार को गुरुग्राम में पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। विज ने कहा, आप कह रहे हैं कि आप अपनी जिम्मेदारी निभाने में असमर्थ हैं और पूरी तरह से विफल हैं तथा अपनी कमजोरियों को



पटना में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पटना सर्कल ने दिल्ली मुख्यालय को रानीवास मुंडी के संरक्षित करने का डोजियार भेजा गया।

# हिमाचल कांग्रेस में अंतर्कलह नहीं, मुख्यमंत्री पद के लिए होड़ थी: सुक्खू

**नई दिल्ली।** नवनियुक्त मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि कांग्रेस की हिमाचल प्रदेश इकाई के भीतर कोई अंतर्कलह नहीं है और मुख्यमंत्री पद के लिए होड़ थी, क्योंकि तीन-चार दावेदार थे। उन्होंने कहा कि अगर कुछ गलत होता, तो राजस्थान जैसी स्थिति हो जाती। उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस का कोई भी विधायक भाजपा में शामिल नहीं होगा और पार्टी की सरकार लोगों के वास्ते काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार मंत्रिमंडल की पहली बैठक में सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने के वादे को पूरा करेगी।

सुक्खू ने एक विशेष साक्षात्कार में कहा, हमने वित्त सचिव से बात की है। एक रणनीति के तहत हम जानते हैं कि हमें कहां से धन का सृजन करना है और हमें कहां निवेश करना है। हमने पुरानी पेंशन योजना शुरू करने पर काम किया है और हम इसे कैबिनेट की पहली बैठक में पेश करेंगे। अपने मंत्रिमंडल के विस्तार के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने कहा कि यह जल्द ही होगा। उन्होंने कुछ विधायकों द्वारा मंत्री पद के लिए लामबंदी किए जाने संबंधी खबरों का खंडन किया।

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने विधानसभा की 68 में से 40 सीट पर जीत दर्ज की है। पार्टी ने सुक्खू (58) को मुख्यमंत्री नियुक्त किया। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में पार्टी की राज्य इकाई की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और मुकेश अग्निहोत्री समेत कुछ अन्य दावेदार भी शामिल थे। हमीरपुर जिले के नदौन से चार बार के विधायक सुक्खू ने 11 दिसंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। अग्निहोत्री ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस की प्रदेश इकाई में अंदरूनी कलह की खबरों को खारिज किया, लेकिन स्वीकार किया कि मुख्यमंत्री पद के लिए होड़ थी।

# ईडी जांच : चुनाव नजदीक आने पर केंद्र की तरफ से ऐसी और कार्रवाई के लिए तैयार हूं: बघेल

**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से कथित कोयला लेवी घोटाले में जारी जांच और कुछ नौकरशाहों और कारोबारियों की गिरफ्तारी के बीच छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को इस कार्रवाई को बदले की राजनीति करार दिया। उन्होंने चुनाव नजदीक आने का जिक्र करते हुए कहा कि वह केंद्र की तरफ से ऐसे और कदम उठाए जाने को लेकर तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में किए गए कोई जारी नहीं करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि वह अपने राज्य के साथ इस तरह के अन्याय पर चुप नहीं रहेंगे।

गत 17 दिसंबर को सत्ता में चार साल पूरे करने वाले बघेल ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा कि उनकी सरकार की योजनाओं का लक्ष्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना और स्वरोजगार उत्पन्न करना है। हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि कई चुनावी वादे अभी पूरे किए जाने बाकी हैं। बघेल ने कहा, हम भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई का स्वागत करते हैं, लेकिन यह कार्रवाई राजनीति से प्रेरित हो, तो यह गलत है। अन्य राज्यों में मैंने जब भी चुनाव प्रचार किया, केंद्रीय एजेंसियों की ओर से छत्तीसगढ़ में छापेमारी की गई।

छत्तीसगढ़ में कोयला और खनन ट्रांसपोर्टरों से कथित तौर पर लेवी के रूप में धन उगाही से जुड़े धन शोधन के मामले में ईडी जांच कर रही है, जिसमें आईएएस अधिकारी समीर विश्नोई और मुख्यमंत्री कार्यालय के उपसचिव सौम्य चौरसिया शामिल हैं। बघेल ने कहा कि भाजपा की छत्तीसगढ़ के लोगों के बीच अब स्वीकार्यता नहीं रही। उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस सरकार के सुशासन के कारण अगले साल होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में नुकसान का अनुमान लगाकर भाजपा ने उनकी सरकार को बदनाम और परेशान करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का सहारा लिया है, लेकिन इस तरह का काम राजनीति में नहीं किया जाना चाहिए।

राज्य विधानसभा चुनाव की तरफ इशारा करते हुए बघेल ने कहा कि ए केंद्रीय जांच एजेंसियां आने वाले महीनों में और सक्रिय हो जाएंगी। उन्होंने दावा किया कि वह इसके लिए मानसिक रूप से तैयार हैं। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ मुखर रहे कांग्रेस के 61 वर्षीय तेजतर्रार नेता ने यह भी कहा कि उनके निजी तौर पर प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, वित्त मंत्री और रक्षा मंत्री समेत सभी केंद्रीय मंत्रियों से अच्छे संबंध हैं। बघेल ने कहा कि उनकी सरकार ने आम लोगों के हित में कृषि ऋण माफी, 2500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीद, ग्रामीण औद्योगिक पार्क और गोबर की खरीद जैसे कई कदम उठाए हैं।

# कर्मचारियों को लगातार मिल रही धमकियां सामान्य स्थिति के सरकार के दावों को झुठलाती हैं: कांग्रेस

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर कांग्रेस ने रविवार को कहा कि घाटी में कश्मीरी पंडितों के कर्मचारियों को हाल ही में मिली आतंकी धमकियां प्रदेश में सामान्य स्थिति के सरकार के दावों को झुठलाती हैं। आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से संबद्ध समूह द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) से जुड़े एक ब्लॉग द्वारा उन कश्मीरी पंडित कर्मचारियों की एक अलग सूची जारी की गई है, जिनकी भर्ती प्रधानमंत्री पुनर्वास पैकेज (पीएमआरपी) के तहत हुई थी। उन्हें धमकी दी गई है कि उनकी कॉलोनियों को कब्रिस्तान में बदल दिया जाएगा। सरकार ने हाल ही में संसद को सूचित किया था कि जम्मू-कश्मीर में अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद से और इस साल जुलाई के मध्य तक पांच कश्मीरी पंडित और 16 अन्य हिंदुओं तथा सिखों सहित 118 नागरिक मारे गए। सैकड़ों कश्मीरी पंडितों और अन्य आरक्षित श्रेणी के कर्मचारियों को मई में आतंकवादियों के डर से जम्मू जाना पड़ा। वे वर्तमान में कश्मीरी हिंदू कर्मचारियों को घाटी से बाहर स्थानांतरित करने की मांग को लेकर 200 से अधिक दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता दीपिका सिंह राजावत ने यहां संवाददाताओं से कहा, हाल ही में, टीआरएफ द्वारा हिट लिस्ट जारी की गई, हम उपराज्यपाल से यह बताने के लिए कह रहे हैं कि ए कर्मचारी ऐसी परिस्थितियों में अपने काम पर वापस कैसे जा सकते हैं? वह दिल्ली में अपने आकाओं के सामने सामान्य हालात की कहानी बताने के लिए, एक मिनट भी नहीं गंवाते हैं, लेकिन उनके झूठ का बुलबुला तब फूटता है जब ए सूचियां हर दूसरे दिन सामने आती हैं।

राजावत ने कहा कि उनकी पार्टी पूरी तरह से आश्वस्त है कि भाजपा और उपराज्यपाल प्रशासन ने इसे अहंकार का विषय बना लिया है क्योंकि उन्हें डर है कि अगर वे कर्मचारियों के दबाव के आगे झुक गए, तो उनकी सामान्य स्थिति का दिखावा सबके सामने आ जाएगा।

राजावत जो कि खुद भी एक कश्मीरी पंडित हैं, ने कहा, मैं उन्हें याद दिलाना चाहती हूं कि यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है बल्कि जीवन और मृत्यु का मामला है। हम पूरे देश में अपने राजनीतिकरण से तंग आ चुके हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि ऐसे कई कर्मचारी हैं जिन्हें किराए के आवास में रखा गया है और जिन पर आतंकवादियों के हमले का खतरा अधिक है। विरोध करने वाले कर्मचारियों का वेतन तत्काल जारी करने की मांग की और पहले से ही आतंकवादियों की धमकियों का सामना कर रहे इन कर्मचारियों को परेशान किए जाने की आलोचना की। उनके खिलाफ इस तरह के दबाव की रणनीति का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि इन कार्रवाइयों ने पहले से ही एक मानवीय प्रकृति के मुद्दे से निपटने में केंद्र शासित प्रशासन के असंवेदनशील और उदासीन रवैए को उजागर कर दिया है।

## असम सरकार ने गरीबी उन्मूलन योजना शुरू की

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) परिकल्पना को हकीकत में तब्दील करने की कोशिश करते हुए मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व वाली असम सरकार ने एक विशेष योजना ओरुनोदोई 2.0 शुरू की, जिसके तहत 10.54 लाख लाभार्थियों को हर महीने 1,250 रुपए दिए जाएंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस तरह, एक दिसंबर 2020 को शुरू की गई गरीबी उन्मूलन योजना के तहत लाभार्थियों की कुल संख्या बढ़कर अब लगभग 27 लाख हो जाएगी। ओरुनोदोई के तहत राशि प्रत्यक्ष लाभार्थी के बैंक खाते में आमतौर पर हर महीने की 10 तारीख तक अंतरित कर दी जाती है। यह वर्तमान में जारी असम सरकार की 18 प्रमुख योजनाओं में से एक है। शर्मा ने कहा, हमारी सरकार राज्य में लाखों की संख्या में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को आर्थिक और पोषण संबंधी सुरक्षा प्रदान कर रही है और राज्य की योजनाओं में सबसे महत्वपूर्ण योजना ओरुनोदोई रही है।

# लोंगेवाला चौकी के नायक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण अस्पताल में भर्ती

भारत-पाक युद्ध

**जोधपुर/नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच 1971 के युद्ध में असाधारण पराक्रम दिखाने वाले भैरों सिंह राठौड़ (81) स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं और उन्हें जोधपुर एम्स में भर्ती कराया गया है। राजस्थान की लोंगेवाला चौकी पर उनके द्वारा प्रदर्शित किए गए पराक्रम को बॉर्डर फिल्म में प्रदर्शित किया गया था। राठौड़ के बेटे सवाई सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि उनके पिता को युद्ध की 51वीं वर्षगांठ से दो दिन पहले 14 दिसंबर को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जोधपुर में भर्ती कराया गया, जब उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया और उनके शरीर के अंग पक्षाघात से प्रभावित जैसे प्रतीत हुए। सिंह ने कहा, चिकित्सकों ने हमें बताया कि मेरे पिता को संभवतः मस्तिष्काघात हुआ है। पिछले कुछ दिनों में उनका गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भी उपचार हुआ है। सिंह परिवार जोधपुर से करीब 120 किलोमीटर दूर सोलंकियातला गांव में रहता है।

राठौड़ को थार रेगिस्तान में लोंगेवाला चौकी पर तैनात किया गया था, जो बीएसएफ की एक छोटी टुकड़ी की कमान संभाल रहे थे, जिसके साथ सेना की 23 पंजाब रेजिमेंट की एक कंपनी थी। यह उन जांबाज जवानों की बहादुरी थी जिसने 5 दिसंबर, 1971 को इस स्थान पर एक हमलावर पाकिस्तानी ब्रिगेड और टैंक रेजिमेंट को ध्वस्त कर दिया था। सवाई सिंह के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ दिन पहले फोन पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सेवानिवृत्त लांस नायक राठौड़ को फोन किया था और उनसे कहा था कि 1971 के युद्ध में उनके योगदान के लिए राष्ट्र ऋणी है और देश उनके जल्द ठीक होने के लिए प्रार्थना कर रहा है। युद्ध के दौरान 14वीं बीएसएफ बटालियन में तैनात भैरों सिंह राठौड़ 1987 में सेवानिवृत्त हुए। सिंह ने कहा कि एम्स-जोधपुर ने पहले भी उनके पिता का उपचार किया था और इलाज का पूरा खर्च हमेशा की तरह सरकार उठा रही है। उन्होंने कहा, हालांकि, अस्पताल में उपलब्ध नहीं होने पर कभी-कभी मुझे बाजार से दवाएं लेनी पड़ती हैं।

बीएसएफ के अधिकारी और थार रेगिस्तान क्षेत्र में भारत-पाकिस्तान मोर्चे की रखवाली के लिए जिम्मेदार सेना के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) ने भी उनके स्वास्थ्य और उपचार के बारे में पूछताछ करने के लिए अस्पताल का दौरा किया है। लोंगेवाला चौकी पर 1971 के युद्ध के बारे में बीएसएफ के रिकॉर्ड के अनुसार, जब पंजाब रेजिमेंट के 23 जवानों में से एक मारा गया, तो लांस नायक भैरों सिंह ने अपनी लाइट मशीन गन उठा ली और आगे बढ़ते दुश्मन पर ताबड़तोड़ हमले कर उन्हें गहरा नुकसान पहुंचाया। आधिकारिक रिकॉर्ड में कहा गया है, यह केवल उनका साहस और करो या मरो का दृढ़ संकल्प था, जिससे उस दिन जीत हुई और लांस नायक भैरों सिंह चौकी पर अपने अन्य साथियों के लिए एक महान प्रेरणा बन गए।

भैरों सिंह राठौड़ की दिखाई वीरता के लिए उन्हें 1972 में सेना पदक मिला। राठौड़ को कई अन्य सैन्य सम्मानों और असैन्य पुरस्कारों और से भी सम्मानित किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले साल दिसंबर में जैसलमेर में राठौड़ से मुलाकात की थी, जब वह बीएसएफ के स्थापना दिवस समारोह के लिए सीमावर्ती शहर गए थे। वर्ष 1997 में रिलीज हुई फिल्म बॉर्डर में भैरों सिंह राठौड़ की भूमिका सुनील शेट्टी ने निभाई थी। रुपहले पर्दे पर तो भैरों सिंह (शेट्टी) शहीद हो गए थे, लेकिन असली बीएसएफ जवान और उसकी हिम्मत, शौर्य और बहादुरी की विरासत जीवित है। सवाई सिंह ने कहा, मेरे पिता साधारण व्यक्ति हैं। जब लोग उनसे पूछते हैं तो वह 1971 के युद्ध की कहानी सुनाते हैं। उन्हें केवल 12,000 रुपए की मासिक पेंशन और उन्हें दिए गए बहादुरी पदक के लिए 2,000 रुपए भत्ता मिलता है...अधिकारियों को उनकी स्थिति के बारे में पता है...हमें उम्मीद है कि वे हमारी मदद करेंगे।

# मेस्सी सबसे ज्यादा विश्व कप खेलने वाले खिलाड़ी बने

**भाषा।** दोहा

**अर्जेंटीना के** दिग्गज लियोनेल मेस्सी फ्रांस के खिलाफ रविवार को फाइनल मुकाबले में उतरने के साथ ही फुटबॉल विश्व कप में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए है।


वार्म अप होते मेस्सी


फाइनल से पहले रंगारंग कार्यक्रमों से सजा स्टेडियम


वार्म अप होते एमबापे

## फुटबॉल विश्व कप में 20 से सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की सूची

1. **लियोनेल मेसी**, अर्जेंटीना (2006-22) - 26 मैच
2. **लोथर मथाउस,** जर्मनी (1982-98) - 25 मैच
3. **मिरोस्लाव क्लोज़,** जर्मनी (2002-14) - 24 मैच
4. **पाओलो मालदिनी,** इटली (1990-2002) - 23 मैच
5. **क्रिस्टियानो रोनाल्डो,** पुर्तगाल (2006-22)- 22 मैच
6. **उवे सीलर,** पश्चिम जर्मनी (1958-70) - 21 मैच
7. **व्लादिस्लाव** जमुदा, पोलैंड (1974-86)- 21 मैच
8. **डिएगो माराडोना,** अर्जेंटीना (1982-94)- 21 मैच



## विश्व कप के बाद भी इंग्लैंड की टीम से जुड़े रहेंगे साउथगेट

**दोहा।** इंग्लैंड के कोच गैरेथ साउथगेट ने पुष्टि की है कि वह फुटबॉल विश्व कप के बाद भी टीम के साथ जुड़े रहेंगे। साउथगेट ने विश्व कप क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के खिलाफ शिकस्त के बाद कहा था कि उन्हें अपने भविष्य पर विचार करने के लिए समय चाहिए। साउथगेट ने हालांकि अपने पद को लेकर बनी अनिश्चितता को खत्म करते हुए फुटबॉल एसोसिएशन (एफए, इंग्लैंड का फुटबॉल महासंघ) को 2024 में यूरोपीय चैंपियनशिप में टीम का मार्गदर्शन करने की अपनी इच्छा से अवगत कराया है। एफए ने रविवार को बयान में कहा, हमें यह पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है कि गैरेथ साउथगेट इंग्लैंड के मैनेजर के पद पर बने रहेंगे और यूरो 2024 में टीम के अभियान की अगुआई करेंगे। गैरेथ और स्टीव हौलेंड को हमेशा हमारा पूर्ण समर्थन मिलेगा और यूरो के लिए हमारी तैयारी अभी शुरू होगी। इंग्लैंड को कतर में चल रहे विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में गत चैंपियन फ्रांस के खिलाफ।-2 से हार झेलनी पड़ी थी। साउथगेट का अनुबंध दिसंबर 2024 तक है लेकिन इस हार के बाद उन्होंने कहा था कि उन्हें नहीं लगता कि यह करार पूरा होगा।

## चैम्पियन को मिलें चार करोड़ 20 लाख डॉलर

**दोहा।** विश्व कप चैम्पियन टीम को चार करोड़ 20 लाख रूपए अपने फुटबॉल महासंघ के लिए मिलेंगे। वहीं फ्रांस और अर्जेंटीना के बीच फाइनल में हारने वाली टीम को तीन करोड़ डॉलर दिए जाएंगे। फ्रांस ने 2018 में विश्व कप जीता था तब ईनामी राशि तीन करोड़ 80 लाख डॉलर थी। सारी रकम खिलाड़ियों को नहीं मिलती लेकिन अधिकांश हिस्सा उन्हें मिलता है। फ्रांस के खेल दैनिक ला एकिप के अनुसार फ्रांस के जीतने पर काइलियान एमबाप्पे जैसे स्टार खिलाड़ी को 586000 डॉलर बोनस मिलेगा। तीसरे स्थान की टीम क्रोएशिया को दो करोड़ 70 लाख डॉलर मिले जबकि चौथे स्थान पर रही मोरक्को को ढाई करोड़ डॉलर दिए गए।

## प्रशंसकों की नजर में चैंपियन है मोरक्को

**बेरूत।** मोरक्को की तीसरे स्थान के लिए खेले गए मैच में क्रोएशिया से 2-।की हार से प्रशंसक भले ही थोड़ा निराश हैं लेकिन उनकी नजर में अफ्रीका महाद्वीप कि यह टीम किसी चैंपियन से कम नहीं है। मोरक्को ने सेमीफाइनल में पहुंचकर पहले ही इतिहास रच दिया था। वह विश्वकप के अंतिम चार में जगह बनाने वाली अफ्रीका महाद्वीप और अरब देशों में पहली टीम है। प्रशंसकों को उम्मीद थी कि मोरक्को अपना करिश्माई प्रदर्शन जारी रखकर छुपा रुस्तम निकलेगा और चैंपियन बनने में सफल रहेगा। उनकी उम्मीदों पर सेमीफाइनल में फ्रांस ने पानी फेरा लेकिन इसके बावजूद प्रशंसक निराश नहीं हुए थे क्योंकि उन्हें आशा थी कि मोरक्को तीसरे स्थान के मैच में क्रोएशिया को हराने में सफल रहेगा। क्रोएशिया से हार के बाद मोरक्को की राजधानी में प्रशंसक निराश थे लेकिन उन्हें गर्व था कि उनकी टीम इतिहास रखने में सफल रही। रबात में एक प्रशंसक सोउकाइना मकोइ ने कहा, वह हमारी नजर में अब भी चैंपियन है। एक अन्य प्रशंसक अली हचीमी के चेहरे पर निराशा के साथ खुशी के भाव भी स्पष्ट नजर आ रहे थे। हमारी टीम विश्व की चोटी की चार टीमों में शामिल है। अच्छा होता कि हमारी टीम तीसरे नंबर पर रहती क्योंकि खिलाड़ी इतना अच्छा प्रदर्शन करने के बाद इसके हकदार थे।

## भारत क्रिकेट का आध्यात्मिक घर है, डब्ल्यूआईपीएल अगला मोर्चा: पैरी

**मुंबई।** भारत को विश्व क्रिकेट का आध्यात्मिक घर बताते हुए ऑस्ट्रेलिया की स्टार ऑलराउंडर एलिस पैरी ने कहा कि अगले साल मार्च में होने वाला महिला आईपीएल (डब्ल्यूआईपीएल) महिलाओं के खेल का अगला मोर्चा होगा। अस्थाई तौर पर डब्ल्यूआईपीएल को मार्च 2023 में आयोजित करने की योजना है और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में 2023-2027 की अवधि के लिए टूर्नामेंट के मीडिया अधिकार देने के लिए निविदा जारी की थी। पैरी ने शनिवार को यहां चौथे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में ऑस्ट्रेलिया की भारत पर सात रन की जीत के बाद कहा, (महिला) आईपीएल शानदार होने वाला है। जबरदस्त (इसे लेकर उत्साहित हूं)। महिलाओं के खेल के लिए अगला मोर्चा। उन्होंने कहा, हमने देखा है कि डब्ल्यूबीबीएल (महिला बिग बैश लीग) ने ऑस्ट्रेलिया में महिला क्रिकेट के लिए क्या किया है, इंग्लैंड में द हंड्रेड और अगला कदम भारत में महिला आईपीएल है जो क्रिकेट का आध्यात्मिक घर है। भारत में क्रिकेट की दीवानगी के बारे में बात करते हुए आस्ट्रेलिया की 32 वर्षीय दिग्गज ने कहा, कभी भी भीड़ को मोबाइल को बाहर निकालकर फ्लैश लाइट चालू करके किसी टीम का समर्थन करते हुए नहीं देखा जैसा उन्होंने भारतीय पारी के दौरान किया। मेरे लिए यह आश्चर्यजनक था।ऑस्ट्रेलिया की ओर से 2007 में पदार्पण के बाद 10 टेस्ट, 128 वनडे और 130 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाली पैरी ने कहा कि जैसे-जैसे खेल विकसित होता है ।

## बार्सोटन, जीसा ने जीती कोलकाता 25के मैराथन

**कोलकाता।** कीनिया के लियोनार्ड बार्सोटन और इथियोपिया में रहने वाली बहरीन की एथलीट डेसी जीसा ने रविवार को यहां नए कोर्स रिकॉर्ड के साथ टाटा स्टील कोलकाता 25के (25 किमी) मैराथन में क्रमश: पुरूषों और महिलाओं का खिताब जीता। बार्सोटन ने 25 किमी में अपने खिताब का शानदार तरीके से बचाव किया और 2019 में बनाए गए अपने रिकॉर्ड को तोड़ा। उन्होंने एक घंटा, 12 मिनट और 49 सेकंड में यह दूरी पूरी की। इस एथलीट ने 2019 में एक घंटा, 13 मिनट और पांच सेकंड का समय लेकर जीत हासिल की थी।

## तीन स्वर्ण पदक विजेता विनय बोस सम्मानित

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन लखनऊ के विनय बोस ने हाल ही में हुई द्वितीय राष्ट्रीय फिन स्विमिंग चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीते थे। इस उपलब्धि के बाद विनय बोस को मंडल मंत्री अवधेश दुबे एवं शाखा सचिव विवेक यादव द्वारा मंडल कार्यालय चारबाग लखनऊ में सम्मानित किया गया। शनिवार को हुए समारोह में रामकुमार मौर्य, एल रहमान, राजेश यादव, दीनानाथ यादव व अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे। विनय बोस ने गत नौ से 11 दिसंबर तक आयोजित राष्ट्रीय फिन स्विमिंग चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक 50 मी. सरफेस मोनोफिन, 50 मी.बाई फिन और 50 मी.एपीएनईए मोनोफिन मास्टर वी टू पुरुष में जीते थे।

## गाबा की पिच पर नहीं हुआ बराबरी का मुकाबला: डीन

**ब्रिसबेन।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर ने दो दिनों के भीतर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरुआती टेस्ट हारने के बाद गाबा पिच की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें जरूरत से ज्यादा नमी थी जिस कारण बराबरी का मुकाबला नही हो सका। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच श्रृंखला का पहला टेस्ट मैच सिर्फ दो दिन चला और इस दौरान 34 विकेट गिरे। दक्षिण अफ्रीका ने दो पारियों में क्रमश: 152 और 99 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट से मैच अपने नाम किया। एल्गर ने मैच के बाद कहा, अब भी यही सोच रहा हूं कि इस मैच में क्या हुआ। विकेट से गेंदबाजों को काफी अधिक मदद मिल रही थी।

## दूसरे टेस्ट में विशुद्ध बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं शाकिब

**चटगांव।** बांग्लादेश के मुख्य कोच रसेल डोमिंगो ने संकेत दिया है कि कप्तान शाकिब अल हसन अगले सप्ताह भारत के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट में विशुद्ध बल्लेबाज के रूप में खेल सकते है। बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर शाकिब ने भारत की पहली पारी के दौरान केवल 12 ओवर फेंके और पसली तथा कंधे की समस्याओं के कारण दूसरे पारी में एक भी ओवर नहीं फेंका। बांग्लादेश की दूसरी पारी में उनके 84 रन टीम के सकारात्मक पहलुओं में से एक था। मेजबान टीम को पहले टेस्ट में 188 रन से हार का सामना करना पड़ा। डोमिंगो ने कहा, वह एक बल्लेबाज (केवल) के रूप में खेल सकता था।

# कुलदीप के कमाल से पहला टेस्ट भारत ने जीता

**● बांग्लादेश को 188 रन से हराया**

**भाषा।** चटगांव



**बाएं हाथ** के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसके दम पर भारत ने बांग्लादेश को दूसरी पारी में जल्दी समेटकर पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवें दिन रविवार को यहां 188 रन से बड़ी जीत दर्ज की। भारत को पांचवें और अंतिम दिन जीत के लिए केवल चार विकेट लेने की जरूरत थी और उसने 11.2 ओवर में ही बाकी बचे विकेट हासिल कर दिए। बांग्लादेश की टीम ने सुबह छह विकेट पर 272 रन से आगे खेलना शुरू किया और उसकी पूरी टीम 324 रन पर आउट हो गई। कुलदीप ने बाकी बचे चार विकेटों में से दो विकेट हासिल किए जबकि मोहम्मद सिराज और अक्षर पटेल ने एक-एक विकेट लिया। कुलदीप ने पहली पारी में पांच विकेट हासिल किए थे जबकि दूसरी पारी में उन्होंने तीन विकेट लिए। इस तरह से उन्होंने मैच में 113 रन देकर आठ विकेट अपने नाम दर्ज किए जो कि उनका किसी एक टेस्ट मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। कुलदीप ने भारत की जीत के बाद कहा, मुझे कूकाबुरा गेंद से गेंदबाजी करना पसंद है क्योंकि इससे मैं एसजी गेंद की तुलना में बेहतर ग्रिप और नियंत्रण बनाता हूं। उन्होंने कहा, जब मैं क्रिकेट नहीं खेल रहा होता हूं तो यह काफी चुनौतीपूर्ण होता है लेकिन इस बीच मैंने सीमित ओवरों के कई मैच खेले। मैं आईपीएल में खेला और भारत ए की तरफ से मैंने लाल गेंद से गेंदबाजी की। इस तरह से मैं लय में था। कुलदीप को बाएं हाथ के स्पिनर पटेल का अच्छा साथ मिला जिन्होंने दूसरी पारी में 77 रन देकर चार विकेट लिए। इस जीत से भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। उसने श्रीलंका को पीछे छोड़ा जो अब चौथे स्थान पर खिसक गया है। भारत के अब 87 अंक हो गए हैं और उसका प्रतिशत (पीसीटी) 55.77 है जबकि श्रीलंका के 64 अंक हैं और उसका पीसीटी 53.33 है। ऑस्ट्रेलिया 75 पीसीटी के साथ तालिका में शीर्ष पर है। उसके बाद दक्षिण अफ्रीका का नंबर आता है जिसका पीसीटी 60 है। बांग्लादेश ने अपने कल के स्कोर छह विकेट पर 272 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। कप्तान शाकिब अल हसन ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया क्योंकि वह जानते थे कि पूरे दिन बल्लेबाजी करना मुश्किल है। उन्होंने 108 गेंदों का सामना करके 84 रन बनाए जिसमें छह चौके और इतने ही छक्के भी शामिल हैं। कप्तान के रूप में पहला टेस्ट मैच जीतने वाले केएल राहुल ने सिराज (67 रन देकर एक विकेट) और पटेल के रूप में तेज और स्पिन आक्रमण के साथ शुरुआत की। मेहदी हसन मिराज (13) ने दिन के पहले ओवर में ही सिराज पर कवर क्षेत्र में चौका लगाया जबकि दूसरी तरफ शाकिब ने अपने पटेल पर चौका लगाकर इरादे जतला दिए थे। हालांकि सिराज के अगले ओवर में मेहदी हसन ढीला शॉट खेलकर उमेश यादव को कैच दे बैठे। शाकिब ने पटेल पर सीधा छक्का जड़कर टेस्ट क्रिकेट में अपना 30वां अर्धशतक पूरा किया। शाकिब ने इसके बाद भी कुछ अच्छे शॉट खेले लेकिन राहुल ने ऐसे समय में कुलदीप को गेंद थमाई जिन्होंने लगातार ओवरों में विकेट लिए जबकि एक अन्य विकेट पटेल ने हासिल किया। कुलदीप ने पहले शाकिब को क्लीन बोल्ड किया जो कि एक्स्ट्रा कवर पर स्वीप करने के प्रयास में चूक गए थे। कुलदीप ने इसके बाद इबादत हुसैन को श्रेयस अय्यर के हाथों कैच कराया।

### स्कोरबोर्ड

भारत पहली पारी : 404 रन, बांग्लादेश पहली पारी : 150 रन, भारत दूसरी पारी : दो विकेट पर 258 रन पर समाप्त घोषित,बांग्लादेश दूसरी पारी : हुसैन शंटो का पंत बो उमेश यादव 67,जाकिर हसन का कोहली बो अश्विन 100,अली बो पटेल 05, लटन दास का उमेश यादव बो कुलदीप 19, रहीम बो पटेल 23,शाकिब बो कुलदीप 84, नुरूल स्टं पंत बो पटेल 03,मेहदी मिराज का उमेश बो सिराज 13,इस्लाम बो पटेल 04,हुसैन का अय्यर बो कुलदीप 00,अहमद नाबाद 00,अतिरिक्त : 06,कुल योग : (113.2 ओवर में सभी आउट) 324,विकेट पतन :।-124, 2-131, 3-173, 4-208, 5-234, 6-238, 7-283, 8-320, 9-324, गेंदबाजी : सिराज 19-4-67-।,उमेश 15-3-27-।,अश्विन 27-3-75-।,पटेल 32.2-10-77-4,कुलदीप 20-3-73-3


# ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को दो दिन के भीतर छह विकेट से हराया

**भाषा।** ब्रिसबेन



**ऑस्ट्रेलिया के** गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजी को दूसरी पारी में भी ध्वस्त करते हुए पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे ही दिन रविवार को यहां छह विकेट की जीत के साथ तीन मैच की श्रृंखला में।-0 की बढ़त बनाई। मैच में ऑस्ट्रेलिया की जीत के दौरान दो दिन में 34 विकेट गिरे। गाबा में तेज गेंदबाजों की अनूकुल घास से भरी पिच पर दूसरे दिन भी विकेटों का पतझड़ लगा रहा। दूसरे दिन लंच से पूर्व ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 218 रन पर सिमट गई जिससे टीम ने 66 रन की बढ़त हासिल की। दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी भी सिर्फ 99 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया को 34 रन का लक्ष्य मिला जो उसने चार विकेट पर 35 रन बनाकर हासिल कर लिया। मार्नस लाबुशेन (नाबाद 05) और कैमरन ग्रीन (नाबाद 00) की मौजूदगी में ऑस्ट्रेलिया ने आठवें ओवर की अंतिम गेंद पर लक्ष्य हासिल किया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से दूसरी पारी में चारों विकेट कागिसो रबादा (13 रन पर चार विकेट) ने हासिल किए। पहली पारी में भी रबादा ने 76 रन देकर चार विकेट चटकाए। उन्हें मार्को जेनसन (32 रन पर तीन विकेट) का अच्छा साथ मिला। जेनसन ने सुबह के सत्र में ग्रीन (18) को स्लिप में सारेल इर्वी के हाथों कैच कराया। तीन गेंद बाद जेनसन ने ट्रेविस हेड (92) को विकेटकीपर काइल वेरेन के हाथों कैच कराया। हेड ने 96 गेंद की अपनी पारी में 13 चौके और एक छक्का मारा। लुंगी एनगिडी (35 रन पर एक विकेट) ने मिशेल स्टार्क (14) को अपनी ही गेंद पर लपका जिसके बाद रबादा ने कप्तान पैट कमिंस और नाथन लियोन को खाता खोले बिना पवेलियन भेजकर ऑस्ट्रेलिया की पारी का अंत किया।

# दूसरे टेस्ट में रोहित की उपलब्धता के बारे में एक या दो दिन में पता चलेगा: राहुल



**भाषा।** चटगांव

**भारत के** कार्यवाहक कप्तान लोकेश राहुल ने रविवार को कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ मीरपुर में 22 दिसंबर से शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट के लिए चोटिल रोहित शर्मा की उपलब्धता के बारे में अगले एक या दो दिन में पता चलेगा। रोहित शर्मा ने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के शुरुआती दो मैच में भारत की अगुआई की थी लेकिन सात दिसंबर को मीरपुर में दूसरे मैच में बाएं हाथ के अंगूठे में चोट लगने के कारण वह पहले टेस्ट से बाहर हो गए जिसे राहुल की कप्तानी में मेहमान टीम ने रविवार को 188 रन से जीता। रोहित इसके बाद उपचार के लिए स्वदेश लौटे और अभिमन्यु ईश्वरन को उनके विकल्प के तौर पर टीम में शामिल किया गया। राहुल ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, रोहित की स्थिति के बारे में हमें अलग एक या दो दिन में पता चल पाएगा, यहां तक कि मुझे भी इसकी जानकारी नहीं है। राहुल ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में जीत को संपूर्ण प्रदर्शन करार देते हुए कहा कि टीम ने सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन किया और एक इकाई के रूप में खेली। उन्होंने कहा, सब कुछ शानदार रहा। हमने वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की, वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की। क्षेत्ररक्षण में भी हमने अधिकांश कैच लिए। इसी तरह से आप टेस्ट मैच जीतते हैं। केवल एक या दो लोग मैच नहीं जिता सकते, सभी प्रारूपों में ऐसे ही होता है। राहुल ने कहा, कुलदीप (यादव), (मोहम्मद) सिराज ने (बांग्लादेश की) पहली पारी में काफी अच्छी गेंदबाजी की जबकि अन्य गेंदबाजों ने उनका अच्छा साथ निभाया। दूसरी पारी में, अक्षर (पटेल) ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की लेकिन कुलदीप और ऐश (रविचंद्रन अश्विन) ने दबाव बनाए रखा। उमेश (यादव) और सिराज ने वास्तव में कुछ अच्छे स्पैल फेंके। उन्होंने रन नहीं दिए और कई बार गेंद बल्ले के करीब से निकली लेकिन दुर्भाग्यशाली रहे। उन्होंने कहा, सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया और एक टीम के रूप में हम यही करना चाहते थे। अच्छा प्रदर्शन करने वालों को अन्य लोगों से समर्थन मिला। राहुल ने कहा कि टीम की संस्कृति सामूहिक जरूरतों के बारे में है ना कि व्यक्तिगत उपलब्धियों के बारे में। उन्होंने कहा, आपने 50 टेस्ट मैच खेले हैं या आप अपना पहला या दूसरा मैच खेल रहे हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। राहुल ने कहा कि बांग्लादेश को पहली पारी में 150 रन पर समेटने से भारत के लिए मैच की दिशा तय हो गई थी। उन्होंने कहा, इससे हमें मैच जीतने के लिए काफी समय मिल गया। अगर बांग्लादेश ने पहली पारी में 350 रन बना लिए होते तो मैच ड्रॉ हो सकता था।

## हमने इस जीत के लिए कड़ी मेहनत की

**चटगांव।** भारतीय कप्तान केएल राहुल ने बांग्लादेश के खिलाफ रविवार को यहां पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में 188 रन से बड़ी जीत दर्ज करने के बाद कहा कि टीम ने इस जीत के लिए कड़ी मेहनत की। भारत को दो मैचों की श्रृंखला में।-0 से बढ़त हासिल करने के लिए पांचवें दिन केवल चार विकेट लेने की जरूरत थी और उसने सुबह के सत्र में पहले घंटे में बाकी बचे विकेट हासिल करके जीत दर्ज की। भारत ने यह बड़ी जीत जाकिर हुसैन (100) और नजमुल हुसैन शंटो (67) के बीच पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी के बावजूद हासिल की। राहुल ने मैच के बाद कहा, यह बेहद कड़ा मैच था और हमें जीत के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत करनी पड़ी। वास्तव में मुझे खुशी है कि हमने ऐसा किया। पिच सपाट थी लेकिन हम इससे चिंतित नही थे। ऐसा लग रहा था कि इस पिच पर बल्लेबाजी करना आसान है लेकिन पहले तीन दिन रन बनाना आसान नही था। जिस तरह से बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों ने बल्लेबाजी की, उसको देखकर हमने कड़ी मेहनत की।

# ब्रूक का शतक, इंग्लैंड ने पहली पारी में हासिल की बढ़त

**भाषा।** कराची

**हैरी ब्रूक** के लगातार तीसरे टेस्ट मैच में शतक और पुछल्ले बल्लेबाजों के योगदान ने इंग्लैंड ने शुरुआती झटकों से उबर कर पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन रविवार को यहां अपनी पहली पारी में 354 रन बनाकर 50 रन की बढ़त हासिल की। स्टंप्स के समय पाकिस्तान ने बिना किसी नुकसान के 21 रन बना लिए। अब्दुल्ला शफीक 14 और शान मसूद तीन रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 304 रन बनाए थे। यार्कशर के रहने वाले 23 वर्षीय ब्रूक ने 150 गेंदों पर आठ चौके और तीन छक्के की मदद से नाबाद 111 रन बनाए। ब्रूक ने इससे पहले रावलपिंडी और मुल्तान में खेले गए पहले दो टेस्ट मैचों में भी शतक लगाए थे। उन्होंने चाय के विश्राम से ठीक पहले स्पिनर अबरार अहमद पर कवर क्षेत्र में चौका जड़कर अपना तीसरा शतक पूरा किया। श्रृंखला में अपना पहला मैच खेल रहे हैं विकेटकीपर बल्लेबाज वेन फोक्स ने ब्रूक का अच्छा साथ दिया। यह दोनों बल्लेबाजों ने छठे विकेट के लिए 117 रन की साझेदारी की। फोक्स ने 121 गेंद की पारी में छह चौके की मदद से 64 रन बनाए। जब वह नौ रन पर खेल रहे थे तब मैदानी अंपायर जोएल विलसन ने उन्हें कैच आउट दे दिया था लेकिन तीसरे अंपायर ने फैसला पलट दिया।



## हॉकी इंडिया ने नेशन्स कप विजेता भारतीय महिला टीम को नकद पुरस्कार देने की घोषणा की

**भाषा।** नई दिल्ली

**हॉकी इंडिया** ने नेशन्स कप फाइनल में स्पेन को हराकर खिताब जीतने वाली भारतीय महिला टीम की प्रत्एक खिलाड़ी को दो-दो लाख रुपए का नकद इनाम देने की घोषणा की है। देश में इस खेल की शासी निकाय ने भारतीय सहायक स्टाफ के प्रत्एक सदस्य के लिए एक लाख रुपए की भी घोषणा की। भारतीय टीम ने पहली बार आयोजित इस टूर्नामेंट के फाइनल में शनिवार को वेलेंसिया में स्पेन पर।-0 की जीत दर्ज की। इस जीत से भारतीय टीम ने 2023-24 प्रो लीग में अपनी जगह पक्की कर ली। हॉकी इंडिया ने ट्विटर पर लिखा, हॉकी इंडिया ने एफआईएच हॉकी नेशन्स कप 2022 में विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों के लिए दो-दो लाख रुपए के पुरस्कार की घोषणा की है, साथ ही सभी सहायक कर्मचारियो को एक-एक लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा। सभी को बधाई।

## बच्चों ने दिखाया दम

**लखनऊ।** गुरुकुल एकेडमी में दो साल बाद हुए खेल दिवस में विद्यालय के बच्चों ने अपने पूरे दमखम से अपने-अपने स्पर्धाओं में जीत हासिल की।